# Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

*विषय–वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य*
*स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी करेंट अफेयर्स टीम*

## मई : 2026

**CURRENT AFFAIRS (May-2026)**
**PUBLISHER**
**MAHECHA PUBLICATION**
**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**
**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

***The Notes Hub***
**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA
PUBLICATION

# विषय–सूची


| विषय–वस्तु | पृष्ठ–संख्या |
|---|---|
| 1. राजस्थान–समसामयिकी | 1-20 |
| 2. राष्ट्रीय–समसामयिकी | 21-45 |
| 3. अंतर्राष्ट्रीय–समसामयिकी | 46-61 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 62-75 |
| 5. खेल–समसामयिकी | 76-95 |
| 6. महत्त्वपूर्ण दिवस | 96-97 |
| 7. महत्त्वपूर्ण पुस्तकें | 98 |


Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये


***नोटः–*** *इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके–इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम–से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान–समसामयिकी

## चर्चित–व्यक्तित्व

**चर्चित–व्यक्तित्व एवं उपलब्धियाँ**

### ❒ दिविज टोडी–जयपुर : अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान क्षेत्र–

- उपलब्धिः अमेरिका में आयोजित 76वें रीजेनरॉन इंटरनेशनल साइंस एंड इंजीनियरिंग फेयर (ISEF) 2026 में तीसरा ग्रैंड अवॉर्ड प्राप्त किया।
- **प्रोजेक्ट का नामः** **'इकोफॉग' (EcoFog):** यह एक कम लागत वाली स्वदेशी तकनीक है, जो वायुमंडलीय नमी (कोहरे और धुंध) को शुद्ध पेयजल में परिवर्तित करने का कार्य करती है। इसमें विशेष उन्नत जालीदार संरचना का उपयोग किया जाता है। यह शुष्क क्षेत्रों में जल संकट के समाधान के लिए अत्यंत प्रभावी है।
- **अन्य सम्मानः** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'अर्थ प्राइज स्कॉलर 2026' के रूप में मान्यता दी गई।

### ❒ पद्मश्री डॉ. एस.आर. मेहता (श्री रंजन) का निधन–जयपुर



- चिकित्सा जगत के प्रख्यात स्तंभ, वरिष्ठ चिकित्सक का 21 मई को निधन हो गया।
- चिकित्सा जगत में **'गॉडफादर ऑफ मेडिसिन'** के नाम से जाना जाता था।
- **पद्मश्री** : 16 मार्च 1985 को तत्कालीन राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह द्वारा सम्मानित।
- **डॉ. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कारः** (चिकित्सा क्षेत्र–सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान)
- SMS मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में योगदान
  - ✓ वर्ष 1984 में उन्होंने SMS मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में कार्यभार संभाला।
  - ✓ SMS अस्पताल में न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और कार्डियोलॉजी जैसी सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को स्वतंत्र विंग के रूप में विकसित किया गया।
  - ✓ राजस्थान में **'न्यूक्लियर मेडिसिन'** विभाग की स्थापना,जयपुर में **'महिला चिकित्सालय'** की शुरुआत।

### ❒ तनुष बाहेती–सबसे तेज हनुमान चालीसा पाठ का कीर्तिमान



- **आयुः मात्र 4 वर्ष, 3 माह, 20 दिन, रायसिंहनगर (श्रीगंगानगर)**
- **नया रिकॉर्डः** मात्र 2 मिनट 19 सेकंड में पूरा हनुमान चालीसा पाठ किया।
- **पूर्व रिकॉर्डः** विश्व रिकॉर्ड 2 मिनट 31 सेकंड का था।
- **प्रमाणन संस्थाः** अंतरराष्ट्रीय अभिलेख संस्था ने आधिकारिक प्रमाणपत्र दिया।

### ❒ डॉ. रोहिल सिंह कक्कड़

- जयपुर के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. कक्कड़ को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी (यूके) के प्रतिष्ठित **'नुफील्ड ऑर्थोपेडिक सेंटर'** में **'जॉइंट रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी फेलोशिप'** के लिए चुना गया।
- राजस्थान के प्रथम ऑर्थोपेडिक सर्जन इस फेलोशिप को हासिल करने वाले।
- राजस्थान में जयपुर के ईटरनल हॉस्पिटल और किशनगढ़ के मार्बल सिटी हॉस्पिटल से जुड़े है।
- विशेषज्ञताः जॉइंट रिप्लेसमेंट (जोड़ प्रत्यारोपण), जटिल जोड़ सर्जरी।

### ❒ नीलम मीना (IAS)



- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 1998 बैच की IAS अधिकारी नीलम मीना को पश्चिम बंगाल राज्य का नया मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO नियुक्त किया गया ।
- निवासीः कोयला गाँव, बामनवास उपखंड, सवाई माधोपुर

# चर्चित-स्थल

## डांडेवाला फील्ड: प्राकृतिक गैस की नई खोज

- जैसलमेर जिले में एक नए 'गैस पे-जोन' की सफल खोज की गई।
- **स्थल:** जैसलमेर स्थित डांडेवाला फील्ड का सानू फॉर्मेशन
- **खोजकर्ता कंपनी:** ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL), जो भारत सरकार का एक सार्वजनिक उपक्रम है।
- **उत्पादन क्षमता :** वर्तमान में इस नए क्षेत्र से प्रतिदिन लगभग 25,000 स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (SCM) प्राकृतिक गैस का उत्पादन हो रहा है।
- **केंद्रीय मंत्री :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा इस उपलब्धि की सराहना की गई

## राहोली, टोंक-राजस्थान

- राहोली स्थित प्रधानमंत्री श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को प्रतिष्ठित **'स्कूल चैलेंज TOFEI (Tobacco Free educational institutions)राष्ट्रीय पुरस्कार'** से सम्मानित नवोटेल सिटी सेंटर, नई दिल्ली में किया गया।
- **प्रदाता:** ए.श्रीजा (संयुक्त सचिव, विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय)
  - प्रो. अंजलि छाबड़ा (अतिरिक्त निदेशक CBSE)
- **पुरस्कार प्राप्तकर्ता**-
  - डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका (प्रधानाचार्य)
  - पूजा पाटीदार (नोडल ऑफिसर), दीपा यादव
- **योगदान:** नशामुक्त अभियान, सामाजिक जागरूकता।

## राजस्थान विधानसभा-जयपुर

- राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष (प्लैटिनम जुबली) पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर विशेष गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
  - **कार्यक्रम तिथि :** 18 मई, 2026
  - **मुख्य अतिथि :** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी
  - **नया प्रतीक चिह्न (New Logo) लॉन्च :** राज्यपाल द्वारा राजस्थान विधानसभा नया डिजिटल लोगो जारी किया गया।
  - नए लोगो में मरुधरा की पहचान दिखाने के लिए **राज्य पशु 'ऊंट', राज्य वृक्ष 'खेजड़ी' को शामिल किया गया।**
  - विधानसभा परिसर के **13 द्वारों का नामकरण** 18 मई को किया गया।

| विधानसभा के प्रवेश द्वार | नवीन नाम | उपयोग/महत्व |
|---|---|---|
| उत्तरी द्वार | कर्तव्य द्वार | राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमत्री और नेता प्रतिपक्ष के प्रवेश के लिए। |
| दक्षिणी द्वार | शक्ति द्वार | आम जनता और आगंतुकों के प्रवेश के लिए मुख्य द्वार। |
| पश्चिमी द्वार | सुशासन द्वार | माननीय विधायकों (MLAs) के प्रवेश के लिए आरक्षित । |
| पूर्वी द्वार | संकल्प द्वार | राजकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रवेश के लिए। |

  - **नया आदर्श वाक्य (Motto):** विधानसभा के इस नए प्रतीक चिह्न के साथ नया ध्येय वाक्य **'राष्ट्राय धर्मनिष्ठा विधायिका'** भी अपनाया गया है
- राजस्थान के सांस्कृतिक व ऐतिहासिक क्षेत्रों के नाम पर **8 बाहरी द्वार** - राजस्थान की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता को सम्मान देने के लिए शेष द्वारों का नामकरण राज्य के प्रसिद्ध अंचलों के नाम पर किया गया जैसे **मेरवाड़ा द्वार**- संत परंपरा समन्वय का प्रतीक।

1. **मेवाड़ द्वार,**- राष्ट्र गौरव और सर्वोच्च बलिदान।
2. **मारवाड़ द्वार**- संघर्षशीलता व जीवंतता का प्रतीक।
3. **शेखावाटी द्वार**- कला-संस्कृति, वीर भूमि।

4. **gkMkSh }kj&** साहित्यिक-बेजोड़ स्थापत्य।

5. **वागड़ द्वार**- आदिवासी चेतना का प्रतीक।

6. **ब्रज द्वार**- धार्मिक, सांस्कृतिक समन्वय का प्रतीक।

7. **ढूंढाड़ द्वार** - सामाजिक-सांस्कृतिक ऊर्जा केंद्र।

# चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

## BHAVYA (भव्य) योजना: राजस्थान के 5 जिलों में औद्योगिक हब स्थापित होंगे।

- BHAVYA (भारत औद्योगिक विकास योजना)
- **केन्द्र सरकार द्वारा मंजूरी:** 18 मार्च, 2026
- राजस्थान में इस योजना के तहत् उच्च स्तरीय **<u>'पाँच जिलों में अत्याधुनिक औद्योगिक हब'</u>** विकसित करने हेतु राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्ताव।
- **5 जिले:** बालोतरा, जोधपुर, जयपुर, कोटा, दौसा
- **विभाग:** उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन।
- **नोडल एर्जेसी:** राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास निगम।

## 16वीं राजस्थान विधानसभा की समितियों का गठन

- **गठन:** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा **अप्रैल, 2026** को इन समितियों का गठन वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए किया गया।
- **कार्यकाल:** 31 मार्च, 2027 तक प्रभावी रहेगा।
- **चार प्रमुख वित्तीय समितियाँ एवं सभापति-**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | जनलेखा समिति | टीकाराम जूली (कांग्रेस) |
| **2.** | प्राक्कलन समिति 'क' | संदीप शर्मा |
| **3.** | प्राक्कलन समिति 'ख' | बाबूसिंह राठौड़ |
| 4. | राजकीय उपक्रम समिति | कालीचरण सराफ |

- **अन्य महत्त्वपूर्ण समितियाँ एवं सभापति-**
  1. **<u>नियम समिति :</u>** वासुदेव देवनानी (पदेन सभापति)
  2. सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति : वासुदेव देवनानी
  3. **<u>प्रश्न एवं संदर्भ समिति :</u>** राजेन्द्र पारीक
  4. महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति
     - कल्पना देवी
  5. पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति
     - नरेन्द्र बुडानिया
  6. **<u>SC कल्याण समिति:</u>** रमेश खींची
  7. **<u>ST कल्याण समिति:</u>** फूल सिंह मीणा
  8. ग्रह तथा स्थानीय निकायों एवं पंचायती
     - डॉ. जसवंतसिंह यादव
  9. पुस्तकालय एवं सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति
     - हरिसिंह रावत
  10. याचिका एवं सदाचार समिति: कैलाश चन्द वर्मा
  11. विशेषाधिकार एवं अधीनस्थ विधान संबंधी समिति
      - जितेन्द्र कुमार गोठवाल
  12. अल्पसंख्यको के कल्याण एवं पर्यावरण संबंधी समिति: केसाराम चौधरी

## पंचायत उन्नति सूचकांक (PAI) 2.0 में राजस्थान का विशेष प्रदर्शन एवं उपलब्धियाँ

- **जारी:** 24 अप्रैल, 2026 को **'राष्ट्रीय पंचायती राज'** दिवस के अवसर पर **वित्तीय वर्ष 2023-24** हेतु पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा।
- **राजस्थान की कुल 11,037 ग्राम पंचायतों के डेटा के आधार पर आंकलन किया गया-**
  - **अचीवर (ग्रेड A+) में एक भी पंचायत नहीं आई।**
  - **फ्रंट रनर (ग्रेड A)** पंचायतों की संख्या = 08
  - **परफॉर्मर (ग्रेड B)** पंचायतों की संख्या = 5437
  - **एस्पिरेंट (ग्रेड C)** पंचायतों की संख्या = 5389
  - **बिगिनर (ग्रेड D)** पंचायतों की संख्या = 203
- **राजस्थान का ओवरऑल स्कोर = 77.89**
- **सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतें-**

  (i) कारोला (ब्लॉक-सांचोर, जालौर) = 77.89

  (ii) कांति (ब्लॉक- कोटड़ी, भीलवाड़ा) = 76.99

  (iii) तापू (ब्लॉक-ओसियां, जोधपुर) = 76.56

❑ **विषयगत क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (09 क्षेत्र, LSDG)**

| विषयगत थीम | ग्राम पंचायत | जिला |
|---|---|---|
| **T1:** गरीबी मुक्त पंचायत | भीमपुर | करौली |
| **T2:** स्वस्थ पंचायत | सांखड़ा | भीलवाड़ा |
| **T3:** बाल हितैषी पंचायत | दादिया रामपुरा | सीकर |
| **T4:** जल पर्याप्त पंचायत | सुवानिया | चित्तौड़गढ़ |
| **T5:** स्वच्छ और हरित पंचायत | हिरणा | सीकर |
| **T6:** आत्मनिर्भर (बुनियादी ढाँचा) | सेमलिया पीलाखेड़ा | चित्तौडगढ़ |
| **T7:** सामाजिक रूप सुरक्षित | हंसलसर | झुंझुनूं |
| **T8:** सुशासन वाली पंचायत | सुरनवाली | हनुमानगढ़ |
| **T9:** महिला हितैषी पंचायत | भैसाना | पाली |

## विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम: जयपुर

❑ **आयोजन:** 1 मई, 2026 (बिड़ला ऑडिटोरियम,जयपुर)

❑ **उद्देश्य:** राजस्थान के युवाओं में **विदेशी भाषाओं (जर्मन, फ्रेंच, कोरियन, जापानी, स्पेनिश)** के संचार एवं कौशल संवर्द्धन को मजबूत करना।

❑ **उपस्थिति:** धर्मेन्द्र प्रधान (शिक्षामंत्री, भारत सरकार)

- ♦ जयंत चौधरी: (कौशल विकास राज्य मंत्री, GoI)
- ♦ भजनलाल शर्मा एवं उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद्र बैरवा

❑ **विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के लिए समझौता हस्ताक्षर:** राजस्थान सरकार द्वारा <u>**निम्न दो संस्थानों**</u> के साथ दिया गया।

(i) इंग्लिश एंड फॉरेन लेंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद

(ii) नेशनल स्किल डवलपमेंट कॉर्पोरेशन **(NSDC)**

## राजस्थान निर्यात प्रोत्साहन नीति-2024: प्रमुख संशोधन

❑ **प्रमुख संशोधन <u>'तकनीकी अपग्रेडेशन'</u>** हेतु अधिकतम अनुदान राशि को **50 लाख रुपये से बढ़ाकर 1 करोड़** रुपये कर दिया गया।

❑ **उद्देश्य:** प्रदेश के उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप आधुनिक तकनीक से लैस करना, उत्पादन क्षमता बढ़ाना और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करना।

❑ **संदर्भ:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने **राज्य बजट 2026-27** के दौरान वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा करते हुए घोषणा की थी।

❑ **पृष्ठभूमि :** यह नीति मुख्यमंत्री द्वारा 4 दिसंबर, 2024 को अनावरण की गई थी, जिसकी अधिसूचना 8 दिसंबर, 2024 को जारी हुई थी।

❑ **नीति के तहत् देय अन्य प्रमुख सहायता / अनुदान** –

| मद (Category) | अधिकतम अनुदान सीमा |
|---|---|
| तकनीकी अपग्रेडेशन | 1 करोड़ रुपये |
| दस्तावेजीकरण (Documentation) | 5 लाख रुपये |
| अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भागीदारी | 3 लाख रुपये |
| ई -(पुनर्भरण)-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फीस | 2 लाख रुपये |

## कैराकल संरक्षण : जैसलमेर में राजस्थान के प्रथम 'बकरी बैंक' अभियान का शुभारंभ

❑ दुर्लभ वन्यजीव कैराकल (सियागोश) के संरक्षण एवं इंसान-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए राजस्थान का <u>**प्रथम 'बकरी बैंक' अभियान जैसलमेर**</u> में शुरू।

♦ **कैराकल संबंधित विस्तृत जानकारी: अप्रैल माह करेंट अफेयर्स पत्रिका पेज नं. 13**

❑ **संयुक्त पहल :** राजस्थान वन विभाग और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (WTI)

❑ **मुख्य उद्देश्य:** कैराकल (बकरियों का शिकारी) एवं स्थानीय पशुपालकों के बीच बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम, ग्रामीणों द्वारा बदले की भावना में कैराकल को मारने से बचाना।

❑ **कारण:** मार्च, 2026 में भारत-पाक सरहदी क्षेत्र में एक कैराकल ने करीब 50 बकरियों का शिकार किया था, जिससे नाराज ग्रामीणों ने उसे घेरकर मार डाला था।

❑ **कार्यप्रणाली- (<u>बकरी बैंक अभियान</u>)**

- ♦ यदि कैराकल किसी पशुपालक की बकरी का शिकार करता है, तो लंबी सरकारी मुआवजा प्रक्रिया के बजाय बैंक से तुरंत नई स्वस्थ बकरी उपलब्ध कराई जाएगी।
- ♦ पायलट प्रोजेक्ट के तहत् में प्रत्येक बकरी बैंक में 25 स्वस्थ बकरियाँ रखी जाएंगी।
- ♦ बैंक से बकरी लेने वाले ग्रामीण को बाद में उसकी एक संतान (मेमना) बैंक को लौटानी होगी, जिससे बैंक का स्टॉक बना रहे।

## एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 : प्रमुख संशोधन

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने हेतु ODOP-2024 **नीति में दो बड़े बदलाव** किए गए।
- राज्य बजट 2026-27 में ODOP इकाइयों को विस्तार के लिए मार्जिन मनी की घोषणा।

**1. उद्यमों के विस्तार पर मार्जिन मनी अनुदान-**

- **पहले :** केवल नई स्थापित होने वाली इकाइयों को ही मार्जिन मनी अनुदान मिलता था।
- **अब :** रत्नाभूषण उत्पाद **(Gems & Jewellery)** से जुड़ी सूक्ष्म और लघु इकाइयों को अपने उद्यम के विस्तार पर भी अनुदान मिलेगा।
- नवीनतम संशोधन क्रियान्वयन हेतु 15 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट आवंटित किया गया।
- **अनुदान की सीमा** -
  - सूक्ष्म इकाइयाँ : Max. 20 लाख रुपये तक
  - लघु इकाइयाँ : Max. 15 लाख रुपये तक

**2. निजी संस्थानों के माध्यम से भी तकनीकी अपग्रेडेशन**

- **पहले :** केवल राजकीय संस्थानों के माध्यम से तकनीक अपग्रेड करने पर ही मिलता था।
- **अब :** उद्यमी, निजी संस्थानों के माध्यम से भी तकनीकी अपग्रेडेशन कर सकेंगे।
- **अनुदान की सीमा :** Max. 5 लाख रुपये तक
- **लाभ :** इससे इकाइयों को नवीनतम मशीनें और तकनीक आसानी से उपलब्ध होंगी, जिससे ऊर्जा की खपत कम होगी और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन बढ़ेगा।

## राजस्थान सरकार मंत्रिमंडल बैठक (22 मई, 2026)

### राजस्थान औद्योगिक विकास नीति-2026

- **आधिकारिक मंजूरी/अनुमोदन:** 22 मई
- **लक्ष्य:** राजस्थान की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2028-29 तक 350 बिलियन डॉलर तक पहुँचाना।
- **स्तंभ (4G): चार स्तंभों पर आधारित जिसमें**
  - Green **(हरित विकास)**- चक्रीय अर्थव्यवस्था
  - Governance **(सुशासन)**-प्रशासनिक दक्षता
  - Growth **(आर्थिक विकास)**- इंफ्रास्ट्रक्चर
  - Globalization **(वैश्वीकरण)**-ग्लोबल कनेक्ट
- **प्रमुख विजन एवं नवाचार-**
  - युवाओं को ग्लोबल अवसर एवं भविष्य उन्मुख कौशल संवर्द्धन से जोड़ना।
  - महिलाओं को नेतृत्वशील एवं उद्यमशील किसानों को वैल्यू एडिशन तथा एग्रोबेस्ड आधारित बनाना।
- **प्रत्येक जिले को स्वयं की नई आर्थिक पहचान दिलवाना जैसे-**
  - नीमराणा: एडवांस्ड मैन्यूफैक्चरिंग हब
  - भीवाड़ी: सेमीकंडक्टर एवं लॉजिस्टिक्स हब
  - जयपुर: GCCs, स्टार्टअप्स-डिजिटल हब
  - भीलवाड़ा: टेक्सटाइल इंडस्ट्री एक्सपेंसिव
  - जोधपुर: हैंडीक्रॉफ्ट इकोसिस्टम
  - बाड़मेर: ऊर्जा एवं हैंडीक्रॉफ्ट का विकास
  - जैसलमेर: औद्योगिक विकास गलियारा
- **प्रमुख क्षेत्र :** सेमीकंडक्टर, डाटा सेंटर एण्ड IT सर्विसेज, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, अक्षय ऊर्जा एवं सर्कुलर इकोनॉमी,AI/ML, AVGC&XR, एयरोस्पेस, GCCs (Global Capacity Centers) को विशेष प्रोत्साहन।
- **औद्योगिक ढाँचा :** रीको (RIICO) एवं नॉन-रीको क्षेत्रों में CETP (Common Effluent Treatment Plant) की स्थापना, नए इंटीग्रेटेड रिसोर्स रिकवरी पार्क और DMIC कॉरिडोर में नोड आधारित औद्योगिक पार्क।
- **सुगमता :** फास्ट ट्रैक अप्रूवल्स, बेहतर लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और 'प्लग एंड प्ले' सुविधाओं को प्राथमिकता।
- **वैश्विक औद्योगिक हब:** राजस्थान को विकसित भारत@2047 संकल्पना में शामिल करते हुए प्रतिभा आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना।

## राजस्थान सिविल सेवा (पेंशन) नियम-1996 प्रमुख संशोधन

- **विशेष योग्यजन बच्चों के लिए राहत (नियम 67)** – अब विशेष योग्यजन बच्चों को स्थाई विकलांगता का प्रमाण पत्र केवल एक बार ही प्रस्तुत करना होगा। (पहले-तीन वर्ष)
- **पेंशनर्स हेतु डिजिटल सुविधा (नियम 134)**- अब पेंशनर्स मोबाइल ऐप के माध्यम से 'फेस ऑथेन्टिकेशन टेक्नोलॉजी' का उपयोग करके अपना वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।
- **जीवन प्रमाण पत्र के प्रमाणीकरण हेतु अधिकृत कार्मिक :** अब राजपत्रित अधिकारियों के साथ-साथ अराजपत्रित कार्मिकों (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर) को भी (SSO ID) के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जारी करने हेतु अधिकृत किया गया।
- **परिवार पेंशन हेतु सरलीकरण :** परिवार पेंशन के लिए पहले दो राजपत्रित अधिकारियों या सम्मानित व्यक्तियों का प्रमाणीकरण आवश्यक था। अब केवल एक राजपत्रित अधिकारी या सम्मानित व्यक्ति का प्रमाणीकरण ही पर्याप्त होगा ।
- **NOTE : कृषि विभाग :** राजस्थान कृषि अधीनस्थ सेवा नियम-1978 की अनुसूची में **'<u>वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक</u>'** के नवीन पदनाम को जोड़ा गया।

## औद्योगिक एवं अक्षय ऊर्जा परियोजनाएँ

- **भूमि आवंटन:** 'राजस्थान भू-राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आवंटन) नियम, 1959' के अंतर्गत किया गया।

**1. औद्योगिक परियोजनाएँ (सीमेंट उद्योग)**

- **<u>मैसर्स डालमिया सीमेंट</u>**
  - **स्थान :** ग्राम रामगढ़, तहसील रामगढ़ नं. 2, जैसलमेर
  - **भूमि :** 121.42 हैक्टेयर , निवेश : 3,047 करोड़ रुपये
  - **क्षमता :** 3.6 मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाला सीमेंट संयंत्र (क्लिंकराइजेशन यूनिट)
- **<u>मैसर्स जे.के. सीमेंट लिमिटेड</u>**
  - **स्थान :** ग्राम सेलत, मोकला, हरचंदराम की ढाणी, खींवसर, पारेवर एवं लाणेला, जैसलमेर
  - **भूमि :** 71.37 हैक्टेयर
  - **उद्देश्य :** प्रस्तावित रेलवे लाइन के लिए।

**2. अक्षय ऊर्जा परियोजनाएँ-**

- **जैसलमेर :** फतेहगढ़ (मगरा एवं बासड़ा) जैसलमेर (घोटारू)
- **बाड़मेर :** शिव (मुंगेरिया)
- **बीकानेर :** पूगल ( करणीसर भाटियान एवं बरजू)

## राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना (संशोधन) नियम-2026

- **नोडल विभाग:** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (DIPR), राजस्थान सरकार
- **नई सम्मान राशि: <u>रु. 18,000 प्रति माह</u>** (पहले यह राशि रु. 15,000 प्रति माह थी, जिसमें रु. 3,000 की बढ़ोतरी की गई)
- **बजट घोषणा:** राज्य के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप लागू किया गया।
- **पात्रता मानदंड:** ऐसे पूर्णकालिक अधिस्वीकृत पत्रकार जिन्होंने दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक समाचार पत्र, स्वतंत्र पत्रकारिता, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या समाचार एजेंसी में कम से कम 20 वर्षों तक सेवायोजन कार्य किया हो।

## राजस्थान चंदन वन परियोजना

- राज्य सरकार ने चंदन की खेती को बढ़ावा देने और पारिस्थितिक संतुलन के लिए **तीन विशिष्ट क्षेत्रों को** 'चंदन वन' के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया गया। (अप्रैल-मई 2026)
  - **झाला वन खंड** बांसवाड़ा (वागड़ क्षेत्र)
  - **बांकी वन खंड:** उदयपुर (मेवाड़ क्षेत्र)
  - **जनापुर:** पिंडवाड़ा-सिरोही
- **लक्ष्य :** प्रत्येक चयनित क्षेत्र में 10,000 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले चंदन के पौधे रोपे जाएंगे (कुल लगभग 30,000 पौधे)।
- **वृहद् वृक्षारोपण लक्ष्य-**
  - **वर्ष 2026 :** पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन

बनाने के लिए राजस्थान में रिकॉर्ड 10 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया गया ।

- ♦ **ऐतिहासिक प्रगति: 'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने वर्ष 2024 में 7 करोड़ से अधिक तथा वर्ष 2025 में 11 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का कीर्तिमान स्थापित किया।

## 'रंग दे गुलाबी' अभियान : नगर निगम,जयपुर

- ❐ **आयोजन : नगर निगम (ग्रेटर और हेरिटेज)** द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत् 'गुलाबी नगरी' के सौंदर्यीकरण के लिए 2 मई 2026 को।
- ❐ **एक दिन, एक संकल्प :** अभियान के तहत् देश में पहली बार एक ही दिन में शहर भर की 500 से अधिक दीवारों को आकर्षक और कलात्मक रंगों से रंगा गया।
- ❐ **नोडल एजेंसी :** नगर निगम,जयपुर
- ❐ **थीम आधारित कलाकृतियाँ :** शहर के सभी 13 जोनों में सार्वजनिक दीवारों पर 600 से अधिक वॉल पेंटिंग्स बनाई गई।

## राजस्थान सीईटीपी (CETP) नीति : मई 2026

- ❐ **संदर्भ :** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा मई 2026 में जारी नई गाइडलाइन।
- ❐ **मुख्य उद्देश्य :** औद्योगिक अपशिष्ट जल का प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और जल का पुन: उपयोग करना।
- ❐ नई गाइडलाईन 'हाइब्रिड एन्युटी मॉडल' (HAM) आधारित योजना।
- ❐ **तकनीकी आधार :** 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' (ZLD)
- ❐ **अनुदान सीमा :** परियोजना लागत का 80% या अधि कतम 150 करोड़ रुपये (जो भी कम हो)।
- ❐ **SPV की भूमिका :** CETP निर्माण और संचालन के लिए क्लस्टर की औद्योगिक इकाइयों को 'स्पेशल पर्पज व्हीकल' बनाना अनिवार्य।
- ❐ **पात्रता:** रीको (RIICO) और नॉन-रीको दोनों औद्योगिक क्षेत्रों हेतु।
- ❐ **भुगतान का चरणबद्ध तरीका (HAM मॉडल)**
  - ♦ **60% अनुदान:** कार्य के चरणों के अनुसार 20-20% की तीन किस्तों में।
  - ♦ **20% अनुदान:** आगामी 20 वर्षों में (लंबे समय तक प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने हेतु)।
- ❐ **पुरानी योजना में संशोधन-अनुदान वृद्धि :** परियोजना लागत का 75% या अधिकतम 75 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये किया गया। अब नॉन-रीको औद्योगिक क्षेत्र भी इस योजना के तहत् पात्र होंगे।
- ❐ **ZLD तकनीक :** 'जीरो लिक्विड डिस्चार्ज' से उपचारित जल को पुन: औद्योगिक कार्यों में काम में लिया जा सकेगा, जिससे भूजल पर निर्भरता कम होगी।
- ❐ **वित्तीय सुगमता :** मात्र 20% राशि ही SPV ('स्पेशल पर्पज व्हीकल') को वहन करनी होगी।

## वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (VVP-II)

- ❐ **घोषणा :** केंद्रीय बजट 2022-23
- ❐ **शुभारंभ :** चरण-1 का शुभारंभ 10 अप्रैल, 2023 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती गाँव 'किबिथु' से।
- ❐ **उद्देश्य:** 'विकसित भारत@2047' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय भूमि सीमाओं (ILBS) से सटे गाँवों का व्यापक विकास करना, ताकि सीमावर्ती क्षेत्र सुरक्षित और जीवंत बने रहें।
- ❐ **कुल परिव्यय :** 6,839 करोड़ रुपये।
- ❐ **समय सीमा :** वित्त वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक (मंजूरी-अप्रैल 2025)
- ❐ **कवरेज :** 17 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के रणनीतिक सीमावर्ती गाँव - अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, गुजरात, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पंजाब, **राजस्थान,** सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल।
- ❐ **मूल भावना :** 'सीमावर्ती गाँव देश के अंतिम नहीं, बल्कि प्रथम गाँव हैं'।
- ❐ **नोडल मंत्रालय :** केंद्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित कार्यक्रम।

- **(राजस्थान के संदर्भ में) :** चरण-1 में राजस्थान शामिल नहीं था। VVP-II में इसका विस्तार पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय सीमा (भारत-पाकिस्तान) पर किया गया, जिसके तहत वर्तमान में **राजस्थान के 5 सीमावर्ती जिलों के 184 गाँवों को शामिल कर उनका विकास किया जा रहा है।**
- **राजस्थान में जिलावार चयनित रणनीतिक गाँव** –
  - श्रीगंगानगर : 68 गाँव
  - बीकानेर : 46 गाँव
  - बाड़मेर : 36 गाँव
  - जैसलमेर : 30 गाँव
  - फलोदी : 04 गाँव
- **बजट आवंटन :** रणनीतिक गाँवों में विकास योजनाओं की 100% पहुँच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिवर्ष 3 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- **पोर्टल आधारित प्रक्रिया :** संपूर्ण प्रक्रिया **'वाइब्रेंट विलेज पोर्टल'** के माध्यम से।
- **समन्वय तंत्र :** प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर त्रि-स्तरीय समितियों के माध्यम से समन्वय स्थापित किया गया।
- **प्रमुख कार्य और 4 थीमेटिक क्षेत्र**–
  - सड़क संपर्क-प्रत्येक मौसम में।
  - दूरसंचार कनेक्टिविटी (Telecom-4G/5G)
  - टेलीविजन (दूरदर्शन पहुँच)
  - सॉलिड ऑन-ग्रिड विद्युतीकरण (24×7 Power Supply)
- राज्य सरकार ने बजट 2026-27 में **'मुख्यमंत्री थार सीमा विकास कार्यक्रम'** शुरू किया है, जिसके तहत् 5 सीमावर्ती जिलों के 1,206 गाँवों में बुनियादी विकास के लिए प्रतिवर्ष 150 करोड़ रुपये का अलग से प्रावधान ताकि केंद्र और राज्य की योजनाएँ मिलकर सीमांत क्षेत्रों की पूरी तस्वीर बदल सकें।
- **26 मई, 2026 को राजस्थान के बीकानेर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में भारत-पाकिस्तान सीमा सुरक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**
  - **360° सुरक्षा ग्रिड** (360° Security Grid)
  - **अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई :** अंतर्राष्ट्रीय सीमा (भारत-पाकिस्तान बॉर्डर) के 15 किलोमीटर के दायरे में जितने भी अवैध निर्माण है, उन्हें चिन्हित कर जमींदोज किया जाएगा।
  - **प्रहरी सम्मेलन:** साँचू बॉर्डर आउटपोस्ट, बीकानेर

## 'स्वच्छ सहकार, समृद्ध सहकार' अभियान

- **अवधि:** 4 मई-29 मई, 2026 तक।
- **उद्देश्य :** कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करना, कार्यालयों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाना और प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि करना।
- **नोडल विभाग :** सहकारिता विभाग, राजस्थान सरकार
- **नेतृत्व :** शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, डॉ. समित शर्मा
- **अभियान के मुख्य तीन-चरण**
  - **प्रथम:** अनुपयोगी रिकॉर्ड एवं सामग्री की पहचान।
  - **द्वितीय:** व्यापक सफाई एवं व्यवस्था में सुधार करना।
  - **तृतीय:** चिह्नित सामग्री का नियमानुसार निस्तारण।
- **'5S' पद्धति का कार्यान्वयन**–
  1. **Seiri (छँटाई) :** अनुपयोगी और पुरानी सामग्री को अलग करना।
  2. **Seiton (सुव्यवस्था) :** रिकॉर्ड और उपकरणों को व्यवस्थित करना, लेबलिंग करना।
  3. **Seiso (स्वच्छता) :** कार्यालय कक्षों और परिसरों की नियमित सफाई।
  4. **Seiketsu (मानकीकरण) :** स्वच्छता,प्रबंधन के लिए एकसमान मानक तय करना।
  5. **Shitsuke (अनुशासन) :** स्वच्छता को दैनिक कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाना।

# प्रमुख पुरस्कार/सम्मान

## प्रमुख पुरस्कार विजेता एवं उपब्धियाँ

### ❒ इंटरनेशनल गीता ओलंपियाडः 2026

- **आयोजकः** गुप्त वृंदावन धाम (वैश्विक गीता प्रचार आंदोलन के तहत्)
- **परीक्षा तिथिः** 19 अप्रैल 2026 , परिणाम घोषणाः 3 मई
- **पुरस्कार वितरण समारोहः** 24 मई 2026
- **नेतृत्वः** अमितासना दास (अध्यक्ष, गुप्त वृंदावन धामः जयपुर)

| स्थान | विजेता का नाम | शहर | पुरस्कार | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | डॉ. केवल कृष्ण गुप्ता | जयपुर | गीता रत्न | 51,000 |
| द्वितीय | यशस्वी श्रृंगी | कोटा | गीता विभूषण | 21,000 |
| तृतीय | नेहा महावर | कोटा | गीता भूषण | 11,000 |

### ❒ काजरी,जोधपुर को 'सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार'

- **राष्ट्रीय सम्मानः** केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर को राष्ट्रीय स्तर पर 'सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार' (Best Centre Award) से नवाजा गया। (15 मई)
- **क्षेत्रकः** मोठ एवं ग्वार अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सराहनीय योगदान के लिए।
- **आयोजनः** खरीफ दलहन पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की वार्षिक समूह बैठक।
- **स्थलः** यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज (UAS), जीकेवीके, बेंगलुरु
- **प्रदाताः** कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव और ICAR के महानिदेशक डॉ. एम. एल. जाट
- **आधारः** भारतीय गर्म शुष्क क्षेत्र के लिए शुष्क दलहनों के आनुवंशिक सुधार।
- **मोठ बीन <u>(Moth Bean)</u> की विशेषता एवं काजरी का योगदान –**
  - ✓ **मई 2026 :** काजरी मोठ–10 और काजरी मोठ–11 को जारी व अधिसूचित करने के लिए चुना गया।
  - ✓ **जलवायु–प्रतिरोधी फसल :** मोठ एक अत्यधिक जलवायु–प्रतिरोधी दलहन।
  - ✓ **विकासः** काजरी द्वारा विकसित नई किस्में लंबे समय तक सूखे और अत्यधिक वर्षा, दोनों विपरीत परिस्थितियों को सहन करने में सक्षम।
  - ✓ **वर्ष 2023 से 2026 के मध्य जारी प्रमुख स्वदेशी किस्में**
    - 2023 : काजरी मोठ–4 और काजरी मोठ–5
    - 2024 : काजरी मोठ–6 और काजरी मोठ–7
    - 2025 : काजरी मोठ–8 और काजरी मोठ–9

### ❒ जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मिला 'ग्रीन एयरपोर्ट' सम्मान

- **अंतरराष्ट्रीय मान्यताः** पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास के लिए वैश्विक मंच पर सम्मानित।
- **श्रेणीः एशिया–पैसिफिक एवं मिडिल ईस्ट ग्रीन एयरपोर्ट्स रिकॉग्निशन 2026 में सिल्वर सम्मान।**
- **पहलः** अर्ध–शुष्क, अत्यधिक गर्मी निपटने के लिए 'कूल टर्मिनल इकोसिस्टम' का सफल विकास।
- **ऊर्जा और तापमान दक्षताः** बिजली की खपत में लगभग 35 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।
- **जीरो वेस्ट टू लैंडफिलः** एयरपोर्ट ने अपने उत्पन्न कचरे को कचरा डंपिंग यार्ड में न भेजने का शत–प्रतिशत पुनर्चक्रण लक्ष्य हासिल किया।
- **कार्बन एक्रिडेशनः** जयपुर एयरपोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत् 'लेवल तीन एक्रिडेशन' भी प्राप्त कर लिया।

### ❒ राजस्थानः 'वर्ल्ड' नो टोबैको डे अवॉर्ड 2026'

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा मई 2026 में जारी की गई वैश्विक सूची के अनुसार, राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को वर्ष 2025–26 में तम्बाकू नियंत्रण में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड 2026' से सम्मानित किया गया ।
- WHO वैश्विक स्तर पर अपने 6 अलग–अलग क्षेत्रों में यह सम्मान देता है। राजस्थान ने दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- वर्ष 2026 का 39वाँ विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम .
  - ✓ English: "Unmask the appeal – countering tobacco and nicotine addiction"
  - ✓ Hindi : 'आकर्षण का पर्दाफाश करें–तंबाकू और निकोटीन की लत का मुकाबला करें'

- ❐ मेघा सोनी, जयपुर
  - ♦ **पुरस्कार** : राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2026
  - ♦ **कार्य क्षेत्र** : 'लग्जरी सिल्वर ज्वेलरी ब्रांड' श्रेणी में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट योगदान।
  - ♦ **आयोजन** : नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में।
  - ♦ **मुख्य अतिथि** : लोकसभा सांसद और प्रसिद्ध अभिनेत्री कंगना रनौत ने मेघा सोनी को सम्मानित किया।
- ❐ अनिता चौधरी, झुंझुनूं (मछली नेशनल अवॉर्ड)
  - ♦ शेरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, बारां में तैनात महिला वनरक्षक।
  - ♦ WWF (वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर) द्वारा प्रतिष्ठित मछली नेशनल अवॉर्ड मार्च, 2026 को प्रदान किया।
  - ♦ योगदान' वर्ष 2021 से वर्तमान तक 500+ संकटग्रस्त वन्यजीवों की जान बचाई।
  - ♦ **बाघिन मछली (T-16)**: रणथम्भौर की विश्व प्रसिद्ध बाघिन की स्मृति में दिया जाता है जिसे 'क्वीन ऑफ रणथम्भौर' भी कहते है।
- ❐ हुडको (HUDCO) जयपुर कार्यालयः एक्सीलेंट परफॉर्मेंस रन बिजनेस अवॉर्ड
  - ♦ HUDCO: हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
  - ♦ पुरस्कारः 25 अप्रैल, 2026 को इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में 56वें हुडको स्थापना दिवस समारोह में क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर भटनागर ने प्राप्त किया।
- ❐ योगदानः वित्तीय वर्ष 2025–26 में रु. 21,099 करोड़ का ऋण स्वीकृत एवं CSR योगदान रु. 3.05 करोड़।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## सॉयलिफिकेशन तकनीकः (CURAJ), अजमेर

- ❐ **संस्थान :** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर
- ❐ **शोधकर्त्ता :** डॉ. अखिल अग्रवाल (एसोसिएट प्रोफेसर, सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग) एवं उनकी टीम।
- ❐ **उद्देश्य :** थार मरुस्थल जैसी रेतीली और बंजर भूमि को कृषि योग्य बनाना एवं अधिक पैदावर करना।
- ❐ **विशेषताएँ**–
  - ● **नवाचार :** एक 'बायोफॉर्मूलेशन' आधारित स्वदेशी तकनीक है। यह पॉलीमर युक्त जैव-उत्पाद है जो पर्यावरण के अनुकूल।
  - ● **कार्यप्रणाली :** रेत के बिखरने वाले कणों को आपस में जोड़कर उन्हें मिट्टी जैसी एक ठोस और स्थिर संरचना में बदल देती है।
  - ● **जल प्रबंधन : <u>'जल धारण क्षमता'</u>** में वृद्धि करना है। इससे सिंचाई का पानी रेत में रिसकर नीचे नहीं जाता और पौधों की जड़ों के पास लंबे समय तक नमी बनी रहती है।
  - ● **सफल परीक्षण :** जैसलमेर और पुष्कर के रेगिस्तानी इलाकों में रेत पर गेहूं की फसल उगाकर।

## सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्सः सामरिक एवं आर्थिक महत्त्व

- ❐ **स्थान :** बालोतरा जिला, पश्चिमी राजस्थान
- ❐ **भौगोलिक :** यह 750 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैला एक ज्वालामुखी कुंड (Volcanic Caldera)
- ❐ **खनिजों की प्राप्ति :** दुर्लभ खनिज (REE) , हैवी रेयर अर्थ एलिमेंट्स (HREE),क्रिटिकल रेयर मेटल्स के विशाल भंडार मिले।
- ❐ **प्रमुख खनिज :** नियोबियम, जिरकोनियम , हाफनियम
- ❐ **खनिजों का उपयोग** –
  - ♦ **रक्षा एवं अंतरिक्ष :** मिसाइल तकनीक, रॉकेट, एयरोस्पेस इंजन (सुपरअलॉय के रूप में)।
  - ♦ **ऊर्जा एवं तकनीक :** परमाणु रिएक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन (EV) बैटरी, रोबोटिक्स, माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स।
  - ♦ **चिकित्सा :** सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट
- ❐ **मूल्यांकन :** केंद्रीय खान मंत्रालय द्वारा कॉम्प्लेक्स के तीन ब्लॉक्स का तकनीकी मूल्यांकन कार्य तीन कंपनियों को आवंटित किया गया।
- ❐ **नोडल अधिकारी:** मुख्यमंत्री द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य में नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए
- ❐ **रेयर अर्थ एक्सीलेंस सेंटर :** राज्य सरकार द्वारा R&D हेतु स्थापना की जा रही है।

- **साझेदारी :** राजस्थान सरकार, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI), एटॉमिक मिनरल्स डायरेक्टरेट (AMD), IIT हैदराबाद और IIT (ISM) धनबाद के साथ मिलकर कार्य कर रही है।
- **राष्ट्रीय संदर्भ :** यह खोज केंद्र सरकार के **'<u>नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन</u>'** (NCMM) के लक्ष्यों को मजबूती प्रदान करेगी।

**भिवाड़ी (खुशखेड़ा-सलारपुर औद्योगिक क्षेत्र) में स्थापित राजस्थान का प्रथम सेमीकंडक्टर क्लस्टर, खैरथल-तिजारा**

- **उद्घाटन :** 15 मई 2026 (केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा वर्चुअल माध्यम से)
- राजस्थान सरकार द्वारा मार्च 2026 में प्रथम **'<u>राजस्थान सेमीकंडक्टर नीति</u>'** लागू की गई।
- **क्लस्टर :** ELCINA इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर।
- **अवसंरचना:** 50.3 एकड़ भूमि पर रु. 46.09 करोड़ की लागत से विकसित।
- **केंद्रीय सहायता :** भारत सरकार की EMC (Electronics Manufacturing Cluster) योजना के तहत् रु. 20. 24 करोड़ की सहायता।

**सहस्रा सेमीकंडक्टर्स प्लांट**

- **विशिष्टता :** भारत का पहला SME (लघु एवं मध्यम उद्यम) है, जिसने सेमीकंडक्टर चिप्स का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया।
- **योजना :** इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय (MeitY) की 'SPECS' योजना के तहत् रु. 150 करोड़ का निवेश।
- **उत्पाद :** मेमोरी चिप्स (माइक्रो एसडी/फ्लैश स्टोरेज), एलईडी ड्राइवर ICs, eSIMs और RFID
- **क्षमता :** वर्तमान वार्षिक पैकेजिंग क्षमता 6 करोड़ यूनिट्स है, जिसे अगले 2-3 वर्षों में 40-60 करोड़ यूनिट्स तक पहुँचाने का लक्ष्य है।
- **वैश्विक निर्यात :** उत्पाद का 60% से अधिक हिस्सा अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, चीन और पूर्वी यूरोप जैसे बाजारों में निर्यात किया जाता है।

**डिजिटल अरेस्ट से सुरक्षा : CBI का 'अभय'**

- राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने Digital Arrest जैसे हाइटेक साइबर अपराधों से नागरिकों को बचाने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) के 'अभय' चैटबॉट के उपयोग हेतु विशेष एडवाइजरी जारी की।
- **'अभय' (ABHAY) क्या है?**
  - **नाम :** Artificial Intelligence Based Helpful Assistant for You-
  - **स्वरूप :** यह एक आधुनिक AI-संचालित नोटिस सत्यापन चैटबॉट है, जो डिजिटल सुरक्षा गार्ड के रूप में 24×7 कार्य करता है।
  - **उद्देश्य :** CBI या अन्य सरकारी एजेंसियों के नाम पर भेजे गए फर्जी नोटिसों और अरेस्ट वारंट की वास्तविकता की त्वरित जांच करना।
  - **तकनीकी विशेषताएँ-**
    - रीयल-टाइम अपडेट
    - नो-पैनिक गाइडेंस
    - ऑटो-रूटिंग की सुविधा
    - बहुभाषी समर्थन
    - सहायता एवं शिकायत हेतु

**'बिल्ड विद एआई' वर्कशॉप**

- **आयोजन :** 21 मई को राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (R-CAT), जयपुर
- **सहयोगी :** गूगल इंडिया (Google India)
- **उद्देश्य :** राज्य में एक मजबूत AI इकोसिस्टम का निर्माण करना और AI डेवलपर्स व इनोवेटर्स की अगली पीढ़ी तैयार करना।
- **नीतिगत संदर्भ :** 'राजस्थान AI/ML नीति 2026' के कार्यान्वयन की दिशा में।

**'ब्रह्मास्त्र' युद्धाभ्यास** -

- पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, जैसलमेर, 10 अप्रैल
- भारतीय सेना की दक्षिणी कमान द्वारा।
- उद्देश्य: जमीन एवं हवा के मध्य रियल टाइम डेटा शेयरिंग और बेहतर समन्वय को जाँचना था।

# राजस्थान के संदर्भ में महत्त्वपूर्ण समझौते (MoUs)

| क्र.सं. | (MoUs) प्रोजेक्ट एवं उद्देश्य/जानकारी |
|---|---|
| 1. | ❒ आयुष पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण।<br>♦ **किसके मध्य अनुबंधः** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर तथा बीकानेर तकनीकी विश्वविधालय, बीकानेर के मध्य।<br>♦ **हस्ताक्षरकर्त्ताः** आयुर्वेद विश्वविद्यालय, कुलगुरु–प्रो. गोविन्दसहाय शुक्ला एवं BTU कुलगुरू–प्रो. अखिल रंजन गर्ग।<br>♦ **उद्देश्यः** पुरातन आयुष पांडुलिपियों का डिजिटलाइजेशन और आयुर्वेद में आधुनिक तकनीक का समावेशन करना। |
| 2. | ❒ **राजस्थान कृषि विभागः 'वाधवानी एआई' के साथ तकनीकी समझौता।**<br>♦ राजस्थान सरकार के कृषि विभाग और 'लॉर्ड्स एजुकेशन एंड हेल्थ सोसाइटी' (वाधवानी एआई फाउंडेशन) के बीच 25 मई 2026 को एक गैर–वित्तीय समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ।<br>♦ **वर्ष 2026–27 की बजट घोषणाः** एआई–बेस्ड मॉडल्स और 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना।<br>♦ **उद्देश्यः** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर खेती को आधुनिक बनाना, किसानों की आय बढ़ाना और कृषि वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना।<br>♦ **वित्तीय प्रावधानः** 'निःशुल्क तकनीकी साझेदारी' (राज्य के राजकोष पर कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा।)<br>♦ **एग्री–स्टैक उपलब्धि** : राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल, प्रदेश के 95 लाख किसानों की डिजिटल 'फार्मर आईडी' (खसरा, भूमि विवरण, पहचान सहित) तैयार की जा चुकी।<br>♦ **लक्ष्य** : आगामी फसल बीमा और एकीकृत उर्वरक प्रबंधन (यूरिया वितरण) में पारदर्शिता लाना।<br>♦ **खेती की सूरत बदलने वाले 4 प्रमुख एआई (AI) समाधान**<br>1. **एग्रीवाणी** : बहुभाषी चैटबॉट; किसान अपनी भाषा में वॉयस/टेक्स्ट से कृषि समस्याओं का समाधान<br>2. **क्रोपसः** कंप्यूटर विजन आधारित निगरानी–फसल की फोटो खींचकर विशेषज्ञों द्वारा त्वरित उपचार।<br>3. **सोयाबीन ग्रेन एनालाइजरः** स्मार्टफोन ऐप–मंडी जाने से पूर्व सोयाबीन की गुणवत्ता, ग्रेडिंग व प्रोटीन का रियल–टाइम आकलन।<br>4. **एग्री एआई कलेक्ट व न्यूज मॉनिटरिंग** : फील्ड गतिविधि रिकॉर्ड और कृषि प्रशासनिक मॉनिटरिंग। |
| 3. | ❒ सरिस्का डिजिटल NIC सेंटर –<br>♦ **किसके मध्य अनुबंध** : जयपुर, 26 मई। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा की अध्यक्षता में जयपुर स्थित अरण्य भवन में वन विभाग, राजस्थान सरकार के साथ वेदांता ग्रुप की सामाजिक प्रभाव वाली संस्था, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की फ्लैगशिप एनिमल वेलफेयर पहल 'द एनिमल केयर ऑर्गेनाइजेशन' (TACO)<br>♦ हस्ताक्षर – संजय शर्माः वन राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार एवं श्रीमती प्रिया अग्रवाल हेब्बर<br>♦ **उद्देश्यः** सरिस्का टाइगर रिजर्व (अलवर) में **'अग्निवेश अग्रवाल नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर' NIC की स्थापना करना एवं** पर्यटकों के लिए मल्टी–लैंग्वेज ऑडियो गाइड की सुविधा, **थ्री–डी तकनीक** : आधुनिक डिजिटल स्क्रीन से इतिहास व वन्यजीवों की जानकारी।<br>♦ **कुल लागत** : ₹5 करोड़ का वित्तीय प्रावधान।<br>♦ **TACO (The Animal Care Organization)–**<br>• यह 2022 में स्थापित संस्था है जो 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण पर कार्य करती है।<br>• कार्यक्षेत्र : संस्था शेल्टर, हॉस्पिटल, एकेडमी, वन्यजीव संरक्षण, आपदा राहत और सेक्टर एंगेजमेंट के क्षेत्रों में सक्रिय है।<br>• वन्यजीव संरक्षण पहल के अलावा, TACO फरीदाबाद, गुरुग्राम, गोवा और वाराणसी में एकीकृत पशु कल्याण और ABC केंद्र संचालित कर रहा है। |

| | |
|---|---|
| 4. | ❒ सरिस्का कन्वेंशन सेंटर, अलवर<br>♦ **किसके मध्य अनुबंधः** वन विभाग, राजस्थान सरकार एवं शाइन फाउंडेशन।<br>♦ कुल लागत : ₹1.04 करोड़ का प्रोजेक्ट<br>♦ फोकस एरिया : इको–टूरिज्म और अत्याधुनिक ढांचागत निर्माण।<br>♦ उद्देश्य : राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के वन्यजीव सम्मेलनों, पर्यावरण सेमिनारों और वन कर्मियों के प्रशिक्षण हेतु आधुनिक मंच तैयार करना। |
| 5. | ❒ **MNIT, जयपुर + इशरे (ISHRAE) फाउंडेशन के मध्य समझौता**<br>♦ **तिथिः** 27 मार्च, 2026 (चेन्नई, तमिलनाडु)<br>♦ **संस्थाएँः** MNIT (मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर) एवं (इंडियन सोसायटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडिशनिंग इंजीनियर्स)<br>♦ **उद्देश्यः** (हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग एंड रेफ्रिजरेशन) उद्योग को आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण पर बल देना। |

# प्रसिद्ध उत्सव/महोत्सव/सम्मेलन/मेले

| प्रमुख सम्मेलन | मुख्य विवरण / जानकारी |
|---|---|
| संयुक्त कमांडरों का सम्मेलन – जयपुर | ♦ **आयोजनः** 7–8 मई, 2026 (सप्त शक्ति कमान, जयपुर)<br>♦ **विषयः** 'नये क्षेत्र में सैन्य क्षमता' (Military Capability in New Domains)<br>♦ **मुख्य अतिथिः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान<br>♦ ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ अवसर पर आयोजित।<br>♦ **आधुनिक युद्ध प्रणालीः** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मानवरहित प्रणालियों एवं उभरते खतरों (साइबर, अंतरिक्ष और संज्ञानात्मक युद्ध) पर चर्चा। |
| राजभाषा सेमीनारः उदयपुर   | ♦ **आयोजकः** वित्तीय सेवाएँ विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संस्थाओं द्वारा।<br>♦ **तिथिः** 9–10 अप्रैल, 2026<br>♦ **अध्यक्षताः** चंद्दीप कुमार झा (सांख्यिकीय सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी)<br>♦ **थीमः** "देश के विकास में भारतीय भाषाओं का योगदान"<br>♦ वित्तीय वर्ष 2025–26 में उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन सम्मान<br>(i) इण्डियन ओवरसीज बैंक (IOB)–प्रथम पुरस्कार<br>(ii) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया– भाषिक क्षेत्र 'ख'–प्रथम पुरस्कार<br>(iii) बैंक ऑफ इण्डिया– भाषिक क्षेत्र 'ख'–द्वितीय पुरस्कार<br>(iv) IOB की गृहपत्रिका 'वाणी' को द्वितीय पुरस्कार |
| 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026' राज्य स्तरीय समारोह   | ♦ **आयोजन** : 11 मई , बिरला वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान,जयपुर<br>♦ **आयोजक** : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राज.सरकार<br>♦ **थीमः** समावेशी विकास के लिए जिम्मेदार नवाचार<br>♦ **नवाचारः** विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान हेतु ब्रह्मगुप्त पुरस्कार की घोषणा।<br>♦ **मुख्य अतिथि** : मुख्यमंत्री, राजस्थान (भजनलाल शर्मा)<br>♦ **उद्देश्य** : वैज्ञानिक सोच, तकनीकी आत्मनिर्भरता और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना। |

# विविध-खबर

## निर्भया फंड: 'कोटा जिला' देश के 10 'समावेशी शहरों में शामिल'

- केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की **"महिलाओं और बालिकाओं के लिए समावेशी शहर (Inclusive cities for women and girls) परियोजना"** के तहत् अप्रैल 2026 में देश के 10 पायलट शहरों में कोटा (राजस्थान) को चुना गया।"
- **वित्त पोषण:** निर्भया फंड के तहत् (भारत सरकार द्वारा शुरू 2013 में)
- **बजट प्रावधान:** पायलट प्रोजेक्ट में चयनित प्रत्येक शहर हेतु रु. 10 करोड़ (Non-Lapsable)
- **उद्देश्य:** महिलाओं और बालिकाओं हेतु शहर को सुरक्षित, संवेदनशील, समावेशी बनाना।
- **लाभ:** AI कैमरे, महिला पुलिस गश्ती, कॉल बॉक्स, पिंक टॉयलेट, आदि सुविधाओं का विस्तार।
- **इस परियोजना के तहत् अन्य चयनित 09 शहर:**
  - धार (मध्यप्रदेश), डिब्रूगढ़ (असम), कोडरमा (झारखंड), मंडी (हिमाचलप्रदेश), मेहसाणा (गुजरात), मुलुग (तेलंगाना), संबलपुर (ओडिशा), श्रीकाकुलम (आन्ध्रप्रदेश), वाराणसी (UP)

## 43वीं सारस गणना:केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान

- **आयोजित :** 'केवलादेव नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी' द्वारा भरतपुर (यूनेस्को विश्व घरोहर स्थल) में 21 अप्रैल, 2026 को।
- **केवलादेव में सारस गणना :** (प्रतिवर्ष)
  - वर्ष 2026 में सारस की संख्या 22 दर्ज की गई।
  - वर्ष 2025 में मात्र 14 सारस ही पाए गए थे।
- **भरतपुर व डीग वेटलैंड्स:** सारस की संख्या 79 से बढ़कर 81 हो गई।
- **पुस्तक विमोचन:** "पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण जैविकी"
  - **लेखक:** डॉ. एमएम. त्रिगुणायत एवं डॉ. कृतिका
  - **विमोचन:** गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढ़म

## फिट इंडिया-साइकिल संडे (2026)

- **आयोजन:** SMS स्टेडियम, जयपुर (24 मई)
- **थीम:** "कॉमनवेल्थ डे 2030"
- स्टेडियम परिसर के चारों ओर 5 किलोमीटर साइकिल रैली। ऊर्जावान जुम्बा सत्र का आयोजन।
- **प्रतिभागी:** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, राजस्थान राज्य खेल परिषद् के सचिव प्रवीण गुप्ता, केंद्रीय सुरक्षा बलों (CRPF, CISF) के अधिकारी।

## बिहेवियरल साइकोलॉजी एंड यूथ मेंटल हेल्थ (2025-26) सर्वे रिपोर्ट राजस्थान

- **अध्ययन क्षेत्र :** राजस्थान के 4 प्रमुख शहर - जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर
- **लक्षित समूह :** 'जेन-जी' (Gen-Z) युवा (वर्ष 1997-2012 के बीच जन्म)
- **सर्वे:** 5,000 से अधिक युवाओं पर आधारित।
- **मुख्य तनाव कारक-**

  1. **करियर एवं जॉब सिक्योरिटी** (पेपर लीक का भय, रोजगार की अनिश्चितता)
  2. **वित्तीय स्वतंत्रता** (बैंक बैलेंस, सोशल मीडिया पर रील संस्कृति का प्रभाव)
- **सर्वे के प्रमुख आँकड़े : 'एनालिसिस पैरालिसिस' (Overthinking)**
  - रिपोर्ट के अनुसार, युवा अपने सक्रिय समय का 22% (औसतन 3.5 घंटे/दिन) केवल अत्यधिक सोचने में व्यतीत करते है।
  - **प्रभाव :** एक युवा जीवन के लगभग 8.5 साल केवल ओवरथिंकिंग में गंवा देता है।
  - **चर्चित मनोवैज्ञानिक शब्द-**
    - **एनालिसिस पैरालिसिस :** (Overthinking) के कारण निर्णय लेने की क्षमता का शून्य हो जाना।
    - **फोमो (FOMO-Fear of Missing Out):** दूसरों की ऑनलाइन जीवनशैली को देखकर स्वयं के पिछड़ने का डर।
    - **सिचुएशनशिप :** बिना किसी स्पष्ट कमिटमेंट वाले आधुनिक प्रेम संबंध।

## पुरातात्विक खोज : आमेर की प्राचीन चट्टानों में

- **खोज स्थल :** अम्बिकेश्वर महादेव मंदिर, आमेर (जयपुर)
- **खोजकर्त्ता:** राजस्थान विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर व पुरातत्वविद डॉ. तमेघ पंवार और उनकी शोध छात्रा कनिष्का सोलंकी।

| क्र.सं. | कलाकृति | अनुमानित आयु | अवस्थिति | कलात्मक –विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राम–रावण युद्ध शैलचित्र | 9वीं–10वीं शताब्दी (लगभग 1000 वर्ष प्राचीन) | मंदिर परिसर (पाषाण खंड पर) | ♦ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और रावण को परस्पर धनुष ताने युद्धरत मुद्रा में दिखाया गया है।<br>♦ रावण अपने दस सिरों और भगवान शिव से प्राप्त अलौकिक 'चन्द्रहास खड्ग' (तलवार) के साथ आक्रामक मुद्रा में है। |
| 2. | श्रीकृष्णलीला शैलचित्र | 7वीं शताब्दी (लगभग 1400 वर्ष प्राचीन) | मंदिर का सभामंडप | ♦ बालकृष्ण द्वारा कालिया नाग का दमन करने के जीवंत पौराणिक प्रसंग को पत्थर पर उकेरा गया। |
| 3. | देवी अम्बिका की प्रतिमा | प्राचीन काल | मुख्य प्रवेश द्वार का ऊपरी भाग (ललाटबिम्ब) | ♦ मंदिर के ललाटबिम्ब पर देवी अम्बिका की अत्यंत सुंदर प्रतिमा स्थापित है। |

## त्रिनिदाद एवं टोबैगो में 'जयपुर फुट' का स्थायी केंद्र

- कैरेबियाई देश त्रिनिदाद और टोबैगो में 'जयपुर फुट' के नए स्थायी केंद्र का उद्घाटन कर उसे राष्ट्रीय संस्थान का दर्जा दिया गया।
- **अवस्थिति:** त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन (Port of Spain)
- **उद्घाटनकर्त्ता:** त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बस्सेसर
- **नाम/दर्जा:** 'नेशनल प्रोस्थेटिक सेंटर' (राष्ट्रीय संस्थान) का आधिकारिक नाम दिया गया।
- **तकनीकी प्रशिक्षण:** BMVS के तकनीशियन गजानंद लांबा वहाँ के स्थानीय लोगों को कृत्रिम अंग बनाने का प्रशिक्षण देंगे, ताकि विकलांगों का स्थायी पुनर्वास हो।

## ऊँटनी के दूध से हाई प्रोटीन पनीर (बीकानेर)

- **संस्थान :** राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र, बीकानेर
- **नवाचार :** वैज्ञानिकों ने ऊँटनी और गाय के दूध के मिश्रण से औषधीय गुणों से युक्त 'हाई प्रोटीन व खनिज समृद्ध पनीर' तैयार किया।
- **मिश्रण अनुपात :** 70% ऊँटनी का दूध और 30% गाय का दूध मिलाया गया (ऊँटनी के दूध की कम जमावट क्षमता को बढ़ाने के लिए)।
- **विशेषता :** पनीर 5-7 दिन तक खराब नहीं होगा और इसका स्वाद हल्का नमकीन,तैयार करने में सिट्रिक अम्ल का उपयोग किया गया।
- **वैज्ञानिक :** डॉ. मितुल बुम्बड़िया व डॉ. राजेन्द्र कुमार

## बकरी के दूध से साबुन-शैम्पू प्लांट (सोजत-पाली)

- राजस्थान का प्रथम संगठित (बकरी के दूध) साबुन-शैम्पू निर्मित प्लांट स्थापित होगा।
- **क्रियान्वयन :** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान कार्यक्रम के तहत्।
- **लागत :** करीब 15 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।
- **विशेष नस्ल :** सोजत की **'हैदराबादी नस्ल'** की बकरियों के दूध का उपयोग किया जाएगा। सके।

## 'इंडिया@100–2047 उदीयमान भारत रोडमैप' पुस्तक

- **आयोजन :** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- **लेखक/मुख्य वक्ता:** सीताराम गुप्ता (निदेशक, समृद्ध भारत अभियान ट्रस्ट)
- **चर्चा का विषय/पुस्तक :** 'इंडिया@100–2047 का उदीयमान भारत : रोडमैप'
- **केंद्रीय विचार :** 2047 का विजन सिर्फ आर्थिक ताकत बनना नहीं है, बल्कि एक ऐसा भारत बनाना है जिसमें समाज का हर वर्ग साथ चले और भागीदार बने।

## 'नक्षत्र वाटिका', 'हर्बल वाटिका' : राजस्थान विधानसभा

- **उद्घाटन :** 5 मई, 2026 सामूहिक रूप से।
- **सूत्रधार :** 16वीं राज. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. देवनानी।
- **सामूहिक उद्घाटन–भारत के 5 राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों द्वारा किया गया।**

1. नरेन्द्र सिंह तोमर (मध्य प्रदेश)
2. सतीश महाना (उत्तर प्रदेश)
3. कुलदीप सिंह पठानिया (हिमाचल प्रदेश)
4. सूरमा पाढी (ओडिशा)
5. मिगमा नाबू साक्षी / मिंगमा नोर्बू शेरपा (सिक्किम)

| 'नक्षत्र वाटिका' की विशेषता | 'हर्बल वाटिका की विशेषता' |
|---|---|
| ♦ विधानसभा भवन के दक्षिण भाग में दोनों पार्किंग स्थलों के मध्य कुल 5,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में एक अर्ध–चंद्राकार उद्यान के रूप में डिजाइन किया गया | ♦ निर्माणः औषधीय पौधों के संरक्षण और उनके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूकता हेतु। |
| ♦ सभी 27 नक्षत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 27 विशिष्ट पौधे लगाए गए। | ♦ वाटिका में कुल 38 प्रकार के विशिष्ट औषधीय पौधे लगाए गए हैं, जिनका उपयोग आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में किया जाता है। |

## 'पंचम वेद–नाट्यशास्त्र पर एकाग्र' ग्रंथ का लोकार्पण

- **लोकार्पण :** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े द्वारा जयपुर के लोकभवन में किया गया।
- **प्रकाशक :** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
- **संपादक :** डॉ. राजेश कुमार व्यास (साहित्य अकादमी सम्मानित कला मर्मज्ञ)
- **ग्रंथ का महत्व (क्यों महत्वपूर्ण है?)**
  - **यूनेस्को मान्यता :** नाट्यशास्त्र को अप्रैल 2025 में यूनेस्को के प्रतिष्ठित **'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड'** रजिस्टर में शामिल किया गया था।
  - **विश्वकोषीय ग्रंथ :** इसमें 37 अध्याय (प्रदर्शन कलाओं, रंगमंच, अभिनय, रस, भाव, वेशभूषा और संगीत पर आधारित)
  - **ऐतिहासिक :** अभिनव गुप्त की टीका का महत्त्व बताया गया। यह ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद का समावेश।

## अष्टम पोषण पखवाड़ा 2026–राजस्थान

- **अवधिः** 09–23 अप्रैल, 2026 तक।
- **आयोजितः** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा।
- **थीमः** 'जीवन के प्रथम छह वर्षों में अधिकतम मस्तिष्क विकास'
- **राष्ट्रीय स्तर :** राजस्थान पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा।
- **शीर्ष 3:** द्वितीय–आंध्र प्रदेश, तृतीय–चंडीगढ़ (UT)
- **जिलावार रैंकिंग**–क्रमशः प्रथम–जोधपुर, बीकानेर, चूरू

## 'विद्या कुंज' : राजस्थान की प्रथम पार्क लाइब्रेरी

- **शुभारंभ :** केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा अलवर में।
- **नवाचार :** प्रदेश की पहली ऐसी लाइब्रेरी है जो एक सार्वजनिक पार्क के शांत वातावरण में खुली हवा के बीच स्थापित की गई ताकि स्थानीय विद्यार्थी और नागरिक प्रकृति के करीब रहकर पढ़ाई कर सकें।

## राज्य पक्षी गोडावण : 21 मई 'गोडावण दिवस'

- <u>राज्य स्तरीय गोडावण दिवस समारोह–</u>
  - **संस्करणः** प्रथम
  - **आयोजनः** उत्कर्ष जैन भवन, जैसलमेर
  - **प्रतिमा अनावरणः** गोडावण आदमकद मूर्ति
  - **कारणः** 21 मई, 1982 को राज्य पक्षी घोषित किए जाने के उपलक्ष्य पर।
  - **मुख्य अतिथिः** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा
- **वैज्ञानिक नाम :** अर्डियोटिस नाइग्रिसेप्स
- **मुख्य प्राकृतिक आवास :** राष्ट्रीय मरु उद्यान जो जैसलमेर और बाड़मेर जिलों में विस्तृत है, इसके अलावा सोरसन (बारां) एवं सोंखलिया (अजमेर) के घास के मैदानों में भी पाया जाता है।
- IUCN रेड लिस्ट 'गंभीर रूप से लुप्तप्राय' श्रेणी में।
- **कानूनी सुरक्षा :** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची–I में शामिल।

- **प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड :** राजस्थान देश का प्रथम ऐसा राज्य है जिसने 2013 में गोडावण संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट ग्रेट इंडियन बस्टर्ड' की शुरुआत की थी।
- **इन-विट्रो/कृत्रिम प्रजनन केंद्र :** रामदेवरा (जैसलमेर) और सम (जैसलमेर) में भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) और वन विभाग के समन्वय से 'गोडावण संरक्षण एवं कृत्रिम प्रजनन केंद्र' संचालित। वैज्ञानिकों द्वारा इनक्यूबेटर के माध्यम से अंडों से 'हैचलिंग्स' निकालकर आबादी बढ़ाई जा रही है।

## नवीनतम स्वीकृत पैनोरमा : राजस्थान

- राजस्थान के महापुरुषों और लोक देवताओं की जीवनी को डिजिटल और कलात्मक रूप से प्रदर्शित करने के लिए।
- **मुख्य उद्देश्य**– 'इतिहास को केवल किताबों तक सीमित न रखकर उसे दृश्य माध्यमों से जीवंत करना'।
- **संरक्षण:** 'राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण' तथा राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा।
  - श्री महावीर जी पैनोरमा : करौली
  - श्री विद्यासागर जी महाराज पैनोरमा : अजमेर
  - श्री जसनाथ जी पैनोरमा : बीकानेर (कतरियासर)
  - श्री खेमा बाबा पैनोरमा : बालोतरा (बायतु)
  - श्री भामाशाह पैनोरमा : चित्तौड़गढ़
  - श्री राव चंद्रसेन पैनोरमा : जोधपुर
  - संत श्री दुर्बलनाथ पैनोरमा : बांदीकुई (दौसा)
  - वीर दुर्गादास राठौड़ पैनोरमा : सिवाना (बालोतरा)
  - महर्षि दयानन्द सरस्वती का पैनोरमा : अजमेर
  - वीर तेजाजी पैनोरमा : खरनाल (नागौर)
  - भक्त शिरोमणि करमा बाई पैनोरमा : डीडवाना
  - हाड़ी रानी पैनोरमा : सलूंबर

## नीति आयोग जल बजटिंग रिपोर्ट : राजस्थान

- **राजस्थान के 3 चयनित पायलट ब्लॉक:** भूजल के सबसे ज्यादा दोहन के मामले में देश भर के 18 ब्लॉकों में यह अध्ययन किया, जिसमें राजस्थान के 3 ब्लॉक सबसे ऊपर और अत्यधिक संवेदनशील श्रेणी में रहे।
  1. **भीम ब्लॉक (राजसमंद)** भूजल दोहन का स्तर देश में सर्वाधिक 145.24% दर्ज।
  2. **कोटड़ी ब्लॉक (भीलवाड़ा)** पाताल से पानी निकालने की दर 132.50% दर्ज।
  3. **आबू रोड ब्लॉक (सिरोही)** भूजल दोहन का स्तर 113.98% दर्ज।
- **सतही जल का कुप्रबंधन**–
  - **अपवाह में बर्बादी:** रिपोर्ट के अनुसार मानसून के दौरान कोटड़ी ब्लॉक में हर साल 12,522.8 हेक्टेयर मीटर और आबू रोड में 15,888.0 हेक्टेयर मीटर वर्षा जल अपवाह के रूप में बहकर बेकार चला जाता है।
  - **क्षमता का न्यूनतम उपयोग :** आबू रोड अपनी कुल स्थापित सतही जल क्षमता का महज 5% और कोटड़ी ब्लॉक मात्र 9.6% ही उपयोग कर पाता है।

## नीति आयोग रिपोर्ट : राजस्थान के शिक्षा नवाचार

- **रिपोर्ट का नाम :** 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: गुणवत्ता संवर्धन के लिए सामयिक विश्लेषण और नीतिगत रूपरेखा' (**'School Education System in India:** Temporal Analysis and Policy Roadmap for Quality Enhancement' on May 6, 2026)
- **जारीकर्त्ता:** नीति आयोग, भारत सरकार
- नीति आयोग ने राजस्थान सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे अभूतपूर्व शिक्षा नवाचारों की दो प्रमुख फ्लैगशिप पहलों को देश के लिए **'गुड स्टेट प्रैक्टिसेज'** **(Good State Practices)** यानी अनुकरणीय सर्वश्रेष्ठ प्रणालियाँ घोषित किया गया है।
  1. शाला स्वास्थ्य अभियान
  2. AI आधारित मूल्यांकन प्रणाली
- वर्ष 2024-25 में पूरे देश में केवल 5.4% विद्यालयों में कक्षा 1-12 तक **एकीकृत शिक्षा** सीमित रही जबकि राजस्थान में यह आँकड़ा **सम्पूर्ण देश का लगभग 35% दर्ज किया गया।**
- राजस्थान देश का एकमात्र प्रदेश है जहाँ विद्यार्थियों को सर्वाधिक प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा एक ही जगह उपलब्ध हो रही है। (प्रदेश के 27,889 विद्यालय)

- देश का 1-12वीं तक की एकीकृत शिक्षा उपलब्ध कराने वाला प्रत्येक तीसरा विद्यालय राजस्थान में संचालित है।
- रिपोर्ट के अनुसार, मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान के OCR तकनीक और AI आधारित मूल्यांकन प्रणाली के जरिए 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को 'लर्निंग पॉवर्टी' से बाहर निकालने में मदद मिली तथा अधिगम स्तर में 8-10% वार्षिक सुधार दर्ज हुआ।

## तम्बाकू नियंत्रण: राजस्थान का वैश्विक मॉडल

- **राज्यव्यापी विशेष अभियान:** 22-30 मई, 2026 तक COTPA (सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम, 2003) के तहत।
- **सख्त कार्रवाई:** कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर कुल 2137 चालान किए गए।
- **सर्वाधिक चालान वाले जिले :** जयपुर (290), भरतपुर (216), जोधपुर (202), अलवर (149) और नागौर (130)
- **वर्ष 2025-26 उपलब्धि :** वर्ष 2025-26 के दौरान COTPA के तहत 1.36 लाख से अधिक चालान किए गए।
- **वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड 2026 :** राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 'दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र' में विश्व स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया।
- **परामर्श केंद्र :** प्रदेश में ब्लॉक स्तर तक 500 से अधिक तम्बाकू मुक्ति उपचार संचालित।
- **आयुष्मान आरोग्य मंदिर :** 31 मई (तम्बाकू निषेध दिवस) को राज्य के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष परामर्श सत्र आयोजित।
- **सामुदायिक भागीदारी :** आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत् वर्ष 2025-26 में 13,744 गाँवों में तम्बाकू नियंत्रण हेतु प्रस्ताव पारित किए गए है और 32,380 तम्बाकू मॉनिटर/एम्बेसेडर तैनात किए गए।
- **कानूनी ढाँचा :** COTPA 2003 के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिषेध अधिनियम 2019 एवं हुक्का बार प्रतिबंध पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

## 'प्रसार' (PRASAR) राज्य स्तरीय जनसंपर्क सम्मान समारोह

- **आयोजन :** पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (PRASAR) द्वारा बीकानेर में 30 मई,2026 को।
- **मुख्य अतिथि :** केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल
- **अध्यक्षता :** प्रसार अध्यक्ष डॉ. हरि शंकर आचार्य
- **प्रमुख अवॉर्ड वितरण-**
  - **घनश्याम गोस्वामी स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट**
    - गोपाल शर्मा (सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक,DIPR)
  - **किशनकुमार व्यास 'आजाद' स्मृति जनसंपर्क रत्न**
    - श्रीमती वीना करमचंदाणी (पूर्व सहायक निदेशक)
  - **दिनेश चंद सक्सेना स्मृति युवा जनसंपर्क कर्मी**
    - सुरेंद्र सामरिया (बगवाड़ा)
  - बीकानेर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय तथा निर्विकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंस्टा वीडियो प्रतियोगिता **'हरख बीकाणा'** के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

**संस्था : 'प्रसार' (PRASAR)**

- **पूरा नाम :** पब्लिक रिलेशंस एंड एलाइड सर्विसेज एसोसिएशन ऑफ राजस्थान

  (Public Relations and Allied Services Association of Rajasthan)
- **प्रकृति :** राजस्थान सरकार के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (DIPR) के अधिकारियों और कर्मचारियों का एक आधिकारिक एवं पंजीकृत राज्य स्तरीय सेवा संगठन।
- **स्थापना :** वर्ष 1971
- **उद्देश्य :** राजस्थान सूचना सेवा (RIS) संवर्ग को मजबूती प्रदान करना तथा जनसम्पर्क कर्मियों के कल्याण एवं हितों की रक्षा करना।
- संगठन वर्ष 2019 से दिवंगत जनसम्पर्क अधिकारियों की स्मृति में वार्षिक पुरस्कार प्रदान कर रहा है।

## जनजाति गौरव सम्मान समारोह- 29 मई 2026

- **आयोजन :** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा 'जनजाति गरिमा उत्सव' के अंतर्गत।
- **स्थान :** माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (TRI), उदयपुर
- **मुख्य अतिथि :** बाबूलाल खराड़ी (जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री)

| क्षेत्र | सम्मानित का नाम |
|---|---|
| खेल (लेक्रोस) | ♦ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता महिला टीम कप्तान सुनीता मीणा<br>♦ मोहनलाल गमेती (पुरुष टीम) |
| कृषि एवं उद्यानिकी | ♦ गैनाराम– सिरोही<br>♦ संतोष कुमार,शांतिबाई– प्रतापगढ़ |
| उद्यमिता | ♦ ममता मीणा–प्रतापगढ़ |
| आजीविका | ♦ सोमाराम–सिरोही<br>♦ सुरेन्द्र मीणा– उदयपुर |
| सामाजिक सुधार (कुरीतियों से मुक्ति) | ♦ डॉ. देवीलाल–उदयपुर<br>♦ रूपजी बारिया–बांसवाड़ा<br>♦ थावराराम गरासिया–सिरोही<br>♦ मणिलाल देवतरा– डूंगरपुर |
| रक्तदान हेतु प्रेरणा | ♦ भुरीलाल खराड़ी |
| शिक्षा | ♦ भेराराम (राज. तहसीलदार सेवा)<br>♦ गणेश कटारा (कक्षा 12 कला वर्ग में 95%)<br>♦ जितेन्द्र निनामा( विज्ञान वर्ग में 95.40%) |
| भामाशाह सम्मान | ♦ छात्रावास निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले ओम प्रकाश भील |

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

## ओरणभूमि–जैसलमेर

- राजस्थान सरकार द्वारा जैसलमेर जिलें में पर्यावरण संरक्षण एवं स्थानीय आस्था के तहत् 3,666.2139 हेक्टेयर भूमि को ओरण भूमि में आरक्षित करने का निर्णय लिया गया।

## ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (GRAM:2026)

- **मुख्य आयोजन:** 23-25 मई, 2026 को JECC सीतापुरा, जयपुर में होना था जिसें राजस्थान सरकार द्वारा स्थगित कर दिया गया।
- **प्रचार एवं रोड शो**
  - ➢ 23 अप्रैल (नई दिल्ली) - मुख्यमंत्री सहित उद्यमियों द्वारा।
  - ➢ 26 अप्रैल (बैंगलूरू) - रोड शो

## 'मैंने कभी चिड़िया नहीं देखी' फिल्म का चयन

- जयपुर की कथाकार एवं फिल्म निर्देशक-ऊषा दशोरा
- चयन: 15वें दिल्ली इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, 2026 में जो 4-8 मई, 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित किया गया ।
- विषय: बाल मनोविज्ञान एवं पर्यावरणीय चेतना

## भोगीशैल परिक्रमा-2026 : जोधपुर

- शुभारंभ : 25 मई को घण्टाघर प्रांगण, जोधपुर।
- विशेष अवसर : विक्रम संवत 2083, ज्येष्ठ शुक्ल दशमी (अधिक मास)

## 'हीटवेव प्रिपेयर्डनेस एंड मिटिगेशन' राष्ट्रीय कार्यशाला

- **आयोजन :** सिविल इंजीनियरिंग विभाग, पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर (24-25 मई, 2026)
- **विषय :** 'हीटवेव प्रिपेयर्डनेस एंड मिटिगेशन'
- **सहयोगी संस्थान–**
  - ➢ MoES: (पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार)
  - ➢ IMD: (भारत मौसम विज्ञान विभाग)
  - ➢ SAMA: (दक्षिण एशियाई मौसम विज्ञान संघ)
  - ➢ IMS जयपुर चैप्टर: (भारतीय मौसम विज्ञान समाज-जयपुर शाखा)

## सुप्रीम कोर्ट निर्णय : राजस्थानी भाषा

- **निर्णय तिथि:** 12 मई,2026
- **पीठ :** जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता
- **मुख्य निर्देश :** राजस्थान सरकार को प्रदेश के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में राजस्थानी भाषा अनिवार्य रूप से पढ़ाने का आदेश।

- **क्रियान्वयन :** चरणबद्ध तरीके से लागू करना-शुरुआत प्रारंभिक कक्षाओं से।
- **संदर्भ:** पदम मेहता और अन्य बनाम राजस्थान राज्य वाद 2026
- **अनुपालन रिपोर्ट:** राज्य सरकार को 30 सितंबर, 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

## पद्म श्री सम्मान 2026: राजस्थान की तीन हस्तियाँ

- <u>**25 मई, 2026**</u> को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित **प्रथम चरण 'पद्म पुरस्कार सम्मान समारोह : 2026'** में राजस्थान के तीन विशिष्ट व्यक्तित्वों को वर्ष 2026 के पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया।
- कला क्षेत्र में गफरुद्दीन मेवाती जोगी, तगाराम भील को, जबकि समाज सेवा के क्षेत्र में स्वामी ब्रह्मदेव जी महाराज को **देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री** से सम्मानित किया गया।

## ग्राम रथ अभियान

- **शुभारंभ:** 27 अप्रैल 2026 से जयपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।
- **अवधि:** 15 दिवसीय (27 अप्रैल-11मई 2026 तक)
- **संबंधित विभाग:** राजस्थान सरकार के 13 विभाग
- 183 ग्रामीण बहुल विधानसभा क्षेत्रों में पहुँचे ग्राम रथ।
- प्रतिदिन 4-5 ग्राम पंचायतों में जन जागरूकता कार्यक्रम एवं सरकार योजनाओं की सुगम पहुँच बढ़ाना।
- **नोडल विभाग:** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग
- **समापन:** ठिकरिया गाँव, बगरू (जयपुर)

## राजस्थान का प्रथम ड्यूअल सोर्स पॉवर सप्लाई डेटा सेंटर:सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर

- **IT लोड क्षमता:** 6 मेगावॉट
- ड्यूल सोर्स सप्लाई में एक साथ दो अलग-अलग स्वतंत्र ग्रिड सब स्टेशनों से बिजली की निर्बाध आपूर्ति की जाती है।
- लगभग 95,3000 वर्ग फीट क्षेत्र में विस्तृत।

## महत्त्वपूर्ण नियुक्तियाँ

- **प्रो. कैलाश डागा-**
  - मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (MLSU) उदयपुर के कुलगुरु नियुक्त।
  - कार्यकाल: 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो)
- **प्रो. मदन सिंह राठौड़-**
  - महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के कुलगुरु नियुक्त।
  - कार्यकाल: 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो)

## मोकलवास-जोधपुर: पंचगव्य चिकित्सा

- पशुपालन मंत्री, राजस्थान सरकार जोराराम कुमावत ने जोधपुर जिले के मोकलवास स्थित गौ-संवर्द्धन आश्रम में **'भारत के प्रथम पंचगव्य चिकित्सा पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया।'**
- **संयुक्त प्रयास:** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं लक्ष्य पर्यावरण एवं जनकल्याण संस्थान (विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त रिकॉग्नाइज्ड सेंटर) द्वारा।
- **पंचगव्य चिकित्सा:** गाय से प्राप्त 5 प्रमुख अमृत तत्वों (दूध, दही, घी, गौमूत्र, गोबर) के औषधीय एवं चिकित्सकीय उपयोग की वैज्ञानिक पद्धतियाँ विकसित करना।

## राजस्थान का प्रथम अत्याधुनिक 'आर्बिट्रेशन एवं मेडिएशन सेंटर'- विधिक सेवा सदन परिसर-जयपुर

- **उद्घाटन:** 10 मई, 2026 को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संदीप मेहता एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक CJ संजीव प्रकाश शर्मा द्वारा।
- **विकास:** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भारत सरकार के मध्यस्थता अधिनियम 2023 के तहत्।
- **विशेषता/उद्देश्य:** त्वरित न्याय, वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) प्रणाली को मजबूत करना।

# 02 राष्ट्रीय समसामयिकी

## विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)

- उच्चतम न्यायालय ने **एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) बनाम भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) 2025** मामले में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (SIR) को आयोजित करने की चुनाव आयोग (EC) की शक्ति और प्रक्रिया की **संवैधानिकता को बरकरार रखा** है।
- SIR का उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक दायित्व को सुरक्षित करना है तथा यह सुनिश्चित करना कि जिस मतदाता सूची से चुनाव सम्पन्न होते हैं, वह सटीक और विश्वसनीय है।
- **SIR 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1950'** या **'1960 के नियमों'** का उल्लंघन नहीं करता है, बल्कि यह RPA अधिनियम 1950 की धारा 21(3) के माध्यम से अनुच्छेद 324 के संवैधानिक जनादेश (स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव) को जीवंत बनाए रखता है।
- न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि ECI किसी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से संतुष्ट नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची से हटा देता है, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि वह व्यक्ति भारत का नागरिक नहीं है।
  - ECI केवल चुनावी उद्देश्यों के लिए निर्णय लेता है। वास्तविक नागरिकता का निर्धारण 'नागरिकता अधिनियम, 1955' के तहत एक सक्षम प्राधिकारी द्वारा ही किया जा सकता है।
  - यदि संबंधित व्यक्तियों को अंतत: भारतीय नागरिक पाया जाता है, तो उनके नाम पुन: निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने चाहिए।
- **आनुपातिकता का परीक्षण:** उच्चत्तम न्यायालय ने SIR को आनुपातिकता के मानकों पर वैद्य माना है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) क्या है?

- यह मतदाता सूची को अद्यतन करने और उसमें से मृत, स्थानांतरित या अपात्र/फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने तथा नए पात्र मतदाताओं को जोड़ने की एक विस्तृत प्रक्रिया है।
- एक सहभागी प्रक्रिया है जिसमें मतदाता, राजनीतिक दल और चुनाव अधिकारी सहित सभी हितधारक शामिल होते हैं।
- **संवैधानिक एवं वैधानिक ढाँचा**
  - **अनुच्छेद 324** (1) निर्वाचन आयोग को चुनाव कराने के लिए मतदाता सूचियों को तैयार करने के **अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण** की शक्ति प्रदान करता है।
  - **जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (RPA), 1950** की धारा 21(3) निर्वाचन आयोग को अधिकार देती है कि वह, दर्ज किए जाने वाले कारणों के आधार पर, किसी भी समय किसी भी निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कर सकता है।
  - **निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 (नियम 21A):** यह नियम अनिवार्य करता है कि मतदाता सूची में पहले से दर्ज किसी भी नाम को संबंधित मतदाता को **पूर्व सूचना (Notice) और सुनवाई का अवसर** दिए बिना नहीं हटाया जा सकता है।
- **मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–3rd चरण**
  - निर्वाचन आयोग ने 14 मई को संविधान के अनुच्छेद 324 और RPA अधिनियम 1950 की धारा 21 के तहत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में SIR कराने की घोषणा की है। यह प्रक्रिया 30 मई से 23 दिसंबर 2026 तक चलेगी।
  - इसके साथ ही तीसरे चरण में **हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर** पूरे देश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लागू हो जाएगा।
  - चुनाव आयोग ने **24 जून 2025** को पूरे देश में SIR कराने की घोषणा की थी। मई, 2026 तक 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हो चुके हैं।
  - प्रथम चरण के तहत बिहार में सबसे पहले SIR हुआ था।

- दूसरे चरण के तहत 28 अक्टूबर 2025 से 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में SIR हुआ।
- भारत में SIR करीब 21 साल बाद हो रहा है। इससे पहले देशभर में ऐसा बड़ा अभियान **2002–2005** के बीच चला था।
- देश में SIR की प्रक्रिया **8वीं** बार हो रही है।

## 5 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव

- भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा अप्रैल–मई 2026 में 4 राज्यों (असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल) और 1 केंद्र शासित प्रदेश (पुडुचेरी) के लिए विधानसभा चुनाव संपन्न कराए गए।
- **मतगणनाः** 4 मई, 2026 को।

| राज्य | बहुमत प्राप्त दल/गठबंधन | विपक्ष | नियुक्त मुख्यमंत्री |
|---|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल (विधानसभा सीटें– 294) राज्यपालः आर. एन. रवि | भारतीय जनता पार्टी – 207+1 ( फालता सीट) BJP ने पश्चिम बंगाल में प्रथम बार सरकार बनाई। | आल इण्डिया तृणमूल कांग्रेस– 80 | शुभेंदु अधिकारी (BJP): पश्चिम बंगाल के 9वें मुख्यमंत्री। |
| तमिलनाडु (विधानसभा सीटें– 234) राज्यपालः राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर | तमिझागा वेत्री कड़गम (TVK) – 108 सीटें जीतीं TVK ने VCK और IUML का समर्थन हासिल कर सरकार बनाई थी। | द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) : 59 सीटें अन्नाद्रमुक (AIADMK) : 47 सीटें । | सी जोसेफ विजय : (TVK) तमिलनाडु के **9 वें मुख्यमंत्री**। |
| असम ( विधानसभा सीटें– 126) राज्यपाल : लक्ष्मण प्रसाद आचार्य | राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA)-102 सीटें। BJP– 82 सीटों असम गण परिषद (AGP) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (BPF)- 10–10 सीटें | कांग्रेसः 21 सीटें ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (AIUDF) : 2 सीटें | **हिमंत बिस्वा सरमाः** 15वें **मुख्यमंत्री** असम में लगातार **दो बार मुख्यमंत्री** बनने वाले **पहले गैर कांगेसी नेता** बन गए। |
| केरल (विधानसभा सीटें– 140) राज्यपालः राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर | कांग्रेस के नेतृत्व वाले UDF (United Democratic Front) ने 102 सीटों पर जीत दर्ज की ( कांग्रेस –63 सीटें)। | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली वाम लोकतांत्रिक मोर्चा LDF की हार के साथ ही वर्तमान में भारत के किसी भी राज्य में वामपंथी सरकार नहीं है। | वीडी सतीशनः 13वें मुख्यमंत्री। |
| पुडुचेरी (विधानसभा सीटें – 30) | राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA)–17 सीटें अखिल भारतीय एन.आर. कांग्रेस (AINRC) –12 • BJP- 4 सीटें | कांग्रेस–डीएमके गठबंधन– 6 सीटें | एन. रंगास्वामी – (AINRC) पुडुचेरी के पाँचवीं बार मुख्यमंत्री बने। |

- असम (85.38%), तमिलनाडु (84.69%), पुडुचेरी (89.83%) और पश्चिम बंगाल(92.47%) में आजादी के बाद से अब तक की सबसे ज्यादा चुनावी भागीदारी दर्ज की गई।
- **'उपर्युक्त में से कोई नहीं' (NOTA)** का विकल्प चुनने वाले मतदाताओं का प्रतिशत **असम** में **सबसे अधिक 1.23%** और **तमिलनाडु** में **सबसे कम 0.4%** था।
- निर्वाचन अधिकारी (RO) **चुनाव संचालन नियमावली, 1961** के अनुसार आधिकारिक राजपत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करेंगे ।

- **लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1)(ख)** के अनुसार किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान पूरा होने के निर्धारित समय से **48 घंटे पहले** से साइलेंस पीरियड (मौन अवधि) के दौरान एक्जिट पोल और टेलीविजन या ऐसे किसी माध्यम से चुनाव सामग्री प्रदर्शित करना प्रतिबंधित होता है।
- पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि ने संविधान के **अनुच्छेद 174** के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए मौजूदा **विधानसभा को भंग** किया था।
- **अंतर्राष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम (IEVP)-2026**
    - **उद्घाटन :** मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) श्री ज्ञानेश कुमार , निर्वाचन आयोग
    - कार्यक्रम के पहले चरण में, प्रतिनिधियों ने 8-9 अप्रैल 2026 को असम, केरल और पुडुचेरी का दौरा किया।
    - दूसरे चरण में प्रतिनिधियों ने 20 अप्रैल 2026 से पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु राज्यों का दौरा किया।

## सुनेत्रा पवार

- **राष्ट्रीय रिकॉर्ड :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) की राजनेता और महाराष्ट्र की पहली उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार **ने बारामती विधानसभा सीट उपचुनाव** में 2,18,034 मतों (कुल वैध मतों का लगभग 97.8%) के विशाल अंतर से जीत दर्ज की है।
    - इन्होंने विधानसभा चुनावों में **जीत के सबसे बड़े अंतर** का **नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड** बनाया है।

## अन-नैचुरल डेमोग्राफिक चेंज पर उच्च स्तरीय समिति का गठन

- **गठन:** गृह मंत्रालय द्वारा 26 मई को किया गया।
- **कार्य:** भारत में हो रहे अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का विश्लेषण कर उनके प्रभावी समाधान प्रस्तुत करना।
- **अध्यक्ष:** सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश **न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर**
- **सदस्य:** जनगणना आयुक्त तथा 3 विशेषज्ञ-दुर्गा शंकर मिश्रा (सेवानिवृत्त IAS), बालाजी श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त IPS), डॉ. शमिका रवि (अर्थशास्त्री)।
- अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय परिवर्तन? जब जन्म-मृत्यु जैसे प्राकृतिक कारकों के बजाय **बाहरी हस्तक्षेप या घुसपैठ** के कारण **आबादी का स्वरूप बदल** जाए और वहाँ का **सामाजिक-धार्मिक ताना-बाना प्रभावित** हो।

## भोजशाला पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का निर्णय

- मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने धार जिले में स्थित विवादित **'भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर'** को मुख्य रूप से **वाग्देवी (सरस्वती) को समर्पित एक हिंदू मंदिर घोषित** किया है।
- इस निर्णय ने **भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI)** द्वारा **वर्ष 2003** में जारी की गई व्यवस्था (आदेश) को रद्द कर दिया है, जिसके तहत **दोनों समुदायों (हिन्दू-मुस्लिम) को विशिष्ट दिनों में प्रार्थना करने की अनुमति** दी गई थी।
- इस स्थल को **'प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम, 1904'** के अंतर्गत एक **राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक का दर्जा** प्राप्त है।
- **भोजशाला परिसर**
    - **स्थापना:** परमार वंश के शासक **राजा भोज** (1000-1055 ई.) द्वारा की गई थी।
    - प्राचीन काल में यह **संस्कृत शिक्षा** का एक प्रमुख केंद्र और वाग्देवी (देवी सरस्वती) को समर्पित एक मंदिर था।
    - वाग्देवी की मूल प्रतिमा **संप्रति लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम** में संरक्षित है।
    - यहाँ पत्थरों पर प्राचीन प्राकृत भाषा में भगवान विष्णु के **कूर्मावतार** (कच्छप अवतार) की दो स्तुतियाँ और शास्त्रीय काव्य उत्कीर्ण हैं।
    - मालवा सल्तनत के दौरान इस शिक्षा और धर्म के केंद्र के कुछ हिस्सों को मस्जिद का रूप दिया गया था। यह स्थान **सूफी संत शेख कमाल मौला** की स्मृति से भी संबद्ध है।

## फलोदी दुर्घटना बनाम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं अन्य (2025)

- उच्चतम न्यायालय ने इस वाद में **राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षित यात्रा के अधिकार** को एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी है, जिसे संविधान के **अनुच्छेद 21** के अंतर्गत **'जीवन के अधिकार'** का अभिन्न हिस्सा घोषित किया है।
- न्यायालय के अनुसार, **सुरक्षित, अच्छी तरह से बनाए रखी गई और मोटर-योग्य सड़कें** अब केवल नीतिगत उद्देश्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य का **एक संवैधानिक दायित्व** है।
- सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के **अनुच्छेद 142** के तहत अपनी अंतर्निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए, शीर्ष अदालत ने नवंबर 2025 में घटित दो सड़क हादसों का स्वतः संज्ञान लिया था।

## सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि

- **मंजूरी:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026** के प्रस्ताव को मंजूरी दी है तथा राष्ट्रपति ने इसके लिए **अध्यादेश** जारी किया।
- **प्रावधान :** भारत के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या (भारत के मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) को वर्तमान **33 से बढ़ाकर 37** करना।
- **वर्तमान स्थिति:** भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) + 33 न्यायाधीश।
- **सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम 1956 की धारा 2** में संशोधन के माध्यम से वर्ष 2019 में न्यायाधीशों की संख्या 31 से बढ़ाकर 33 की गई थी।
- अब तक उच्चतम न्यायालय न्यायाधीशों की संख्या **सातवीं बार** बढ़ाई गई है।
- **संवैधानिक प्रावधान:** संविधान का **अनुच्छेद 124(1)** केवल **संसद** को सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृत संख्या बढ़ाने का अधिकार देता है।

## राष्ट्रगीत को राष्ट्रगान के बराबर का दर्जा

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रगीत को राष्ट्रगान के बराबर का दर्जा देने के लिए **'राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971' की धारा-3** में संशोधन करने को मंजूरी दी है।
- संशोधित प्रावधान-
  - **राष्ट्रगीत की गायन अवधि 3 मिनट 10 सेकंड** निर्धारित होगी और इसके सभी **छह श्लोकों** का गायन अनिवार्य होगा।
  - **सजा:** राष्ट्रगीत के गायन में जान-बूझकर बाधा डालने पर 3 साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की कैद का प्रावधान है।
- राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के तहत **संविधान, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान** का अपमान करने पर कैद, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

## 'पद्म डोरी' का वैश्विक लॉन्च

- **अनावरण:** पूर्वोत्तर हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम (NEHHDC), पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (MDoNER) ने।
- **पद्म डोरी:** यह एक विशिष्ट **अंतर-सांस्कृतिक वस्त्र पहल है** जो पूर्वोत्तर भारत की **एरी रेशम** परंपराओं को **मध्य प्रदेश** की **चंदेरी बुनाई** की समृद्ध धरोहर के साथ जोड़ती है।
- **उद्देश्य:** एक स्थायी और कारीगर-केंद्रित वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना।
- **एरी रेशम (अहिंसा रेशम):** रेशम के कीड़ों को मारे बिना इसे भारत के **पूर्वोत्तर राज्यों (असम और मेघालय)** में तैयार किया जाता है।

## भारत की तीन ऐतिहासिक कांस्य मूर्तियों की वापसी

- **चर्चा में क्यों?** केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने स्मिथसोनियन संस्थान के **'एशियाई कला के राष्ट्रीय संग्रहालय'** से तीन कांस्य मूर्तियों को वापस भारत लाने की घोषणा की।
- ये प्रतिमाएँ **मूल रूप से तमिलनाडु** के मंदिरों से संबंधित हैं।

| क्र.स. | प्रतिमा का नाम | काल/राजवंश | मूल स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | शिव नटराज | चोल काल (लगभग 990 ईस्वी) | **श्री भाव औषदेश्वर** मंदिर, तंजावुर जिला (तमिलनाडु) |
| 2. | सोमस्कंद (शिव और उमा) | चोल काल (12वीं शताब्दी) | **विश्वनाथ मंदिर**, अलात्तूर गाँव (तमिलनाडु) |
| 3. | संत सुंदरार परवई के साथ | विजयनगर काल (16वीं शताब्दी) | **शिव मंदिर**, वीरसोलपुरम गाँव (तमिलनाडु) |

### मल्टी-लेन फ्री फ्लो (MLFF) टोलिंग प्रणाली

- **शुरुआत:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने **गुजरात में NH-48** के **सूरत-भरूच खंड** के **चोरायासी टोल प्लाजा** पर।
- भारत की **पहली** MLFF बाधा रहित टोलिंग प्रणाली ।
- **संचालन: भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)** द्वारा।
- यह अत्याधुनिक प्रणाली **ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (ANPR) और FASTag इलेक्ट्रॉनिक** टोल संग्रह जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करती है, जिससे वाहनों को बिना रुके निर्बाध टोल संग्रह की सुविधा मिलती है।

### ऑपरेशन RAGEPILL

- **चर्चा में क्यों? नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB)** द्वारा चलाया गया एक **विशेष और गुप्त अभियान।**
- NCB ने कार्रवाई में लगभग 227.7 किलोग्राम **कैप्टागन टैबलेट/पाउडर** सिंथेटिक ड्रग्स जब्त किया।
- कैप्टागन में मुख्य रूप से **फेनेटाइलीन और एम्फेटामाइन** पाए जाते हैं, जो **NDPS (Narcotic Drugs and Psychotropic Substances) अधिनियम, 1985** के तहत **मादक पदार्थ** श्रेणी में आते हैं।

## चर्चित स्थान

### वाघेरी हिल और साओ जॉर्ज द्वीप

- **गोवा सरकार** ने निर्माण गतिविधियों को रोकने के लिए वाघेरी हिल और साओ जॉर्ज द्वीप को **'विकास निषेध क्षेत्र' (NDZ)** घोषित किया है।
- **वाघेरी पहाड़ी:** महाराष्ट्र-गोवा सीमा के पास **पश्चिमी घाट** में स्थित है।
- **साओ जॉर्ज द्वीप:** दक्षिण गोवा के **मोरमुगाओ क्षेत्र** में स्थित है।

### वारंगल (तेलंगाना)

- प्रधानमंत्री ने वारंगल (तेलंगाना) में **देश का पहला कार्यरत पीएम मित्र पार्क (ब्राउनफील्ड)** का उद्घाटन किया ।
- **प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (PM MITRA) योजना**
  - योजना के तहत **कपड़ा मंत्रालय** द्वारा मार्च 2023 में **तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश** राज्यों (7) में इन पार्कों को विकसित करने की मंजूरी दी गई थी।

### पिछोर

- शिवपुरी, मध्य प्रदेश के पिछोर में स्थित **दुर्लभ 'गोलाकार ग्रेनाइट' चट्टानी** संरचना पर हुए नवीनतम अध्ययन ने इसके ऐतिहासिक एवं भूवैज्ञानिक महत्व की पुष्टि की है।
- **महत्व:** यह संरचना **बुंदेलखंड क्रेटन के नियोआर्कियन मैग्मैटिक** इतिहास से जुड़ी है, जिसकी आयु लगभग 2.5 अरब वर्ष (Neoarchean Era) आंकी गई है।
- **भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI)** इस अनूठी संरचना को **राष्ट्रीय भू-विरासत स्थल** घोषित कर चुका है।

### असम

- असम विधानसभा ने राज्य में **समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक, 2026** को पारित कर दिया है। इसके साथ ही, उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम इस प्रकार का विधेयक पारित करने वाला **देश का तीसरा राज्य बन** गया है।
- **"AI Educator Series" कार्यक्रम: Google** और **UNICEF** के सहयोग से असम में लागू किया जाएगा।
  - इस पहल के तहत **शिक्षकों** को कक्षा शिक्षण और शिक्षण पद्धति को बेहतर बनाने के लिए AI आधारित उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# चर्चित व्यक्तित्व

## बाबा बंदा सिंह बहादुर (1670–1716)

- 1710 ई. में बाबा बंदा सिंह बहादुर द्वारा सरहिंद की ऐतिहासिक जीत की स्मृति में 12 मई को **सरहिंद फतेह दिवस** मनाया गया।
- **बाबा बंदा सिंह बहादुर:** खालसा सेना के प्रधान सेनापति थे।
  - **वह गुरु गोबिंद सिंह जी** के शिष्य बने, जिन्होंने उन्हें 'बंदा सिंह बहादुर' का नाम दिया ।
  - मुगल **सम्राट फर्रुखसियर** द्वारा बंदी बनाए गए।

## कुलजीत कौर मरहास

- **चर्चा में क्यों?** अहमदाबाद स्थित **भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (PRL)** की वैज्ञानिक कुलजीत कौर मरहास को '**द मेटियोरिटिकल सोसाइटी**' द्वारा वर्ष 2026 के लिए **'फेलो'** चुना गया है।
- वह **ग्रह और उल्कापिंड विज्ञान** के सर्वोच्च अंतरराष्ट्रीय सम्मान को प्राप्त करने वाली **पहली भारतीय महिला व तीसरी भारतीय वैज्ञानिक** (देवेंद्र लाल और जे.एन. गोस्वामी) बन गई हैं।
- **द मेटियोरिटिकल सोसाइटी: स्थापना–1933** में, यह **उल्कापिंडों, ग्रहों के पदार्थों और सौर मंडल** के अध्ययन को समर्पित एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक संगठन है।

## शहीद वीर गुण्डाधुर

- केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में **शहीद वीर गुण्डाधुर सेवा डेरा जन सुविधा केन्द्र** का शुभारंभ किया।
- **शहीद वीर गुण्डाधुर:** जन्म बस्तर के नेतानार गाँव में **धुरवा आदिवासी समुदाय** में हुआ था।
  - वर्ष 1910 में आदिवासी नेता ने **भूमकाल विद्रोह** का नेतृत्व किया था।

# निधन

## मेजर जनरल बी.सी. खंडूरी (सेवानिवृत्त)

- **पूर्व मुख्यमंत्री :** दो बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री (2007–09 और 2011–12) रहे।
- **केंद्रीय मंत्री:** अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

# नियुक्तियाँ

| व्यक्ति | नियुक्ति/विवरण |
|---|---|
| आशुतोष गोवारिकर | ♦ **57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव** के महोत्सव निदेशक। |
| प्रसून जोशी | ♦ भारत के सार्वजनिक सेवा प्रसारक **प्रसार भारती** का अध्यक्ष |
| शशि शेखर वेम्पाती | ♦ **केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) का अध्यक्ष।** |
| डॉ. अशोक कुमार पंडा | ♦ 'स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड' (SAIL) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) |
| डॉ. जोरम अनिया (अरुणाचल प्रदेश) और डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम | ♦ **नियुक्तः** नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में।<br>♦ आयोग की कोर टीम (पूर्णकालिक सदस्य) के सदस्यों की कुल संख्या अब 7 हो गई है। |
| रोहित जैन | ♦ भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का उप–गवर्नर |
| सौरभ विजय | ♦ भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी |

# सम्मेलन

## स्वास्थ्य सेवा एवं सामाजिक कल्याण

### दुर्लभ रोगों पर राष्ट्रीय सम्मेलनः

- **आयोजनः** नई दिल्ली (5-6 मई)
- **आयोजकः** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
- **वित्तीय सहायताः** राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति के अन्तर्गत दी जाने वाली एकमुश्त सहायता राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दी गई है।
- **नीतिः** जीवन रक्षक दुर्लभ रोग दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट।
- **पहलः** आनुवंशिक परामर्श के लिए (निदान- राष्ट्रीय वंशानुगत रोग प्रशासन केन्द्र NIDAN)केंद्रों के माध्यम से (उम्मीद- वंशानुगत विकारों के प्रबंधन ओर उपचार की अनूठी विधियाँ UMMID)का विस्तार।

**राजस्थान में दुर्लभ रोगों के निदान हेतु प्रयास।**

- **मुख्यमंत्री आयुष्मान बाल संबल योजनाः** एक राज्य स्तरीय पहल जो राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति के अंतर्गत सूचीबद्ध रोगों से पीड़ित **18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को 50 लाख रुपये तक का निःशुल्क चिकित्सा उपचार** प्रदान करती है।
- **AIIMS जोधपुर में उत्कृष्टता केन्द्रः** राष्ट्रीय दुर्लभ रोग नीति (NPRD) 2021 के तहत राजस्थान में औपचारिक रूप से नामित उत्कृष्टता केंद्र (CoE)। यह उन्नत आनुवंशिक, साइटोजेनेटिक (cytogenetic) और आणविक निदान के लिए एक प्रमुख तृतीयक रेफरल केंद्र के रूप में कार्य करता है।
- **जेके लोन अस्पताल (एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर):** राज्य के प्राथमिक नोडल केंद्र के रूप में कार्यरत, इस अस्पताल में राजस्थान की पहली अस्पताल-आधारित नवजात स्क्रीनिंग लैब और एक उच्च प्रशिक्षित बहु-विषयक दुर्लभ रोग टीम है।

### 10वाँ राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन

- **आयोजनः** 30 अप्रैल 2026, चंडीगढ़, हरियाणा
- **आयोजकः** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
- **विषयः** नवाचार एवं समावेशिताः भारत के स्वास्थ्य भविष्य को आकार देने वाली सर्वोत्तम पद्धतियाँ
- **उद्देश्यः** देश भर में समावेशी, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देना।

| पहल | विवरण |
|---|---|
| स्वस्थ भारत पोर्टल | • प्रशासनिक बोझ को कम करने के लिए सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म। |
| राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (**RBSK**) 2.0 | • बाल स्वास्थ्य जांच के लिए अद्यतन दिशानिर्देश, '4D' दृष्टिकोण (दोष, रोग, कमियां और विकासात्मक विलंब) का विस्तार। |
| एकीकृत प्रशिक्षण मॉड्यूल | • प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा कार्यबल को सशक्त बनाने के लिए एक योग्यता–आधारित ढांचा, जिसमें 70% महिलाएं हैं। |
| बच्चों में मधुमेह पर मार्गदर्शन दस्तावेज | • सार्वभौमिक स्क्रीनिंगः जन्म से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य, निःशुल्क देखभाल पैकेज, '4T' जागरूकता ढाँचा – शौचालय, प्यास, थकान और पतला होना (अचानक वजन कम होना)। |

### जननी पोर्टल

- **डिजिटल अपग्रेडः** दीर्घकालिक स्वास्थ्य ट्रैकिंग के लिए RCH पोर्टल का उन्नत संस्करण।
- **निरंतर देखभालः** गर्भावस्था से लेकर प्रसवोत्तर और नवजात अवस्था तक स्वास्थ्य की निगरानी।
- **क्यूआर-सक्षम MCH कार्डः** स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक त्वरित, पोर्टेबल पहुँच प्रदान करने वाले डिजिटल कार्ड।
- **स्मार्ट मॉनिटरिंगः** उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं और टीकाकरण की नियत सूची के लिए स्वचालित अलर्ट की सुविधा।
- **निर्बाध एकीकरणः** यू-विन और पोषण जैसे राष्ट्रीय प्लेटफार्मों के साथ अंतरसंचालनीय।

- **सत्यापित पहुँच:** सुरक्षित लाभार्थी पंजीकरण के लिए आभा और आधार (बायोमेट्रिक/ओटीपी) का उपयोग।
- **सशक्त स्व-सेवा:** माताओं को स्वयं पंजीकरण करने और अपने स्वास्थ्य संबंधी उपलब्धियों को डिजिटल रूप से ट्रैक करने की सुविधा।

# अर्थव्यवस्था, व्यापार और विमानन

## इंडिया एयरक्राफ्ट लीजिंग एंड फाइनेंसिंग समिट 2.0 (IALFS 2.0)

- **आयोजन:** 8 मई 2026, GIFT सिटी, गाँधीनगर
- **आयोजक:** नागरिक उड्डयन मंत्रालय (MoCA), अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI)
- **उद्देश्य:** GIFT IFSC (अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र) को एक उभरते वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करना, विमान लीजिंग और विमानन वित्त में भारत की भूमिका को मजबूत करना।

## CII वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन

- **आयोजन: नई दिल्ली में** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में।
- **थीम:** The Future-Global Economy, Industry, Society

**भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)**

- 1895 में स्थापित एक गैर-लाभकारी, उद्योग-नेतृत्व वाली संस्था है।
- यह कर और व्यापार सुधारों पर सरकार को सलाह प्रदान करता है।
- यह एमएसएमई के लिए परामर्श प्रदान करके और 12 उत्कृष्टता केंद्रों का प्रबंधन करके आर्थिक विकास को गति प्रदान करता है।

# रक्षा

## स्टील कटिंग समारोह (5वाँ फ्लीट सपोर्ट शिप)

- **स्टील कटिंग:** जहाज निर्माण की आधिकारिक शुरुआत: 8 मई 2026
- **आयोजक:** विशाखापत्तनम स्थित हिंदुस्तान शिपयार्ड fy feVsM (HSL)।
- **अनुबंध:** नौसेना और हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (HSL), विशाखापत्तनम के मध्य अगस्त 2023 में हस्ताक्षरित किया गया।
  - ♦ उद्देश्य: कुल 5 फ्लीट सपोर्ट शिप (FSS) का निर्माण करना।

**फ्लीट सपोर्ट शिप (FSS)**

- 40,000 टन का FSS समुद्र में ईंधन, गोला-बारूद और भंडार की आपूर्ति करके 'ब्लू वाटर' क्षमताओं को बढ़ाता है।
- यह रसद सेवाओं के अलावा, मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) और गैर-लड़ाकू निकासी अभियानों (NEO) के लिए भी उपयोगी है।

## 52वाँ अखिल भारतीय सैनिक विद्यालय प्रधानाचार्यों का सम्मेलन

- **आयोजन:** कझाकूटम, केरल
- **आयोजक:** रक्षा मंत्रालय एवं सैनिक स्कूल सोसायटी, सैनिक स्कूल कझाकूटम
- **रक्षा मंत्री ट्रॉफी:** सैनिक विद्यालय नगरोटा (जम्मू और कश्मीर) (एनडीए/आईएनए में सबसे अधिक प्रविष्टियाँ)।
- **शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रमाण पत्र:** सैनिक विद्यालय सतारा (कक्षा 10) और सैनिक स्कूल कझाकूटम (कक्षा 12)।

## पहला ICMR वार्षिक क्लिनिकल ट्रायल सम्मेलन

- **आयोजन:** 20 मई 2026, नई दिल्ली
- **आयोजक: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (ICMR)**
- **विषय:** 'अंतर्राष्ट्रीय क्लिनिकल ट्रायल दिवस: एकीकृत चिकित्सा क्लिनिकल ट्रायल पर ध्यान केंद्रित'।
- **एनीमिया का आयुर्वेदिक उपचार अध्ययन:** इस अध्ययन में पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधियों - पुनर्नवादि मंडुरा (अकेले और द्राक्षवलेहा के साथ मिलाकर)-की तुलना मानक आयरन फोलिक एसिड **(IFA)** टैबलेट से की गई।

# प्रौद्योगिकी, विज्ञान और पर्यावरण

### CERT-In SAMVAAD 2026

- **आयोजन:** तीन दिवसीय राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन, के.के. बिरला गोवा परिसर
- **आयोजक:** इंडियन कम्प्यूटर रिस्पॉन्स टीम (CERT-In)
- **विषय:** 'भविष्य के लिए तैयार ऑडिट के माध्यम से डिजिटल भारत को सुरक्षित करना: अनुकूलन, आश्वासन, प्रगति'

### राष्ट्रीय तकनीकी सम्मेलन 'WISE-2026'

- **WISE-2026:** स्टार्टअप्स और उद्यमियों के लिए मौसम और जलवायु नवाचार बैठक। **(Weather and climate Innovation meet for startups and Entrepreneurs)**
- **आयोजक:** भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान **(IITM)**-पुणे, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय **(MoES)**
- **उद्देश्य:** जलवायु अस्थिरता से निपटने के लिए वाणिज्यिक नवाचारों, पूर्वानुमान प्रौद्योगिकियों और उद्यमशीलता समाधानों को बढ़ावा देना।

### अंतरिक्ष प्रणाली एवं संचालन पर ISO की अंतर्राष्ट्रीय उपसमिति की बैठक

- 35वीं पूर्ण बैठक एवं कार्य समूह की बैठक, पहली बार भारत द्वारा आयोजित की गई।
- **मेजबानी:** भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), नई दिल्ली।
- इस आयोजन में 13 देशों के 131 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- यह बैठक अंतरिक्ष स्थिरता, मलबा न्यूनीकरण और मिशन संचालन जैसे उभरते क्षेत्रों में वैश्विक मानकों को आकार देने में भारत की सक्रिय भूमिका को दर्शाती है।
- **ISO TC 20/ SC 14:** अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) के अंतर्गत एक विशेष अंतर्राष्ट्रीय उपसमिति है जो अंतरिक्ष प्रणाली एवं संचालन के लिए तकनीकी मानक बनाने हेतु समर्पित है।

### चौथा गवर्नेंस समिट 2026

- **आयोजक:** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (ISB)
- **विषय:** विकसित भारत के लिए समावेशी एआई (Inclusive AI for Viksit Bharat)
- **मुख्य फोकस क्षेत्र:** डिजिटल वाणिज्य (डिजिटल कॉमर्स) में एआई की भूमिका, महिलाओं और बच्चों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और किफायत, और रोजगार सृजन एवं डिजिटल उद्यमिता।

# कृषि और क्षेत्रीय विकास

### फ्रूट होरॉइजन 2026

- **आयोजक:** ICAR- केन्द्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान(CISH), लखनऊ में।
- **लक्ष्य:** भारत को शीर्ष फल निर्यातक बनाने के लिए 'शून्य अस्वीकृति' मानकों पर ध्यान केंद्रित करना।
- **स्वच्छ पादप केन्द्र:** ICAR- CISH में एक आधुनिक स्वच्छ पादप केन्द्र का शुभारंभ।
    - **उद्देश्य:** आम, अमरूद, लीची और एवोकैडो के लिए रोगमुक्त और आनुवंशिक रूप से शुद्ध पौध सामग्री का उत्पादन करना होगा।

### 7वाँ सुजल ग्राम संवाद

- **आयोजक:** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय।
- यह **ग्राम स्तर पर** जल प्रबंधन पर केंद्रित एक **ऑनलाइन, बहुभाषी संवाद है।**
- क्षेत्रीय भाषाओं (**राजस्थानी** सहित) का उपयोग करते हुए 6 विशिष्ट ग्राम पंचायतों (राजस्थान-खंडवा पट्टा) के बीच संवाद आयोजित किया गया।

**ग्राम पंचायत-खंडवा पट्टा (चूरू जिला, राजस्थान)**

- **चर्चा में क्यों? कुंड और टंका** जैसी पारंपरिक वर्षा जल संचयन संरचनाओं का पुनरुद्धार और उपयोग।
- **महिला सशक्तिकरण:** ग्रामीण महिलाओं को घरेलू और विद्यालय स्तर पर जल गुणवत्ता परीक्षण करने के प्रशिक्षण पर विशेष जोर।

**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) का उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान**

- **उद्देश्य:** किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संवर्धन, हरित खाद और प्राकृतिक एवं जैविक कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करना।
- **भरतपुर किसान सम्मेलन**–रणधीरपुरा गांव, आईसीएआर–भारतीय सरसों–सरसों अनुसंधान संस्थान (आईआईआरएमआर), भरतपुर द्वारा आयोजित।

**एशियाई उत्पादकता संगठन (APO) के शासी निकाय की 68वीं बैठक (GBM)**

- **आयोजन: नई दिल्ली**
- **आयोजक:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (NPC)।
- **एशियाई उत्पादकता संगठन (APO): स्थापना–1961 में; सदस्य:** 21 देश
    - एशिया–प्रशांत क्षेत्र में सतत सामाजिक–आर्थिक विकास के लिए उत्पादकता में सुधार हेतु प्रतिबद्ध एक प्रमुख अंतर–सरकारी संगठन है, जो पारस्परिक सहयोग और नीतिगत समर्थन के माध्यम से यह कार्य करता है।

## जनजातीय मामले

**'सतत जनजातीय विकास को सुदृढ़ करने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी**

- **आयोजन:** 11 से 17 मई, 2026 तक मनाए गए 'विकास के प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी' विषयगत सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया।
- **आयोजक:** जनजातीय मामलों का मंत्रालय, जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा प्रकोष्ठ (BBMC) के सहयोग से IIT, दिल्ली में।
- **विषय:** 'सतत जनजातीय विकास को सुदृढ़ करने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी की भूमिका'

**आदि वाणी प्लेटफॉर्म**

- यह भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने और जमीनी स्तर पर शासन को बेहतर बनाने के लिए शुरू किया गया एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित बहुभाषी प्लेटफॉर्म है।
- यह वर्तमान में **गोंडी, मुंडारी, भीली और संथाली** सहित जनजातीय भाषाओं का समर्थन करता है।
- यह डेटा विजुअलाइजेशन, डेटा–आधारित नीतिगत निर्णय लेने और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सरकारी योजनाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करता है।

**जनसंख्या सांस्कृतिक समागम**

- **आयोजन:** 24 मई, 2026 नई दिल्ली, भारत
- **अवसर:** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष का स्मरणोत्सव

## उत्सव/महोत्सव/पर्व

**तथागत बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी**

- **उद्घाटन:** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह।
- **आयोजन:** 1–15 मई 2026 तक **('जीवेस्तल' स्थल–लेह, जांस्कर घाटी)लद्दाख।**
- **आयोजक: संस्कृति मंत्रालय,** लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन और **अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC)**।
- **विषय : "टकराव के समय में शांति"** (Peace in Times of Conflict)।
- ये अवशेष बुद्ध के सबसे **पूजनीय 'पिपरहवा अवशेषों'** का हिस्सा हैं, जिन्हें वर्तमान में **राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली** में सुरक्षित रखा गया है।
- समापन समारोह पवित्र **'मोनलम चेनमो'** के साथ आयोजित हुआ, जो लद्दाख का वार्षिक **'महान प्रार्थना उत्सव'** है।
- **तथागत का अर्थ:** गौतम बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति के बाद की वह अवस्था, जिसमें उन्होंने **जीवन–मरण के चक्र से पूर्ण मुक्ति प्राप्त** की।

**राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा महोत्सव (RBSM) 2026**

- **आयोजन:** 8 मई, 2026 को CSIR-IIP, देहरादून में।
- **उद्देश्य:** भारत में बौद्धिक संपदा (IIP) जागरूकता को बढ़ावा देना।
- यह आजादी का अमृत महोत्सव प्रथम का एक हिस्सा है और इसे पहली बार जुलाई 2023 में आयोजित किया गया था।

## PMFME महोत्सव

- **उद्घाटन:** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकरण (PMFME) योजना के अंतर्गत एक प्रदर्शनी का 14 मई, 2026, को लेह, लद्दाख में उद्घाटन किया।
- **आयोजक: खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (**MoFPI) और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित।
- **उद्देश्य:** PMFME लाभार्थियों द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देना, योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाना और क्षेत्रीय सूक्ष्म उद्यमों के लिए बाजार संपर्क स्थापित करना।
- **लद्दाख की वैश्विक क्षमता:** सी बकथॉर्न और खुबानी को विशिष्ट स्थानीय उत्पादों के रूप में प्रदर्शित किया गया।

# प्रमुख पुरस्कार

## रॉयल सोसाइटी की फेलोशिप (FRS)

- WHO की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक **डॉ. सौम्या स्वामीनाथन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर** के निदेशक **प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल** को लंदन की प्रतिष्ठित **'रॉयल सोसाइटी के फेलो'** के रूप में चुना गया है।
- यह फेलोशिप दुनिया भर के उन विशिष्ट वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों को प्रदान की जाती है, जिन्होंने प्राकृतिक विज्ञान, गणित, इंजीनियरिंग और चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी योगदान दिया हो।
- **डॉ. सौम्या स्वामीनाथन** यह सम्मान प्राप्त करने वाली **दूसरी भारतीय महिला वैज्ञानिक हैं।** (प्रथम- प्रोफेसर गगनदीप कांग)
  - अपने पिता **प्रो. एम.एस. स्वामीनाथन** के साथ, वह सोसाइटी द्वारा चुनी जाने वाली **पहली भारतीय पिता-पुत्री की जोड़ी** बन गई हैं।

## राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025

- **संदर्भ:** 3 जून, 2026 को नई दिल्ली में, पुरस्कार वितरण समारोह किया जाएगा जिसमें 42 पंचायतों को चुना गया है।
- पुरस्कार पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई) 2.0 स्कोर पर आधारित होते हैं।
- **प्रमुख श्रेणियाँ:**
  1. **दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत् विकास पुरस्कार (DDUPSVP):** 9 स्थानीय सतत् विकास लक्ष्यों (LSDGs)में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली **34 ग्राम पंचायतों** को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

| विकास का विषय | शीर्ष स्थान प्राप्त ग्राम पंचायत |
|---|---|
| गरीबी मुक्त एवं बेहतर आजीविका | मुद्राडी (कर्नाटक) |
| स्वस्थ पंचायत | कंचनबाड़ी (त्रिपुरा) |
| बाल–हितैषी पंचायत | ईटगांव (महाराष्ट्र) |
| जल–पर्याप्त पंचायत | खारीवली (महाराष्ट्र) |
| स्वच्छ एवं हरित पंचायत | कावर्था उत्तर (मिजोरम) |
| आत्मनिर्भर अवसंरचना | मेलुकावु (केरल) |
| सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सुरक्षित पंचायत | शांशा (हिमाचल प्रदेश) |
| सुशासन | शृंगावरम (आंध्र प्रदेश) |
| महिला–हितैषी पंचायत | बोक्कासम पालेम (आंध्र प्रदेश) |

  2. **नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत् विकास पुरस्कार (NDSPSVP) 8 पंचायतों को**

| पुरस्कार स्तर | विजेता (राज्य) | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ जिला पंचायत | सिपाहीजला (त्रिपुरा) | ₹5 करोड़ |
| सर्वश्रेष्ठ ब्लॉक पंचायत | हरिप्पद (केरल) | ₹2 करोड़ |
| सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत | न्यू नेपाम (असम) | ₹1.5 करोड़ |

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY)–रजत जयंती समारोह

- **आयोजन:** भैरुंडा, सीहोर जिला (मध्य प्रदेश), 10 मई 2026 को
- समारोह के दौरान **PMGSY**-IV (राष्ट्रीय आवंटन 18,907 करोड़ रुपये) और PM-JANMAN का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया गया।
- **प्रदर्शन रैंकिंग:** बड़े राज्य और पूर्वोत्तर, पहाड़ी क्षेत्र और केंद्र शासित प्रदेश।

| श्रेणी | बड़े राज्य | पूर्वोत्तर, पहाड़ियाँ और केंद्र शासित प्रदेश (प्रथम स्थान) |
|---|---|---|
| सबसे लंबी सड़क | 1. मध्य प्रदेश (90,766 किमी)<br>**2. राजस्थान (75,868 किमी)** | असम (32,169 किमी) |
| जुड़े हुए आवास | 1. बिहार (31,287)<br>2. मध्य प्रदेश (17,493) | असम (13,720 किमी) |
| गुणवत्ता नियंत्रण | 1. मध्य प्रदेश<br>2. **राजस्थान** और तमिलनाडु संयुक्त रूप से | अंडमान और निकोबार, लद्दाख, पुडुचेरी |
| हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग | 1. गुजरात (98.42%)<br>2. तमिलनाडु (98.39%) | उत्तराखंड (75%) |

## राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2026

- **संदर्भ:** भारत के राष्ट्रपति द्वारा 12 मई (अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस) को प्रदान किया गया।
- **प्राप्तकर्ता:** सामुदायिक कल्याण के लिए **15 नर्सिंग पेशेवरों [डॉ. श्रवण कुमार ढाका (दिल्ली) और मेजर जनरल लिसाम्मा पी वी (सेना)]** को सम्मानित किया गया।
- **शुरूआत:** सामुदायिक कल्याण के प्रति नर्सिंग पेशेवरों की अनुकरणीय सेवा, समर्पण और उत्कृष्ट प्रतिबद्धता को मान्यता देने के लिए **1973** में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा स्थापित।
- **पुरस्कार:** योग्यता प्रमाण पत्र, 1,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार और एक पदक।
- **2024 में राजस्थान के विजेता:** श्री राधे लाल शर्मा

## राष्ट्रपति का कलर पुरस्कार/ राष्ट्रपति का निशान

- **संदर्भ:** गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) को आधिकारिक तौर पर यह पुरस्कार प्रदान किया गया (घोषणा 19 जनवरी, 2026)।
- **महत्व:** भारत में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों और पुलिस इकाइयों के लिए सर्वोच्च औपचारिक सम्मान, जो दीर्घकालिक व्यावसायिकता और बलिदान का प्रतीक है।
- **सिक्किम पुलिस को 28 मई, 2026 को गंगटोक में राष्ट्रपति का निशान प्रदान किया गया।**
- **घोषणाएँ** (पुरस्कार स्वीकृत, लेकिन समारोह लंबित): **मेघालय पुलिस, ओडीशा पुलिस।**

## डिजीलॉकर एकीकरण और उपयोग में उत्कृष्ट योगदान

- राजस्थान सहित 5 राज्यों को राज्य सरकार की सेवाओं में व्यापक स्तर पर डिजीलॉकर एकीकरण और उपयोग में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

| राज्य | प्रमुख उपलब्धियाँ और उपलब्धियाँ |
|---|---|
| **गुजरात** | 1.9 करोड़ से अधिक नागरिकों के लिए 65% सेवाओं को डिजिलॉकर से जोड़ा। |
| **कर्नाटक** | सबसे अधिक संख्या में डिजीलॉकर खाते 73% ई–सेवाएं और 3 करोड़ बिजली बिल रिकॉर्ड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए गए। |
| **केरलम** | 7 दिनों से भी कम समय में 117 से अधिक सेवाएं एकीकृत की गईं। |
| **नगालैंड** | **'डिजिटल राइजिंग स्टेट'** का दर्जा प्राप्त; एक महीने में 32 सेवाएँ एकीकृत की गईं। |
| **राजस्थान** | 7.5 करोड़ से अधिक नागरिकों के लिए जन आधार परिवार रजिस्टर को डिजीलॉकर से जोड़ा गया; बिजली बिल और अन्य सेवाएं तेजी से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गईं। |

## लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस, एडवांसमेंट एंड परफॉर्मेंस शील्ड (LEAPS)-2025 पुरस्कार

- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में LEAPS 2025 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया और LEADS 2025 रिपोर्ट जारी की।
- **प्रदाता:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

| श्रेणी समूह (5) | पुरस्कार श्रेणी | विजेता |
|---|---|---|
| **A.** कोर लॉजिस्टिक्स | • हवाई माल ढुलाई सेवा प्रदाता | • फेडेक्स (Fedex) एक्सप्रेस |
| | • समुद्री माल ढुलाई सेवा प्रदाता | • एमएससी (MSC) एजेंसी इंडिया |
| | • सड़क माल ढुलाई सेवा प्रदाता | • सेफएक्सप्रेस (Safexpress) प्राइवेट लिमिटेड |
| | • रेल माल ढुलाई सेवा प्रदाता | • डीपी वर्ल्ड रेल लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| | • बहुआयामी परिवहन संचालक (**MTO**) | • पारादीप परिवहन लिमिटेड |
| | • वेयरहाउस सेवा प्रदाता (औद्योगिक एवं उपभोग्य वस्तुएँ) | • टीवीएस (TVS) इंडस्ट्रियल एंड लॉजिस्टिक्स पार्क्स |
| | • वेयरहाउस सेवा प्रदाता (कृषि) | • इंडिकोल्ड प्राइवेट लिमिटेड |
| **B.** एमएसएमई | • एमएसएमई लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता | • शिपवेव्स ऑनलाइन लिमिटेड |
| **C.** स्टार्टअप | • लॉजिस्टिक्स प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता | • मैचलॉग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| | • लॉजिस्टिक्स संचालन सेवा प्रदाता | • येलोविंग्स डिलीवरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| **D.** संस्थान | • लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने वाला शिक्षण संस्थान | • IIM मुंबई |
| **E.** विशेष श्रेणियाँ | • ई–कॉमर्स संचालन के लिए लॉजिस्टिक्स सेवा वितरण | • डेलीवरी लिमिटेड |
| | • मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता (3पीएल/फ्रेट फॉरवर्डर) | • इंडेव इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड |

# पोर्टल

## 'वन केस वन डेटा' पहल और 'सु सहाय (Su Sahay)' चैटबॉट

- **चर्चा में क्यों?** भारत के **मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत** ने दो डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया ।
- **उद्देश्य:** न्यायिक प्रशासन को आधुनिक बनाना और न्याय तक पहुँच में सुधार करना।
- **One Case One Data: यह एक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म** है, जो निम्नलिखित स्तरों से जानकारी को एकीकृत करता है–
  - सर्वोच्च न्यायालय ● उच्च न्यायालय
  - जिला न्यायालय ● तालुका न्यायालय
  - ♦ उद्देश्य: **अदालती सेवाओं** की जनता तक पहुँच को बेहतर बनाना और **आधुनिक केस मैनेजमेंट** सिस्टम विकसित करना।
- **'सु सहाय' ('Su Sahay'):** एक **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) संचालित सहायता चैटबॉट** है।
  - ♦ इसे **राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र** ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के साथ मिलकर तैयार किया है।
  - ♦ इसे सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट में एकीकृत किया गया है।
  - ♦ कार्य: यह उपयोगकर्ताओं को निम्नलिखित अदालती सेवाओं तक पहुँचने में मदद करेगा–
    - ● केस की जानकारी ● न्यायालय की सेवाएँ
    - ● न्यायिक प्रक्रियाएँ ● डिजिटल सहायता सेवाएँ।

## आयुष अनुदान पोर्टल

- **लॉन्च:** आयुष मंत्रालय (आयुष ग्रिड पहल के तहत)।
- **उद्देश्य:** अनुदान प्रबंधन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता, दक्षता, जवाबदेही और सुगम पहुँच सुनिश्चित करना
- **एकीकरण:** नीति आयोग के **'एनजीओ दर्पण पोर्टल'** के साथ जुड़ाव से आवेदक संगठनों का प्रमाणीकरण और सत्यापन तीव्र, स्वचालित, विश्वसनीय और त्रुटिरहित होगा।

- **आयुष ग्रिड:** यह भारत सरकार की **डिजिटल पहल** है, जिसका लक्ष्य आधुनिक तकनीक द्वारा आयुष क्षेत्र के लिए एक एकीकृत, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित डिजिटल इकोसिस्टम का निर्माण करना है।

### 'जीवन' मोबाइल एप्लिकेशन और 'शतायु' जेरियाट्रिक केयरगिवर डैशबोर्ड

- **लॉन्च:** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने।
- **उद्देश्य:** भारत में वृद्धावस्था देखभाल का एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना।

#### जीवन (JEEVAN) मोबाइल एप्लिकेशन

- **पूर्ण रूप: Joint Elderly Empowerment & Virtual Assistance Network**
- **उद्देश्य:** वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, कल्याण, स्वास्थ्य सेवा तक आसान पहुँच और सामाजिक समावेश को बढ़ाना।
  - सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों की सटीक जानकारी प्रदान करना।

#### 'शतायु' (SHATAYU) डैशबोर्ड

- **पूर्ण रूप: Senior Holistic Care Assistance and Training for Your Utility**
- यह डैशबोर्ड किसी विशेष राज्य और जिले में **'वृद्धावस्था देखभालकर्ताओं' की रीयल-टाइम उपलब्धता** की जानकारी प्रदान करता है।

### प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-AJAY) पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन

- **शुभारम्भ:** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा ।
- **उद्देश्य:** विभिन्न हितधारकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना और लाभार्थियों को त्वरित, पारदर्शी एवं जवाबदेह सेवाएं प्रदान करना।
- योजना के तीनों महत्वपूर्ण घटकों-**आदर्श ग्राम, कौशल विकास एवं रोजगार हेतु अनुदान, और शैक्षणिक संस्थानों में छात्रावास**-के जमीनी स्तर के कार्यों का पूर्णत: डिजिटलीकरण किया जाएगा।

# पर्यावरण

### हसदेव-अरंद वन

- राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ने **केंटे एक्सटेंशन कोयला खदान** के लिए हसदेव-अरंद वन की 1,742.6 हेक्टेयर भूमि के उपयोग और 4.48 लाख वृक्षों को काटने का प्रस्ताव दिया है।
  - **स्थान:** हसदेव-अरंद कोलफील्ड, सरगुजा जिला, **छत्तीसगढ़।**
  - **आवंटन:** 2015 में कोयला मंत्रालय द्वारा RVUNL को छाबड़ा और सूरतगढ़ कोयला संयंत्रों में कोयला के उपयोग हेतु यह कोयला ब्लॉक आवंटित किया गया।
- **हसदेव-अरंद वन: छत्तीसगढ़** के कोरबा, सरगुजा और सूरजपुर जिलों में फैले वनक्षेत्र का क्षेत्रफल 1.7-1.75 लाख हेक्टेयर है।
  - यहाँ घने साल के जंगलों के अलावा तेंदुए, भालू और हाथी सहित **नौ अनुसूचित-प्रजातियाँ** पाई जाती हैं।
  - यह **हसदेव नदी और बंगो बांध** का जलग्रहण क्षेत्र होने के साथ-साथ बाघों के लिए एक प्रस्थान गलियारा भी है।

### एथेनॉल मिश्रित ईंधन मानक (IS 19850 : 2026)

- **जारी:** भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) ने
- **पेट्रोल में 30% तक एथेनॉल मिश्रण के लिए नए ईंधन मानक हैं।**
- यह मानक मोटर गैसोलीन और पूर्णत: जल-मुक्त (एनहाइड्रस) एथेनॉल के मेल से निर्मित E22, E25, E27 और E30 ईंधनों के लिए विशिष्टताओं को परिभाषित करता है।

### IMD की एआई-सक्षम हाइपर लोकल मौसम पूर्वानुमान प्रणालियाँ

- हाल ही में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के तहत **भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD)** ने देश में **अत्यंत-स्थानीय (हाइपर-लोकल) मौसम पूर्वानुमान प्रदान** करने के लिए उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित प्रणालियाँ लॉन्च की हैं।

- **विकास:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की तीन प्रमुख संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से -
  - भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD)।
  - भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM, पुणे)।
  - राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF)।
- **उद्देश्य:** देश भर में अत्यंत-स्थानीय, प्रभाव-आधारित और एआई-संचालित मौसम सेवाएं उपलब्ध कराना।
- **'देश के विभिन्न हिस्सों में मानसून की प्रगति का पूर्वानुमान'**
  - मानसून अग्रिम पूर्वानुमान प्रणाली अब **जिला स्तर** तक मानसून की प्रगति का सूक्ष्म पूर्वानुमान उपलब्ध कराएगी।
  - यह प्लेटफॉर्म **16 राज्यों** और 3,000 से अधिक उप-जिलों को कवर करता है।
  - इसमें AI-आधारित पूर्वानुमान मॉडल, विस्तारित रेंज पूर्वानुमान प्रणालियों और सांख्यिकीय तकनीकों को एकीकृत किया गया है।
- **उत्तर प्रदेश के लिए उच्च स्थानिक रिजॉल्यूशन वर्षा पूर्वानुमान**
  - उत्तर प्रदेश में **1 किलोमीटर** के स्थानिक रिजॉल्यूशन (Spatial Resolution) पर वर्षा पूर्वानुमान देने की क्षमता विकसित की गई है।
  - **अग्रिम चेतावनी:** यह प्रणाली 10 दिन पहले तक वर्षा का सटीक पूर्वानुमान दे सकती है।

### कान्हा टाइगर रिजर्व, मध्य प्रदेश

- कान्हा टाइगर रिजर्व में **कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (CDV)** के संक्रमण से 5 बाघों की मृत्यु हो गई।
- **कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (CDV):** यह एक अत्यधिक संक्रामक और घातक, वायुजनित पैरामिक्सोवायरस बीमारी है, जो मुख्य रूप से कुत्तों को प्रभावित करती है।
  - **प्रभाव :** यह वायरस जानवर के श्वसन, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (पाचन) और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र पर गंभीर हमला कर नुकसान पहुँचाता है।
- **कान्हा टाइगर रिजर्व: मध्य भारत उच्च भूमि** का हिस्सा है, जो **सतपुड़ा पर्वतमाला की मैकल श्रेणी** में स्थित है। इसकी स्थापना **1955 में राष्ट्रीय उद्यान** के रूप में हुई थी और वर्ष **1973 में** इसे **प्रोजेक्ट टाइगर** में शामिल किया गया था।

### अमूर फाल्कन (अमूर बाज)

- **केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बताया कि सैटेलाइट-टैग वाले दो अमूर फाल्कन (बाज) ने भारत के रास्ते दक्षिणी अफ्रीका से सुदूर-पूर्व एशिया की ओर अपनी वापसी की यात्रा (प्रवास) शुरू की।**
- **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** की समुदाय-नेतृत्व वाली संरक्षण पहल के अंतर्गत नवंबर, 2025 में मणिपुर के चियुलुआन (तामेंगलोंग जिले) में इन पक्षियों पर सैटेलाइट टैग लगाए गए थे।
- यह छोटा शिकारी पक्षी अपनी लगभग 22,000 किमी की लंबी वार्षिक प्रवास यात्रा (दक्षिण एशिया, अफ्रीका) के लिए विश्व प्रसिद्ध है।
- **वैज्ञानिक नाम:** Falco amurensis. अमूर फाल्कन नाम रूस-चीन सीमा क्षेत्र की **अमूर नदी** के नाम पर रखा गया है, जो इसका मुख्य प्रजनन स्थल है।
- **IUCN स्थिति:** रेड लिस्ट में 'सबसे कम चिंताजनक' (Least Concern) श्रेणी।
- **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972** की अनुसूची-1 के तहत उच्चतम संरक्षण प्राप्त है।
- भारत में यह मुख्यत: **पूर्वोत्तर राज्यों (नागालैंड, मणिपुर असम)** में प्रवास करता है।

## समझौता

### भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) और रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) के मध्य समझौता

- **उद्देश्य:** साइबर-सक्षम वित्तीय धोखाधड़ियों से निपटने के लिए धोखाधड़ी-जोखिम खुफिया जानकारी साझा करना, विश्लेषणात्मक सहायता तथा परिचालन समन्वय को मजबूत करना।
- **I4C की Suspect Registry** से डेटा को AI-संचालित धोखाधड़ी पहचान प्रणाली में फीड

करके **छिपे हुए म्यूल खातों** का तेजी से पता लगाएगा और उन्हें समाप्त करेगा।

- इससे बैंकों में लागू AI-संचालित धोखाधड़ी पहचान प्रणालियों, जैसे **MuleHunter.ai™**, को और मजबूत किया जाएगा।
- RBIH इन डेटासेट्स का उपयोग AI-संचालित धोखाधड़ी-जोखिम मूल्यांकन मॉडलों के प्रशिक्षण और सुधार के लिए करेगा।

**म्यूल खाते:** जिनका उपयोग अक्सर धन शोधन और साइबर अपराध को सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है, इन्होंने पारंपरिक पहचान दृष्टिकोणों के लिए लगातार कठिनाइयाँ उत्पन्न की हैं।

### भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) का नॉर्वेजियन जियोटेक्निकल इंस्टीट्यूट (NGI) के साथ समझौता

- **उद्देश्य:** सुरंग निर्माण, ढलान स्थिरता विश्लेषण, ढलानों की निगरानी और संस्थागत क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं की योजना, डिजाइन, मूल्यांकन और निगरानी में सहयोग हेतु उन्नत अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता का लाभ उठाना

### डाक विभाग (DoP), संचार मंत्रालय और फ्लिपकार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मे मध्य समझौता

- **उद्देश्य:** डाक विभाग की पहुँच और भरोसेमंद डिलीवरी नेटवर्क के साथ-साथ भारत के ई-कॉमर्स क्षेत्र में फ्लिपकार्ट की मजबूत उपस्थिति का लाभ उठाकर पूरे देश में कुशल, विश्वसनीय और ग्राहक-केंद्रित पार्सल डिलीवरी समाधान प्रदान करना।

### ग्रामीण विकास मंत्रालय का हेल्पएज इंडिया (HelpAge India) के साथ समझौता

- दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता (WASH) (FNHW) फ्रेमवर्क के अंतर्गत **वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल एवं कल्याण** को सुदृढ़ करना।

## महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- गृह मंत्रालय (MHA) द्वारा मणिपुर में वर्ष 2023 में हुई जातीय हिंसा की जाँच के लिए गठित **तीन सदस्यीय जाँच आयोग** के कार्यकाल को पाँचवीं बार विस्तारित किया गया है।
  - **अध्यक्षता:** सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश **जस्टिस बलबीर सिंह चौहान**
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में **मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 26वीं बैठक अंतर-राज्य परिषद् सचिवालय** (गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत) द्वारा **छत्तीसगढ़ सरकार** की मेजबानी में **बस्तर (छत्तीसगढ़)** में आयोजित की गई।
- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने **अहमदाबाद (गुजरात) में 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क',** 'GREMI (Ganesh Real Estate Management Institute) सिटी कैंपस' और **राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (NID) में इनोवेशन और इनक्यूबेशन सेंटर (IIC)** का उद्घाटन किया।
- असम के 1,302 वर्ग किलोमीटर में फैले **काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में** भारत के **पहले सैटेलाइट-टैग्ड** (उपग्रह द्वारा ट्रैक किए जाने वाले) **गंगा सॉफ्ट-शेल कछुए** को छोड़ा गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (IBCA) शिखर सम्मेलन की पूर्व-श्रृंखला के रूप में **सासन गिर (गुजरात) में 'लायन' स्पीशीज स्पॉटलाइट कार्यक्रम** आयोजित किया गया।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 19 मई, 2026 को भुवनेश्वर, ओडिशा में **पूर्वी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन** का आयोजन किया गया ।
- असम के **होलोंगापार गिब्बन अभयारण्य** में **वेस्टर्न हूलॉक गिब्बन के लिए** रेलवे ट्रैक के ऊपर से **एक कैनोपी ब्रिज** का निर्माण किया गया है।
- दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) द्वारा 46 नए **सतत् परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र (CAAQMS)** स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें से **एक राजस्थान** में स्थापित किया जाएगा।

- 100वें एन-जेन **(N-Gen)** डाकघर का शिलांग, मेघालय में उद्घाटन किया गया।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने **राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह** (4-10 मई 2026) का आयोजन किया।
- भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) के अंतर्गत पशुओं पर प्रयोगों के नियंत्रण और पर्यवेक्षण के लिए समिति (CCSEA) ने 11 मई, 2026 को नई दिल्ली में **'प्रयोगशाला पशु कल्याण: नीतियाँ और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियाँ'** (Laboratory Animal Welfare: Policies and Best Practices) पर एक **राष्ट्रीय सम्मेलन** का आयोजन किया।
- कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DoPT) तथा क्षमता विकास आयोग (CBC) के संयुक्त तत्वावधान में 15 मई 2026 को **"क्षमता निर्माण का संस्थागतकरण: प्रशिक्षण से प्रदर्शन-आधारित शासन तक"** विषय पर एक वर्चुअल राष्ट्रीय विभागीय **शिखर सम्मेलन** का आयोजन किया गया।
- 'विकसित भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से अल्पसंख्यक कल्याण और समावेशी विकास' विषय पर **राष्ट्रीय सम्मेलन** 14 मई को नई दिल्ली में **'भागीदारी से भाग्योदय'** दृष्टिकोण के तहत् आयोजित हुआ।
- 138वीं **ऑफशोर सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी की** बैठक 21 मई, 2026 को अहमदाबाद में आयोजित हुई।
- **प्रथम वैश्विक शांति ध्यान सत्र** द आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर, बेंगलुरु में आयोजित हुआ।
- सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने नई दिल्ली में ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (BCI) पर एक सम्मेलन का उद्घाटन किया, जिसमें इसके रणनीतिक और तंत्रिका संबंधी निहितार्थों का पता लगाया गया।
- ICAR के अधीन **राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान संस्थान पुणे,** महाराष्ट्र में स्थित है।
- **सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** ने **भुवनेश्वर, ओडिशा** में 29-30 अप्रैल 2026 को राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य हितधारकों के साथ **'शासन के लिए प्रशासनिक आँकड़ों को सुसंगत बनाना'** विषय पर राष्ट्रीय विचार-विमर्श शिखर सम्मेलन का आयोजन किया।
- **भारत टेक्स 2026** 14-17 जुलाई को **नई दिल्ली** में **भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन** द्वारा आयोजित किया जाएगा। इसके लिए वस्त्र मंत्रालय ने **भारत टेक्स-2026 इवेंट ऐप** लॉन्च किया।
- केन्द्रीय गृह मंत्रालय **'स्मार्ट बॉर्डर प्रोजेक्ट'** शुरू करेगा जिसमें **पाकिस्तान और बांग्लादेश** से लगती 6,000 किलोमीटर लंबी सीमा को आधुनिक तकनीक जैसे - ड्रोन, रडार, और स्मार्ट कैमरों से लैस किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत सीमाओं पर एक **'टेक्नोलॉजी बेस्ड स्मार्ट सिक्योरिटी ग्रिड'** तैयार करने का रोडमैप बनाया जा रहा है।
- मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने देश भर की अदालतों के आधुनिकीकरण का खाका तैयार करने के लिए न्यायमूर्ति **अरविंद कुमार की अध्यक्षता** में **न्यायिक अवसंरचना सलाहकार समिति** गठित की।
- संविधान के **अनुच्छेद 217** की उपधारा (1) के प्रावधान (ए) के तहत उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा ने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है।
- **न्यायाधीश (जाँच) अधिनियम, 1968** के तहत न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से जुड़े आरोपों की जाँच कर रही **न्यायाधीश जाँच समिति** (अध्यक्ष: **न्यायमूर्ति अरविंद कुमार** न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय) ने लोकसभा अध्यक्ष को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है।
- सिक्किम न्यायपालिका देश की **पहली 'पेपरलेस' राज्य न्यायपालिका** बन गई है। न्यायपालिका ने न्यायिक प्रक्रियाओं का **पूर्ण डिजिटलीकरण** और **ई-कोर्ट प्रणाली** का सफल कार्यान्वयन किया है।
- हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी स्थित **स्लाइस स्मॉल फाइनेंस बैंक** की देश में पहली एआई-संचालित **"फिजिकल"** बैंकिंग शाखा का उद्घाटन किया।
- **सूती वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषद (TEXPROCIL)** ने भारत के सूती वस्त्र निर्यात क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करने के लिए **मुंबई** में

**टेक्सप्रोसिल निर्यात पुरस्कार 2023–24** कार्यक्रम का आयोजन किया था। कार्यक्रम के दौरान, वित्त मंत्री ने टेक्सप्रोसिल के **'एडवांस्ड सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन इंटरनेशनल ट्रेड' (ACPIT)** का भी शुभारंभ किया

- ♦ **उद्देश्य:** भारत के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना और वैश्विक व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करना

- ❐ जनजातीय कार्य मंत्रालय ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) तथा **CSIR– इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (CSIR-IGIB)** के सहयोग से **जनजातीय गरिमा उत्सव 2026** के अंतर्गत 14 मई 2026 को CSIR-IGIB नई दिल्ली में सिकल सेल रोग के लिए भारत की पहली स्वदेशी CRISPR-आधारित **जीन थेरेपी "बिरसा–101"** पर कार्यशाला का आयोजन किया।

## मेकेदातु जलाशय परियोजना, कर्नाटक

- ❐ हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने मेकेदातु परियोजना के विरुद्ध तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया है।
- ❐ **स्थिति:** यह परियोजना **कर्नाटक** के रामनगर और चामराजनगर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में **कावेरी नदी पर** स्थित एक बहुउद्देशीय परियोजना है, जो **अर्कावती सहायक नदी** के संगम के समीप है।
- ❐ **उद्देश्य:** बेंगलुरु शहर को 4.75 TMC पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना और 400 मेगावाट (MW) जलविद्युत का उत्पादन करना ।

# आर्थिक–समसामयिकी

## योजना

### कपास उत्पादकता मिशन (Mission for Cotton Productivity)

- **मंजूरी:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रु. 5,659.22 करोड़ के परिव्यय के साथ कपास उत्पादकता मिशन को मंजूरी दी।
- **क्रियान्वयन अवधि: 2026–27 से 2030–31 तक** (5 वर्ष)
- **घोषणा:** केंद्रीय बजट 2025–26 में
- मिशन भारत सरकार के **'5-F' (फार्म टू फाइबर टू फैक्टरी टू फेशन टू फॉरेन) विजन** के अनुरूप है।
- **उद्देश्य:** रोग और कीट प्रतिरोधी **उच्च उपज वाली किस्मों (HYV)** के बीजों का विकास करना।
  - उन्नत कपास **उत्पादन तकनीकों** (जैसे उच्च घनत्व रोपण प्रणाली - HDPS) का विस्तार करना।
  - अतिरिक्त **लंबे रेशे वाली कपास (ELS)** को बढ़ावा देना।
  - **प्राकृतिक फाइबर** (अलसी, बांस, केले आदि) के साथ विविधीकरण।
- **नोड्ल मंत्रालय: कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय।**
  - भागीदार: **वस्त्र मंत्रालय।**
  - 14 राज्यों के **140 जिलों** पर प्रारंभिक ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
- **लक्ष्य (2031 तक):**

| मापदंड | वर्तमान | लक्ष्य (2031) |
|---|---|---|
| उत्पादकता (किलोग्राम/हेक्टेयर) | ~ 440 | 755 |
| कुल उत्पादन | 297 लाख गांठ | 498 लाख गांठ |

  - **कस्तूरी कॉटन भारत पहल** को बढ़ावा देना ।
  - अपशिष्ट को **2 प्रतिशत से** कम करना।
  - **2000 जिनिंग/प्रसंस्करण कारखानों** की स्थापना करना।
  - लगभग 32 लाख किसानों को लाभान्वित करना और आत्मनिर्भर बनाना।

### 'सार्थक–पीडीएस' (SARTHAK-PDS) योजना

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (CCEA) ने 'सार्थक–पीडीएस' योजना को **अम्ब्रेला योजना** के रूप में मंजूरी दी है।
- **पूर्ण रूप: Support for ration transportation and management - income with automation in public distribution** (राशन परिवहन और प्रबंधन में सहायता-पीडीएस में स्वचालन के साथ आय योजना)।
- **योजना का एकीकरण:** वर्तमान में चल रही दो योजनाओं को एकीकृत करके तैयार की गई है:
  - राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA)- 2013 के तहत खाद्यान्नों के अंतर-राज्यीय आवागमन और उचित मूल्य की दुकान (FPS) डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता।
  - सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार की योजना (स्मार्ट पीडीएस - SMART PDS)।
- **वित्तीय परिव्यय:** 25,530 करोड़ रुपये (केंद्र सरकार द्वारा) ।
- **अवधि:** 31 मार्च, 2031 तक (16वें वित्त आयोग के कार्यकाल तक)
- **उद्देश्य:** अंतरराज्यीय आवागमन, हैंडलिंग और FPS डीलर के मार्जिन के लिए सुनिश्चित वित्तीय सहायता प्रदान करना।
  - एक एकीकृत, नागरिक-केंद्रित, बुद्धिमान और अंतरसंचालनीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) ढाँचा तैयार करना, जिससे अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।
  - भ्रष्टाचार और राशन की कालाबाजारी को कम करके NFSA के तहत खाद्य सुरक्षा के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना।

- यह योजना कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), मशीन लर्निंग (ML), नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (NLP) और ब्लॉकचेन जैसी **उन्नत तकनीकों के उपयोग** के माध्यम से PDS के संचालन को आधुनिक, एकीकृत और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास करेगी।
- इसके तहत मानकीकृत ढाँचे और एकीकृत डेटाबेस तैयार किए जाएंगे, जिससे वास्तविक समय में निगरानी, एआई आधारित शिकायत निवारण और विश्लेषण प्रणाली, डेटा आधारित निगरानी के लिए राज्य कमांड कंट्रोल सेंटर और ISO प्रमाणित प्रक्रिया ढाँचे स्थापित किए जा सकेंगे।
- **लाभार्थी:** 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम' (NFSA) के लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को लाभ मिलेगा।

> **PDS का डिजिटलीकरण :** सरकार ने टार्गेटेड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (TPDS) के एंड-टू-एंड कंप्यूटरीकरण, इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट ऑफ पीडीएस (IM-PDS) और SMART-PDS जैसी कई डिजिटलीकरण पहलों को लागू किया है।
>
> ♦ मेरा राशन, अन्न मित्र, राइटफुल टारगेटिंग डैशबोर्ड और अन्न सहायता जैसे नागरिक-केंद्रित प्लेटफॉर्म भी शुरू किए गए हैं।

## भारत औद्योगिक विकास योजना (BHAVYA)

- **उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT)** ने देश में निवेश के लिए तैयार, विश्व स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढाँचे का विकास करने के लिए **'भव्य' (BHAVYA)** योजना के विस्तृत **परिचालन दिशानिर्देश जारी** किए हैं।
- **लक्ष्य:** देश भर में प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर **100 औद्योगिक पार्कों** का विकास करना।
    - ♦ **प्रथम चरण:** 'चुनौती-आधारित (चैलेंज मोड) चयन प्रक्रिया' के माध्यम से अधिकतम **50 औद्योगिक पार्कों** का चयन किया जाएगा।
- **आवंटित बजट: 33,660 करोड़ रुपये ।**
    - ♦ वित्तीय सहायता **राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और निवेश ट्रस्ट (NICDIT)** के माध्यम से प्रदान की जाएगी।
- **अवधि:** 6 वर्ष **(वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2031-32 तक)।**
- **प्रकार: केंद्रीय क्षेत्र** की योजना।
- **नोडल मंत्रालय:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **(DPIIT)**
    - ♦ कार्यान्वयन/निगरानी के लिए परियोजना प्रबंधन एजेंसी (PMA): **राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP)**
- **दिशानिर्देश:**
    - ♦ इस योजना के तहत **ग्रीनफील्ड** और **पात्र ब्राउनफील्ड** दोनों प्रकार के औद्योगिक पार्कों के विकास की अनुमति दी जाएगी।
    - ♦ पार्कों के लिए न्यूनतम भूमि की आवश्यकता-

| राज्यों की श्रेणी | न्यूनतम भूमि की आवश्यकता |
|---|---|
| सामान्य/गैर-पहाड़ी राज्य | 100 एकड़ |
| पहाड़ी राज्य, पूर्वोत्तर राज्य, केंद्र शासित प्रदेश और छोटे राज्य | 25 एकड़ |

- ♦ नोट: योजना के तहत 1000 एकड़ तक के मेगा पार्कों (बड़े पार्कों) के विकास पर भी विचार किया जा सकता है।
- वित्तीय सहायता: **मूलभूत अवसंरचना, मूल्यवर्धित अवसंरचना, सामाजिक अवसंरचना** विकास के लिए **प्रति एकड़ 1 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता** प्रदान की जाएगी।
    - ♦ **बाहरी अवसंरचना** के लिए भी परियोजना लागत का **25 प्रतिशत** तक समर्थन दिया जाएगा।

## सतही कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने की योजना

- **मंजूरी:** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सतही कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति प्रदान की है।
- **वित्तीय परिव्यय:** रु. 37,500 करोड़।
- **तात्कालिक लक्ष्य: लगभग 75 मिलियन** (7.5 करोड़) टन कोयला/लिग्नाइट का गैसीकरण किया जाएगा।
- **प्रौद्योगिकी:** यह योजना तकनीक-स्वतंत्र दृष्टिकोण पर आधारित है, लेकिन इसमें मुख्य रूप से स्वदेशी तकनीकों को अपनाने पर बल दिया गया है।

- **वित्तीय प्रोत्साहन की संरचना**
  - संयंत्र और मशीनरी की कुल लागत का **अधिकतम 20 प्रतिशत** तक वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किया जाएगा।
  - **प्रोत्साहन की अधिकतम सीमाएँ:**
    - किसी एक **विशिष्ट परियोजना** के लिए: **रु. 5,000 करोड़।**
    - किसी **एक उत्पाद** के लिए (सिंथेटिक प्राकृतिक गैस और यूरिया को छोड़कर): **9,000 करोड़ रुपये।**
    - किसी **एक इकाई समूह** की सभी परियोजनाओं के लिए **समग्र सीमा:** रु. **12,000 करोड़।**
- **महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार :** सरकार ने गैर-विनियमित क्षेत्र (NRS) लिंकेज नीलामी ढाँचे में 'कोयला गैसीकरण' उत्पादन प्रक्रिया उप-क्षेत्र के लिए कोयला लिंकेज (कोयला उत्पादक और उपभोक्ता के बीच दीर्घकालिक आपूर्ति समझौता) की **अवधि बढ़ाकर 30 वर्ष** कर दी है।

### आपातकालीन ऋण गारंटी योजना (ECLGS) 5.0

- **मंजूरी:** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा।
- **उद्देश्य:** पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न हुई **अल्पकालिक नकदी की समस्या का समाधान** करना।
  - **राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड ( NCGTC)** द्वारा सदस्य ऋण संस्थानों (MLI) को **डिफॉल्ट राशि** के लिए गारंटी कवरेज प्रदान करना।
- **विशेषताएँ-**

  - **अवधि:** NCGTC के दिशानिर्देश जारी होने से **31 मार्च, 2027** तक स्वीकृत सभी ऋणों पर लागू।

| मापदंड (Parameters) | MSME और गैर-MSME | शेड्यूल्ड यात्री एयरलाइंस |
|---|---|---|
| पात्रता (खाते मानक होने चाहिए)। | 31 मार्च, 2026 तक मौजूदा कार्यशील पूंजी सीमा वाले | बकाया ऋण वाली एयरलाइंस । |
| गारंटी कवरेज | MSME: 100%<br>गैर-MSME: 90% | 90% |
| गारंटी शुल्क | शून्य | शून्य |
| सहायता की मात्रा (Maximum Limit) (वित्त वर्ष 2026 के चौथी तिमाही का) | कार्यशील पूंजी का 20% तक अतिरिक्त ऋण (अधिकतम ₹100 करोड़) | 100% तक अतिरिक्त ऋण (अधिकतम ₹1,500 करोड़) |
| ऋण की अवधि (Tenure) | 5 वर्ष (इसमें 1 वर्ष का मोरेटोरियम शामिल है) | 7 वर्ष (इसमें 2 वर्ष का मोरेटोरियम शामिल है) |
| गारंटी कवर की अवधि | ऋण की अवधि के समान | ऋण की अवधि के समान |

## सूचकांक/रिपोर्ट

### 7th लॉजिस्टिक्स ईज अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS) रिपोर्ट 2025

- **जारी:** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा।
- **तैयार:** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा।
- **शुरुआत:** इसे **2018 में** विश्व बैंक के **लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (LPI)** की तर्ज पर तैयार किया गया था।
- रिपोर्ट देश भर में रसद दक्षता में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण मानक के रूप में कार्य करती है।
- **प्रमुख विशेषताएँ**
  - आकलन को अधिक मजबूत बनाने के लिए मापने योग्य और वस्तुनिष्ठ संकेतकों को लगभग 59% का भारांक दिया गया है।
  - **चार-स्तरीय वर्गीकरण प्रणाली: LEADS-** 2025 ने अपनी पुरानी 3-स्तरीय प्रणाली को **4-स्तरीय प्रदर्शन फ्रेमवर्क** में बदल दिया है।

1. **मिसाल (Exemplars):** शामिल राज्य निरंतर उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं

| तटीय राज्य | भू-बद्ध राज्य | उत्तर-पूर्वी राज्य | केंद्र शासित प्रदेश |
|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | उत्तर प्रदेश | मिजोरम | दिल्ली |

2. **उच्च प्रदर्शन वाले राज्य (High Performers):** ये मजबूत और लगातार परिणाम प्रदर्शित करते हैं।

3. **उत्प्रेरक (Accelerators):** हालिया वर्षों में शानदार प्रगति और सुधार की स्पष्ट दिशा प्रदर्शित की है।

4. **प्रगति खोजने वाले (Growth-Seekers):** ये रसद प्रणाली के विकास और संस्थागत सुदृढ़ीकरण के शुरुआती चरण में है।

♦ राजस्थान (भू-बद्ध राज्य) इसी श्रेणी में शामिल हैं।

# विविध

## विकसित भारत गारंटी का रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) अधिनियम 2025

❐ **अधिसूचना:** 11 मई 2026 को भारत सरकार द्वारा जारी।

❐ **अधिनियम लागू:** 1 जुलाई 2026 से

♦ **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)** 2005 उसी तारीख **(1 जुलाई)** से निरस्त हो जाएगा।

❐ **वित्तीय प्रावधान:** केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु **95,692.31 करोड़ रुपये** की राशि आवंटित की है।

❐ **रोजगार गारंटी:** प्रत्येक ग्रामीण परिवार के **वयस्क सदस्य** द्वारा **अकुशल शारीरिक श्रम** करने की इच्छा व्यक्त करने पर उन्हें **प्रत्येक वित्तीय वर्ष** में **125 दिनों के** वैतनिक रोजगार की गारंटी प्राप्त होगी।

## अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (TAC-IIP)

❐ **सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने** IIP के आधार वर्ष संशोधन पर तकनीकी सलाहकार समिति की रिपोर्ट जारी की।

❐ **गठन:** सितंबर 2024 में **प्रोफेसर डॉ. मृदुल के. सागर** की अध्यक्षता में किया गया था।

❐ **आधार वर्ष** 2022-23 वाली **नई IIPश्रृंखला में प्रमुख परिवर्तन:**

♦ **दायरे का विस्तार: लघु खनिज, दुर्लभ मृदा खनिज, गैस आपूर्ति, जल आपूर्ति तथा सीवरेज एवं अपशिष्ट प्रबंधन** को शामिल किया गया।

♦ विद्युत सूचकांक में **नवीकरणीय और गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों** से उत्पादित विद्युत के लिए अलग-अलग सूचकांक शामिल किए गए।

♦ खनन और उत्खनन क्षेत्र को अब तीन उप-सूचकांकों में विभाजित किया गया है, जिनमें **ईंधन खनिज, धात्विक खनिज (दुर्लभ मृदा खनिज सहित) और अधात्विक खनिज (लघु खनिज सहित)** शामिल हैं।

♦ संशोधित सूची में **1,042 उत्पाद** शामिल हैं, जिन्हें **463 वस्तु समूहों** में वर्गीकृत किया गया है।

❐ नई श्रृंखला का **पहला आधिकारिक प्रकाशन 1 जून 2026** को किया जाएगा।

## भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा लाभांश का हस्तान्तरण

❐ भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए **केंद्र सरकार को 2,86,588.46 करोड़** रुपये का रिकॉर्ड अधिशेष (Surplus/लाभांश) हस्तांतरित करने को मंजूरी दी है।

❐ यह केंद्रीय बैंक द्वारा सरकार को दिया गया अब तक का **सबसे बड़ा वार्षिक लाभांश** है, जो पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में दिए गए 2.68 लाख करोड़ रुपये से **लगभग 7% अधिक** है।

❐ **बजटीय लक्ष्य:** वित्त मंत्री ने बजट 2026-27 में RBI, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (PSBs) और अन्य वित्तीय संस्थानों से **कुल 3.16 लाख करोड़ रुपये** के लाभांश का लक्ष्य रखा था ।

❐ **RBI अधिनियम, 1934** की **धारा 47** तथा **बिमल जालान समिति** की सिफारिशों के आधार पर आवश्यक **आकस्मिक जोखिम बफर (CRB)** को बनाए रखने के बाद ही शेष बचा हुआ अधिशेष (Surplus) केंद्र सरकार को हस्तांतरित किया जाता है।

## सेहत (साइंस एक्सीलेंस फॉर हेल्थ थ्रू एग्रीकल्चरल ट्रांसफॉर्मेशन-SEHAT) मिशन

❐ **लॉन्च:** 11 मई 2026, **नई दिल्ली** में केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में किया गया।

- **क्रियान्वयन : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (ICAR )** और **भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)** द्वारा संयुक्त रूप से ।
- **उद्देश्य:** खेती को बेहतर पोषण, रोग-निवारण, किसान कल्याण और वैज्ञानिक नीति-निर्माण से जोड़ना।
  - ♦ हेल्दी फूड, हेल्दी फार्म और हेल्दी इंडिया के विजन को आगे बढ़ाना।
- मिशन के तहत **पोषण गुणवत्ता सुधार, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी कम करने, गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और टिकाऊ खाद्य प्रणाली विकसित** करने पर फोकस रहेगा।

## ट्रेड इनेबलमेंट एंड एक्सेस टू मार्केट (TEAM) पहल

- **'राइजिंग एंड एक्सेलरेटिंग MSME परफॉर्मेंस' (RAMP) कार्यक्रम** के तहत एक उप-योजना है।
- **कार्यान्वयन एजेंसी: राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (NSIC)**
- **उद्देश्य:** सूक्ष्म और लघु उद्यमों (MSEs) को संपूर्ण ई-कॉमर्स सहायता प्रदान करना, जिससे वे **ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC)** के माध्यम से डिजिटल वाणिज्य इकोसिस्टम में प्रभावी ढंग से भाग ले सकें।

## उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में राज्य-विशिष्ट USPs को बढ़ावा

- **शुरुआत:** उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (MDoNER) ने।
- **उद्देश्य:** उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (NER) को भारत की विकास गाथा में एक विशिष्ट और उच्च-मूल्य योगदानकर्ता के रूप में स्थापित करना।
  - ♦ **विशेष मिशनों,** वैल्यू एडिशन, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात के माध्यम से बढ़ावा देना।
- इस पहल के अंतर्गत, MDoNER ने उत्तर-पूर्व के **आठों राज्यों** के लिए एक-एक प्रमुख विशिष्टता USP की पहचान की है।

| राज्य | विशिष्ट USP | विशेषताएँ |
|---|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | कीवी | ♦ भारत का सबसे बड़ा कीवी उत्पादक राज्य, कीवी के लिए जैविक (ऑर्गेनिक) प्रमाणन प्राप्त।<br>♦ अरूणाचल कीवीः अरूणाचल प्रदेश की USP मिशन लॉन्च किया। |
| असम | मूगा रेशम | ♦ विश्व प्रसिद्ध गोल्डन शीन वाली सिल्क, समय के साथ चमक बढ़ती है |
| मेघालय | लाकाडोंग हल्दी | ♦ दुनिया में सबसे ज्यादा Curcumin (7-9%) वाली हल्दी। GI टैग प्राप्त। |
| त्रिपुरा | Queen Pineapple | ♦ अत्यधिक मीठा और रसदार अनानास, राज्य फल तथा GI टैग प्राप्त।<br>♦ मिशन Queen Pineapple लॉन्च किया गया। |
| नागालैंड | स्पेशलिटी कॉफी | ♦ उच्च गुणवत्ता वाली ऑर्गेनिक और स्पेशलिटी कॉफी<br>♦ कॉफी ऑफ नागालैण्ड मिशन शुरू किया गया। मिशन के तहत् 2 पायलट क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे।<br>✓ तुओफेमा गाँव (कोहिमा): अरेबिका कॉफी के लिए।<br>✓ घोटोवी गाँव (निउलैंड): रोबस्टा कॉफी के लिए |
| मिजोरम | मिजो अदरक | ♦ इस अदरक में 6 से 8 प्रतिशत **ओलियोरेसिन** होता है, जबकि दुनिया का औसत केवल 3 प्रतिशत है । |
| सिक्किम | जैविक खेती | ♦ भारत का पहला पूर्ण ऑर्गेनिक राज्य |
| मणिपुर | पोलो विरासत | इसे 'सगोल कंगजई' के नाम से भी जाना जाता है। |

## स्वयं सहायता समूह बचत खाता

- **शुरुआत : इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक (IIPB)** द्वारा।
- **उद्देश्य :** देश भर के ग्रामीण क्षेत्र में **वित्तीय समावेशन बढ़ाना** और महिला नेतृत्व वाले **स्वयं सहायता समूहों** को विश्वसनीय और किफायती बैंकिंग समाधान प्रदान करना ।
- **प्रमुख विशेषताएँ:** न्यूनतम प्रारंभिक जमा राशि और मासिक औसत शेष राशि की आवश्यकता नहीं है।
  - ♦ अधिकतम राशि सीमा 2 लाख रुपये।

**इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक (IPPB):** स्थापना- 1 सितंबर 2018 को।

♦ **स्वामित्व: भारत सरकार** की 100% हिस्सेदारी (पूर्ण स्वामित्व)-**संचार मंत्रालय** के डाक विभाग के अंतर्गत।

### दक्षिण तटीय रेलवे (SCoR) जोन

- हाल ही में जारी गजट नोटिफिकेशन के अनुसार भारत का **18वां रेलवे जोन 1 जून से पूरी तरह से चालू** होगा।
- **मुख्यालय:** विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश
- देश में 18वें रेलवे जोन के रूप में 'साउथ कोस्ट रेलवे' का गठन के बाद भारतीय रेलवे ने 18 सितारों वाला नया रेलवे **लोगो** भी जारी किया।

### 'नमो ग्रीन रेल' पहली स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन

- भारतीय रेलवे ने उत्तरी रेलवे के **जींद–सोनीपत खंड** पर हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित 10 डिब्बों वाली हाइड्रोजन ट्रेन चलाने की मंजूरी दी है।
- **प्रणोदन प्रणाली:** पारंपरिक डीजल या इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम के बजाय **1200 किलोवाट हाइड्रोजन फ्यूल सेल प्रणोदन प्रणाली** द्वारा संचालित होगी।
- नई ट्रेन में **डिस्ट्रीब्यूटेड पावर रोलिंग स्टॉक (DPRS)** तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा।
- **गति:** अधिकतम 75 किमी प्रति घंटे
- **निर्माण:** इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF), चेन्नई में
- **डिजाइन:** अनुसंधान, डिजाइन और मानक संगठन (RDSO), लखनऊ द्वारा
- यह 'Hydrogen for Heritage' पहल का हिस्सा है, जिसके तहत भारतीय रेलवे की **विरासत स्थलों और पहाड़ी** मार्गों पर **35 हाइड्रोजन ट्रेनें** चलाने की योजना है।
- जींद में **हरित हाइड्रोजन उत्पादन प्लांट** (इलेक्ट्रोलिसिस आधारित) और स्वदेशी हाइड्रोजन भंडारण और ईंधन भरने की सुविधा स्थापित की गई है।

### अत्याधुनिक जहाज मरम्मत केंद्र की मंजूरी

- मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति (CCEA) द्वारा **वाडीनार, गुजरात** में 1,570 करोड़ रुपये की **ब्राउनफील्ड** परियोजना को स्वीकृति दी।
- **क्रियान्वयन एजेंसियाँ:** दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण (DPA) और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL) द्वारा संयुक्त रूप से।

### थूथुकुडी (तमिलनाडु) में भारत का पहला मेगा ग्रीनफील्ड शिपयार्ड

- **भारत और दक्षिण कोरिया** के बीच तमिलनाडु के थूथुकुडी में भारत के ग्रीनफील्ड शिपयार्ड के विकास के fy, ,d **त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU)** पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- **समझौते से जुड़े प्रमुख पक्ष:** नेशनल शिपबिल्डिंग एंड हेवी इंडस्ट्रीज पार्क, तमिलनाडु लिमिटेड (NSHIP-TN)
  - HD कोरिया शिपबिल्डिंग एंड ऑफशोर इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड (HD KSOE)।
  - सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
- यह समझौता 20 अप्रैल 2026 को दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग की भारत यात्रा के दौरान किया गया।
- शिपयार्ड **VOYAGES फ्रेमवर्क** (Shared Vision for Operation of Yard Assisted Growth with Efficiency and Scale) के तहत विकसित किया जायेगा।
- **जहाज निर्माण क्षमता:** वार्षिक 2.5 मिलियन (25 लाख) ग्रॉस टन (GT) ।

### 'कंट्री स्ट्रैटेजिक अपॉर्चुनिटीज प्रोग्राम' (COSOP) 2026–2033

- **लॉन्च: भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD)** ने 2026–2033 की अवधि **(आठ वर्ष)** के लिए
- **घोषणा:** नई दिल्ली में आयोजित 'ग्रामीण समृद्धि के लिए IFAD–भारत साझेदारी' कार्यक्रम के दौरान की गई।
- उद्देश्य: देश भर में ग्रामीण आय में वृद्धि करना, संकटों का मजबूती से सामना करना, सकारात्मक पहलों के माध्यम से **गरीबी को कम** करना और स्थायी आजीविका के अवसरों को बड़े पैमाने पर बढ़ाना
- कार्यक्रम दो रणनीतिक प्राथमिकताओं पर केंद्रित है:
  - **ग्रामीण समुदायों की सामाजिक, आर्थिक और जलवायु–संबंधी सहनशीलता को बढ़ाना**
  - **भारत और वैश्विक दक्षिण के अन्य देशों में सिद्ध विकास मॉडलों को व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए ज्ञान प्रणालियों को मजबूत करना ।**
- इस अवसर पर **IFAD और नाबार्ड** के मध्य एक रणनीतिक साझेदारी समझौता संपन्न हुआ ।
  - **उद्देश्य:** कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में नवाचार को प्रोत्साहन देना और ग्रामीण वित्त व्यवस्था को मजबूती प्रदान करना ।

- **अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (IFAD):** संयुक्त राष्ट्र (UN) की विशेष एजेंसी और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थान है।
  - **स्थापना:** 1977; मुख्यालय: रोम (इटली)।
  - **सदस्य देश:** 180 (भारत इसका **संस्थापक सदस्य** है)।

## NSIC प्रौद्योगिकी सह कॉमन सुविधा केंद्र (TCFC)

- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) मंत्री जीतन राम मांझी ने **बेंगलुरु** के **पीन्या औद्योगिक क्षेत्र** में केंद्र की आधारशिला रखी।
- **स्थापना:** राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (NSIC) द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से।
- **उद्देश्य:** क्षेत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए प्रौद्योगिकी तक पहुँच, परीक्षण सुविधाओं, कौशल विकास, नवाचार और उद्यम प्रतिस्पर्धा को मजबूत करना।
- **कॉमन सुविधा केंद्र (CFC):** ऐसा केंद्र जहाँ छोटी इकाइयाँ साझा रूप से उन मशीनों या सुविधाओं का उपयोग करती हैं जिन्हें वे व्यक्तिगत रूप से खरीदने में सक्षम नहीं हैं।
- **National Small Industries Corporation (NSIC):** 1955 में स्थापित एक मिनी-रत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम जो MSMEs को विपणन, वित्त और तकनीक में सहायता प्रदान करता है।

## राष्ट्रव्यापी नि:शुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जाँच पहल

- **शुभारंभ: केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री** डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा 7 मई 2026 को ESIC मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बसई दारापुर, **नई दिल्ली** में किया गया।
- **उद्देश्य: सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020** के प्रावधानों के अनुसार **40 वर्ष और उससे अधिक आयु** के श्रमिकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा प्रदान करना।

## IS 18698 : 2026- DME मिश्रित LPG हेतु नया मानक

- भारतीय मानक ब्यूरो ने डाइमिथाइल ईथर (DME) मिश्रित तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG) के लिए नवीन मानक IS 18698 : 2026 निर्धारित किया है, जो 2024 के पूर्ववर्ती मानक का स्थान लेगा।

### डाइमिथाइल ईथर (DME)

- इसे घरेलू स्तर पर कोयला, बायोमास (कृषि अपशिष्ट) और मेथेनॉल आदि का इस्तेमाल कर बनाया जाता है।
- **प्रकृति:** यह स्वच्छ दहन वाला एक सिंथेटिक ईंधन है, जिसके गुण काफी हद तक LPG के समान हैं।
- वर्तमान में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) और नेशनल केमिकल लेबोरेटरी (NCL), पुणे के वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिदिन 250 किलोग्राम DME उत्पादन के साथ इसका पायलट प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है।

## अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा सेमी हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात में अहमदाबाद (सरखेज) से धोलेरा के बीच भारतीय रेलवे के पहले **स्वदेशी सेमी हाई-स्पीड रेलवे कॉरिडोर** को मंजूरी दी है।
- **कुल अनुमानित लागत:** लगभग रु. 20,667 करोड़।
- **कुल लंबाई:** 134 किलोमीटर।
- **डिजाइन गति :** 220 किलोमीटर प्रति घंटा

## उर्टन एवं धीरौली कोयला खदानें, मध्य प्रदेश

- कोयला मंत्रालय द्वारा मध्य प्रदेश राज्य में स्थित **धीरौली (सिंगरौली जिला)** और **उर्टन (अनूपपुर जिला)** खदानों से कोयले का उत्पादन सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दिया गया है।
- **उर्टन खदान:** यह **वाणिज्यिक कोयला नीलामी प्रणाली** के अंतर्गत उत्पादन शुरू करने वाली **देश की प्रथम भूमिगत कोयला खदान** बन गई है।

## 'चिराग' (CHIRAG)

- **पूर्ण रूप :** Center for HR Information Systems, Research and Analytics in Governance **(CHIRAG)**
- **उद्घाटन:** भारतीय रेलवे द्वारा मौला-अली, हैदराबाद में।
- यह भारतीय रेलवे में मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण, अनुसंधान और डिजिटल परिवर्तन पर केंद्रित एक **उत्कृष्टता केंद्र** (CoE) है।
- **उद्देश्य:** पूरे भारतीय रेलवे नेटवर्क में कार्यरत जनशक्ति की क्षमताओं को बढ़ाना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक उत्तरदायी व आधुनिक बनाना।

# 03 अंतर्राष्ट्रीय समसामयिकी

## महत्त्वपूर्ण यात्राएँ

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 मई से 20 मई 2026 तक संयुक्त अरब अमीरात (UAE), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की पांच देशों की आधिकारिक यात्रा की थी।

### प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 मई 2026 को संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया।
- UAI के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से वार्ता की।
- औपचारिक राजनयिक संबंध 1972 में स्थापित हुए।
- प्रधानमंत्री मोदी 2014 से अब तक **सात बार** UAE का दौरा कर चुके हैं और UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने भारत का **पांच बार** दौरा किया है।
- **व्यापार और निवेश संबंध:**
  - द्विपक्षीय व्यापार 101.25 अरब अमेरिकी डॉलर।
  - 2032 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 200 अरब अमेरिकी डॉलर तक करना।
  - अप्रैल 2000 से मार्च 2025 तक, UAE से भारत में कुल FDI 25.19 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा।
  - संयुक्त अरब अमीरात भारत में 7वां सबसे बड़ा विदेशी निवेशक बन गया।
- **ऊर्जा व्यापार:** (वित्त वर्ष 2024-25 में)
  - कच्चे तेल का चौथा सबसे बड़ा स्रोत
  - LNG का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत
  - LPG का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता
  - भारत के तैयार पेट्रोलियम उत्पादों का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य था
  - वर्तमान में, UAE भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार कार्यक्रम में भाग लेने वाला एकमात्र देश है।
- **प्रमुख समझौते**

1. **इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड (ISPRL) और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (ADNOC) के बीच रणनीतिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन:** इसके तहत ADNOC भारत की सामरिक पेट्रोलियम भंडार सुविधाओं-विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) तथा ओडिशा के चंडीकोल में बनने वाली नई सुविधा-में 30 मिलियन बैरल तक कच्चा तेल संग्रहित कर सकेगी। साथ ही, UAE के Fujairah में वाणिज्यिक स्तर पर कच्चे तेल के भंडारण की संभावनाओं पर भी सहमति बनी
2. **द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (LPG) की आपूर्ति पर:** इंडियन ऑयल लिमिटेड (IOCL) कंपनी और अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (ADNOC) के मध्य।
3. रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए ढाँचा
4. **जहाज मरम्मत क्लस्टर की स्थापना :** वडीनार, गुजरात में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और ड्राईडॉक्स वर्ल्ड के मध्य।
5. **जहाज मरम्मत में कौशल विकास पर:** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, ड्राईडॉक्स वर्ल्ड और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन मैरीटाइम एंड शिपबिल्डिंग के मध्य।
6. **8 एक्सफ्लॉप सुपर कंप्यूटिंग क्लस्टर की स्थापना:** भारत के C-DAC और यूएई के G-42 के मध्य।

- **घोषणा:**

(i) भारत के अवसंरचना क्षेत्र में 1 अरब अमेरिकी डॉलर तक के निवेश की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (ADIA) और भारत के राष्ट्रीय अवसंरचना एवं निवेश कोष (NIIF) को नियुक्त किया जाएगा।

(ii) एमिरेट्स NBD भारत के RBL बैंक में 3 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा।

(iii) इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी भारत के सम्मान कैपिटल में 1 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी।

## प्रधानमंत्री की नीदरलैंड यात्रा

- प्रधानमंत्री ने हेग में 16 मई को नीदरलैंड के प्रधानमंत्री श्री रोब जेटेन के साथ उनके आधिकारिक निवास (कैटश्यूस) में वार्ता की।
- **महत्त्वपूर्ण समझौते**–
  1. भारत-नीदरलैंड रणनीतिक साझेदारी रोडमैप [2026-2030]
  2. चोल राजवंश के ताम्रपत्रों की वापसी
  3. **धोलेरा में सेमीकंडक्टर** फैब को सहयोग प्रदान करने के लिए टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और ASML के बीच।
  4. खान मंत्रालय और नीदरलैंड के विदेश मंत्रालय के बीच **क्रिटिकल मिनरल्स** पर।
  5. गुजरात की **कल्पसर परियोजना:** तकनीकी सहयोग के लिए जल शक्ति मंत्रालय और नीदरलैंड के मिनिस्ट्री ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर एंड वॉटर मैनेजमेंट के मध्य।
  6. पश्चिम त्रिपुरा में फूलों (फ्लोरीकल्चर) के लिए **इंडो-डच उत्कृष्टता केंद्र** की स्थापना
  7. पशुपालन उत्कृष्टता केंद्र (CEAH), बेंगलुरु में **डेयरी प्रशिक्षण पर इंडो-डच उत्कृष्टता केंद्र** की स्थापना।
  8. **पशुपालन और डेयरी:** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय तथा नीदरलैंड के मिनिस्ट्री ऑफ एग्रीकल्चर, फिशरीज, फूड सिक्योरिटी एंड नेचर के मध्य।
  9. **स्वास्थ्य क्षेत्र:** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMI), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक हेल्थ एंड द एनवायरनमेंट (RIVM), नीदरलैंड के मध्य
  10. उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर।
  11. **शैक्षणिक सहयोग:** नालंदा विश्वविद्यालय, भारत और ग्रोनिंगन विश्वविद्यालय, नीदरलैंड।
  12. लेडेन यूनिवर्सिटी लाइब्रेरीज और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के मध्य।
  13. हरित हाइड्रोजन सहयोग के विकास पर भारत-नीदरलैंड रोडमैप नवीकरणीय ऊर्जा
  14. नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक **संयुक्त कार्य समूह** की स्थापना
  15. ऊर्जा क्षेत्र और ऊर्जा रूपांतरण की परियोजनाओं पर सहयोग हेतु **नीति आयोग** और नीदरलैंड के मध्य।
  16. आवाजाही और प्रवासन पर
  17. सीमा शुल्क मामलों में पारस्परिक प्रशासनिक सहायता पर।
- इस दौरान प्रधानमंत्री ने अफस्लुइटडिज्क बांध का भ्रमण किया।

## स्वीडन यात्रा

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 17 मई को स्वीडन के गोथेनबर्ग में प्रधानमंत्री श्री उल्फ क्रिस्टरसन के साथ वार्ता की।
- **सर्वोच्च सम्मान:** 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस'।
  - स्वीडन की राजमुकुट विक्टोरिया ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया। यह पुरस्कार स्वीडन का सर्वोच्च सम्मान है।
  - प्रधानमंत्री मोदी यह पुरस्कार पाने वाले पहले एशियाई नेता हैं।
- **महत्त्वपूर्ण समझौतें**–
  - 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य।
  - हरित प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर और उन्नत विनिर्माण में निवेश बढ़ाने पर सहमति।
  - भारत-स्वीडन इनोवेशन पार्टनरशिप 2.0 का शुभारंभ।
  - भारत-स्वीडन AI एवं प्रौद्योगिकी कॉरिडोर की स्थापना।
  - 6G, क्वांटम कंप्यूटिंग, अंतरिक्ष और सतत खनन में सहयोग।

- नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी भंडारण, स्मार्ट ग्रिड और कार्बन उत्सर्जन में कमी हेतु सहयोग।
- संयुक्त राष्ट्र सुधार, बहुपक्षवाद और आतंकवाद-रोधी प्रयासों में सहयोग पर बल।
- **LeadIT 3.0:** हरित औद्योगिक परिवर्तन (Green Industrial Transition) से जुड़ा यह मंच है। इसका नया चार-वर्षीय चरण 'LeadIT 3.0' लॉन्च करने का प्रस्ताव है,
- **"भारत-स्वीडन:** साथ मिलकर और सशक्त - 2047 की ओर**"**: वर्ष 2027 में इस विषय (Theme) पर द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।
- **टैगोर-स्वीडन व्याख्यान शृंखला:** वर्ष 2026 को रवींद्रनाथ टैगोर की स्वीडन यात्रा की शताब्दी के रूप में मनाने के लिए इस शृंखला की शुरुआत की जाएगी।
- **शुक्र ऑर्बिटर मिशन (VOM) / शुक्रयान:** स्वीडन इसमें आधिकारिक भागीदार है। स्वीडिश इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस फिजिक्स (IRF) द्वारा 'वीनसियन न्यूट्रल्स एनालाइजर' (VNA) प्रदान किया जा रहा है, जो एक अत्यंत उन्नत ऊर्जावान न्यूट्रल एटम डिटेक्टर है।
- **चंद्रयान-1 मिशन (2008):** इस ऐतिहासिक भारतीय मिशन के साथ स्वीडन का SARA पेलोड भेजा गया था।
- **SAAB डिफेंस प्लांट:** स्वीडन की प्रमुख रक्षा कंपनी 'SAAB' हरियाणा में अपना 100% स्वामित्व वाला विनिर्माण संयंत्र स्थापित कर रही है। यहाँ कार्ल गुस्ताफ मार्क IV कंधे से दागे जाने वाले हथियारों का उत्पादन किया जाएगा

❑ भारत-स्वीडन संबंधों को **रणनीतिक साझेदारी** के स्तर तक बढ़ाने पर, सहमति व्यक्त की।

- संयुक्त कार्ययोजना (2026-30) अपनाई गई।
- रणनीतिक साझेदारी के चार प्रमुख स्तंभ

1. स्थिरता और सुरक्षा के लिए रणनीतिक संवाद;
2. अगली पीढ़ी की आर्थिक साझेदारी;
3. उभरती प्रौद्योगिकियां और विश्वसनीय संपर्क;
4. साथ मिलकर भविष्य का निर्माण- लोग, ग्रह, स्वास्थ्य और लचीलापन।

## नार्वे यात्रा

❑ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 18 मई को ओस्लो में नॉर्वे के प्रधानमंत्री श्री जोनास गहर स्टोर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

❑ **सर्वोच्च सम्मान:** नॉर्वे के सम्राट हेराल्ड पंचम ने **'द रॉयल नॉर्वे ऑर्डर ऑफ मेरिट के ग्रैंड क्रॉस'** से सम्मानित किया।

❑ प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्वे को जून 2026 में फ्रांस में आयोजित होने वाले **भारत इनोवेट्स 2026** में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

❑ ओस्लो में आयोजित **3rd इंडिया-नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन** में भाग लिया।

❑ दोनों देश अपने संबंधों को **'ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप'** के रूप में उन्नत करने पर सहमत हुए,

❑ वर्ष 2030 तक वर्तमान व्यापार के मूल्य को दोगुना करने का लक्ष्य रखा।

❑ TEPA के तहत 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता को पूरा किया जा सके और भारत में एक मिलियन रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा सके।

❑ **हिन्द प्रशांत महासागर पहल** में नॉर्वे के शामिल होने का स्वागत किया।

❑ नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** में भारत की **स्थायी सदस्यता** के लिए नॉर्वे के समर्थन को दोहराया।

❑ **महत्वपूर्ण समझौतें-**

1. **CSIR-नॉर्वे रिसर्च काउंसिल (RCN) समझौता:** जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, महासागर विज्ञान और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार हेतु।
2. **CSIR-SINTEF सहयोग (2026-29):** कार्बन कैप्चर, अपतटीय पवन ऊर्जा, जैव-आधारित सामग्री, अपशिष्ट प्रबंधन और चक्रीय अर्थव्यवस्था हेतु।

3. **समुद्री एवं अपतटीय पवन ऊर्जा परियोजना:** फ्लोटिंग ऑफशोर विंड टेक्नोलॉजी के विकास और कार्यान्वयन के माध्यम से हरित ऊर्जा और कार्बन-न्यूट्रल लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में संयुक्त परियोजना।

4. **CSIR-वैज्ञानिक एवं नवाचार अनुसंधान अकादमी और नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी आशय घोषणापत्र:** हरित परिवर्तन, महासागर विज्ञान, स्वास्थ्य सेवा हेतु।

5. **CSIR-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान-Emerald Geomodelling समझौता:** विशाल अवसंरचना परियोजनाओं के लिए उन्नत भूभौतिकीय सर्वेक्षण सटीक डेटा विश्लेषण और भूवैज्ञानिक समाधान विकसित करने हेतु।

6. Sovereign Investment Corridor की अवधारणा पर चर्चा, जिसके तहत नॉर्वे का संप्रभु कोष भारत की हरित अवसंरचना परियोजनाओं में निवेश करेगा।

- ❐ प्रधानमंत्री श्री क्रिस्टरसन द्वारा दिए गए उपहार
  1. गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा हस्तलिखित दो नीति-वचनों (एपिग्राम) की प्रतिकृतियां
  2. एक संक्षिप्त व्याख्यात्मक लेख और
  3. वर्ष 1921 में उप्साला विश्वविद्यालय की यात्रा के दौरान ली गई गुरुदेव टैगोर की एक तस्वीर थी।
- ❐ प्रधानमंत्री श्री मोदी ने निम्न उपहार दिए
  1. रवींद्रनाथ टैगोर की संकलित रचनाओं का एक संग्रह
  2. शांतिनिकेतन का विशेष रूप से हस्तनिर्मित एक बैग

## इटली यात्रा

❐ प्रधानमंत्री ने 20 मई 2026 को इटली की यात्रा की।

❐ **महत्त्वपूर्ण समझौतें-**

**1. कूटनीतिक एवं सुरक्षा संबंध**

- ♦ **रणनीतिक स्तर:** द्विपक्षीय संबंधों को "विशेष रणनीतिक साझेदारी" का दर्जा दिया गया।
- ♦ **समीक्षा तंत्र:** 'संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-2029' की निगरानी के लिए विदेश मंत्रियों के नेतृत्व में नया तंत्र बनेगा।
- ♦ **रक्षा रोडमैप:** रक्षा प्रणालियों के सह-उत्पादन व सह-विकास पर समझौता।
- ♦ **सुरक्षा संवाद:** समुद्री सुरक्षा संवाद और एक वार्षिक उच्च स्तरीय सैन्य संवाद शुरू करने पर सहमति।
- ♦ **एजेंसी सहयोग:** भारत के प्रवर्तन निदेशालय (ED) और इटली की 'गार्डिया डी फिनान्जा' के मध्य।

**2. व्यापार, कनेक्टिविटी और निवेश**

- ♦ **व्यापार लक्ष्य:** वर्ष 2029 तक द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब यूरो तक पहुँचाना।
- ♦ **महत्वपूर्ण खनिज :** आपूर्ति श्रृंखला और ई-कचरे से खनिज पुनर्प्राप्ति के लिए।
- ♦ **कनेक्टिविटी:** IMEC (भारत-मध्य पूर्व-यूरोप) गलियारे के प्रति प्रतिबद्धता और नौवहन व बंदरगाहों पर समझौता।
- ♦ **कृषि:** कृषि और कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में मंत्रालयों के मध्य।

**3. विज्ञान, प्रौद्योगिकी और AI**

- ♦ **INNOVIT India:** भारत में फिनटेक, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और AI को बढ़ावा देने के लिए नवाचार केंद्र की स्थापना।
- ♦ **अनुसंधान पहुंच:** भारतीय शोधकर्ताओं को इटली की 'एलेट्रा सिंक्रोट्रोन रेडिएशन सुविधा' तक पहुंच की अनुमति।

**4. प्रवासन, शिक्षा और संस्कृति**

- ♦ **हेल्थकेयर गतिशीलता:** भारतीय नर्सों की इटली में आवाजाही को सुगम बनाने के लिए 'संयुक्त आशय घोषणा'।
- ♦ **टैलेंट ब्रिज:** भारतीय छात्रों को इतालवी कंपनियों में रोजगार से जोड़ने के लिए "ICI- इटली कॉल्स इंडिया'' पहल।
- ♦ **परिसर आमंत्रण:** इतालवी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने का निमंत्रण।
- ♦ **वर्ष 2027:** इसे "भारत-इटली संस्कृति और पर्यटन वर्ष" के रूप में मनाया जाएगा।
- ♦ **लोथल परियोजना:** गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर के विकास में इटली भागीदार बनेगा।

5. **वैश्विक मुद्दे और त्रिपक्षीय सहयोग**

- **अफ्रीका साझेदारी:** भारत की विकास साझेदारी और इटली की 'मैतेई योजना' को मिलाकर अफ्रीका में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI), कृषि और ऊर्जा पर त्रिपक्षीय काम।

**पीएम मोदी की विदेश यात्रा: विश्व नेताओं को दिए गए सांस्कृतिक और GI टैग उत्पाद**

1. **इटली:**
   - असम का मूंगा और एरी सिल्क
   - मणिपुर का शिरुई लिली शॉल
   - आगरा के मार्बल इजले बॉक्स
2. **संयुक्त अरब अमीरात (UAE):**
   - **उदयपुर का कोफ्तगिरी खंजर।**
   - कच्छ (गुजरात) की रोगन पेंटिंग
   - गुजरात के **केसर आम** और मेघालय के **प्रीमियम अनानास**।
   - मणिपुर का चाक-हाओ चावल
   - करीमनगर का फिलीग्री बॉक्स (सिल्वर क्राफ्ट)
   - मध्य प्रदेश का माहेश्वरी सिल्क।
3. **स्वीडन:**
   - **लद्दाख स्टॉल**
   - मणिपुर की लोकटक चाय
   - पश्चिम बंगाल का शांतिनिकेतन लेदर बैग
   - मध्य प्रदेश की गोंड कला
   - पीएम की लिखित पुस्तक 'कॉन्वीनिएंट एक्शन'।
4. **नीदरलैंड:**
   - **जयपुर ब्लू पॉटरी**
   - बिहार की मधुबनी पेंटिंग
5. **नॉर्वे:**
   - ओडिशा के सिल्वर फिलीग्री सेलबोट
   - ओडिशा के **पाम लीफ पटचित्र**
6. **डेनमार्क की प्रधानमंत्री:**
   - दक्कन क्षेत्र की बिदरी सिल्वर वर्क
7. **खाद्य और कृषि संगठन (FAO) महानिदेशक:**
   - असम के **जोहा चावल**
   - पश्चिम बंगाल का गोविंदभोग चावल
   - उत्तर प्रदेश का काला नमक चावल
   - सात राज्यों का बासमती चावल।

**वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा**

- श्री तो लाम 5 से 7 मई 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए।
- **प्रमुख समझौते:**

1. **दुर्लभ खनिज सहयोग:** IREL (India) और (Institute for Technology of Radioactive and Rare Elements) ITRRE (वियतनाम) के बीच रेयर अर्थ एलिमेंट्स एवं उन्नत तकनीकों में सहयोग।
2. **सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (2026-30) :** कला, संस्कृति और सांस्कृतिक गतिविधियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा।
3. **डिजिटल भुगतान सहयोग:** RBI और वियतनाम स्टेट बैंक।
4. **दवा एवं चिकित्सा नियमन में सहयोग**
5. **मुंबई-हो ची मिन्ह सिटी सहयोग:** शहरी प्रबंधन और आर्थिक विकास में अनुभव साझा करना।
6. **ICCR चेयर ऑफ इंडिया स्टडीज (दा नांग विश्वविद्यालय):** भारत अध्ययन को बढ़ावा देने हेतु।
7. **नालंदा विश्वविद्यालय- हो ची मिन्ह राष्ट्रीय राजनीति अकादमी समझौता:** क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण।
8. **डिजिटल प्रौद्योगिकी सहयोग**
9. **सीमा-पार QR भुगतान :** NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) और नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ वियतनाम (NAPAS) के मध्य।
10. **लेखा-परीक्षा संस्थाओं के बीच सार्वजनिक लेखापरीक्षा सहयोग**
11. **पर्यटन सहयोग**
12. **चाम पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण:** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र सहयोग करेगा।

13. **चिकित्सा उत्पाद विनियमन:** भारत के CDSCO और वियतनाम के DAV के मध्य।

- **घोषणाएँ**–

1. द्विपक्षीय संबंधों को उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाना।
2. वर्ष 2030 तक 25 अरब अमेरिकी डॉलर का नया व्यापार लक्ष्य।
3. वियतनाम हिंद प्रशांत महासागर पहल (IPOI) में शामिल हो रहा है।
4. **भारतीय अंगूरों** का वियतनाम को और वियतनामी **ड्यूरियन** का भारत को निर्यात करने की घोषणा।
5. माई सोन में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल पर स्थल व्याख्या केंद्र की स्थापना की जाएगी।

## साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

- साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति **श्री निकोस क्रिस्टोडौलीडेस** ने 20–23 मई 2026 तक भारत की राजकीय यात्रा की।
- **महत्वपूर्ण समझौते**–

1. आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की स्थापना।
2. **राजनयिक प्रशिक्षण:** भारत के सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान और साइप्रस की राजनयिक अकादमी के मध्य।
3. **नवाचार और प्रौद्योगिकी:** साइप्रस के अनुसंधान, नवाचार और डिजिटल नीति उप मंत्रालय और भारत के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मध्य।
4. **खोज एवं बचाव (SAR) मामलों पर आधिकारिक समन्वय और सहयोग:** साइप्रस के लारना का संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र और भारत के रक्षा मंत्रालय के बीच ।
5. **उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान:** शिक्षा मंत्रालय और साइप्रस सरकार के शिक्षा, खेल एवं युवा मंत्रालय के मध्य।
6. **सांस्कृतिक सहयोग (2026–2030):** संस्कृति मंत्रालय और साइप्रस के उप संस्कृति मंत्रालय के मध्य।

**घोषणाएं:**

1. द्विपक्षीय सम्बंधों को **रणनीतिक साझेदारी** के स्तर तक उन्नत करना
2. 2026–2031 की अवधि के लिए **रक्षा सहयोग** का रोडमैप
3. **साइबर सुरक्षा संवाद** की स्थापना
4. **वाणिज्य दूतावास (कांसुलर) संवाद** की स्थापना
5. साइप्रस **हिंद–प्रशांत महासागर पहल** में शामिल हो रहा है।
6. सहयोग हित और मैत्री (BHISM) क्यूब के लिए भारत स्वास्थ्य पहल का साइप्रस को उपहार स्वरूप दिया जाना।
7. 18 मई 2026 को प्रथम **भारत–साइप्रस अंतरिक्ष दिवस** का आयोजन।
8. साइप्रस की ओर से मुंबई में **साइप्रस व्यापार केंद्र** खोलने के आशय की घोषणा।

## त्रिनिदाद और टोबैगो

- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 8–9 मई को 2 दिवसीय त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा की।
- प्रधानमंत्री **कमला प्रसाद–बिसेसर** से मुलाकात की।
- **8 महत्त्वपूर्ण समझौते**–
  - **ऐतिहासिक अभिलेख सहयोग:** भारतीय मूल के प्रवासियों को अपने पूर्वजों और पारिवारिक जड़ों की खोज में सहायता हेतु ऐतिहासिक दस्तावेजों का आदान–प्रदान।
  - **आयुर्वेद चेयर की स्थापना:** वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय में आयुर्वेद के अध्ययन, शोध और शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।
  - **त्रिनिदाद एवं टोबैगो के विदेश मंत्रालय भवन का सौर ऊर्जाकरण**
  - **नेल्सन द्वीप का विकास:** गिरमिटिया मजदूरों से जुड़े द्वीप के बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया जाएगा।
  - **वेक्टर जनित रोग नियंत्रण:** डेंगू, जीका आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए संयुक्त सहयोग।
  - **पर्यटन सहयोग**
  - **डिजिटल शिक्षा सहयोग**
  - **स्वास्थ्य एवं फार्मास्यूटिकल सहयोग**
- डॉ. जयशंकर ने चयनित स्कूली बच्चों को 2000 लैपटॉप का पहला बैच सौंपा

- **कृषि-प्रसंस्करण सुविधा का उद्घाटन:** इसके लिए भारत ने पिछले वर्ष दस लाख डॉलर की मशीनरी उपलब्ध कराई थी।
- **राष्ट्रीय कृत्रिम अंग केंद्र का उद्घाटन:** पेनाल में , सुश्री प्रसाद-बिसेसर और डॉ. जयशंकर ने।

- विदेश मंत्री **डॉ. एस. जयशंकर** ने **न्यूयॉर्क** स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 'शून्य से अनंत तक: गणित में भारतीय सभ्यता का योगदान' (From Shunya to Ananta: The Indian Civilization's Contribution to Mathematics) नामक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।
- केंद्रीय मंत्री **श्री जयंत चौधरी** ने **युगांडा** के राष्ट्रपति **जनरल योवेरी कगुटा मुसेवेनी** के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया
- **चिली** गणराज्य के **विदेश मंत्री फ्रांसिस्को पेरेज मैककेना** के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मंडल ने दोनों देशों के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से द्विपक्षीय वार्ताओं के लिए भारत का दौरा किया।
- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कनाडा की यात्रा की।

# आयोजन/सम्मेलन/बैठक

## भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन 2026

- **आयोजन:** ओस्लो, नार्वे
- **भागीदार:** भारत के प्रधानमंत्री और पांच नॉर्डिक देश (डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन) के नेता
- **प्रमुख निष्कर्ष:**

**1. रणनीतिक साझेदारी**

- भारत और नॉर्डिक देशों (डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड, आइसलैंड, स्वीडन) के संबंधों को हरित प्रौद्योगिकी एवं नवाचार आधारित रणनीतिक साझेदारी तक उन्नत किया गया।

**2. व्यापार एवं निवेश**

- भारत-EFTA TEPA और भारत-EU मुक्त व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने पर सहमति।
- TEPA के तहत भारत में 100 अरब डॉलर निवेश और लगभग 10 लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य।

**3. जलवायु एवं ब्लू इकोनॉमी**

- आइसलैंड को LeadIT 2.0 में शामिल किया गया।
- हरित शिपिंग, कम-कार्बन अर्थव्यवस्था और सुरक्षित जहाज पुनर्चक्रण पर सहयोग बढ़ाने का निर्णय।

**4. प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष एवं रक्षा**

- AI, 5G/6G, क्वांटम तकनीक और डिजिटल अवसंरचना में सहयोग।
- ISRO और नॉर्वेजियन स्पेस एजेंसी के बीच नया समझौता।
- नॉर्डिक रक्षा कंपनियों को भारत में 100% FDI नीति का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**5. वैश्विक एवं सुरक्षा सहयोग**

- UNSC में भारत की स्थायी सदस्यता और NSG सदस्यता के लिए समर्थन दोहराया गया।
- सीमा-पार आतंकवाद और आतंकवाद के वित्तपोषण के विरुद्ध संयुक्त प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

**अन्य प्रमुख द्विपक्षीय परिणाम**

- **फिनलैंड**
  - AI, 5G/6G, क्वांटम तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा और चक्रीय अर्थव्यवस्था में सहयोग बढ़ाने पर सहमति।
  - 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य।
- **डेनमार्क**
  - भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा।
  - जलवायु परिवर्तन, हरित ऊर्जा, AI, रक्षा, अनुसंधान और स्टार्टअप सहयोग को मजबूत करने पर सहमति।

## 61वें अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी–ला बिएनाले डी वेनेजिया में भारत की वापसी

- **आयोजन:** 9 मई से 22 नवंबर, वेनिस, इटली।
- **भारत की अंतिम भागीदारी:** वर्ष 2019
- **सहयोगी संस्थाएं:**
  - भारत का संस्कृति मंत्रालय
  - नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केन्द्र
  - Serendipity Arts
- **उद्घाटन:** वेनिस के आर्सेनाले स्थल पर केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत
- **भारत के राष्ट्रीय मंडप का शीर्षक:** दूरी का भूगोल: घर की यादें ("Geographies of Distance: remembering home")
- **प्रमुख कलाकार एवं उनकी कलाकृतियाँ:**
  1. सुमाक्षी सिंह: 'स्थायी पता'
  2. रंजनी शेट्टार: 'उसी आकाश के नीचे' (Under the Same Sky)
  3. असीम वाकिफ: 'चाल' (Chaal)
  4. अलवर बालसुब्रमण्यम : 'केवल हमारे लिए नहीं' (Not Just for Us)
  5. स्कार्मा सोनम ताशी: 'घर की प्रतिध्वनियाँ' (Echoes of Home)

## अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) परिषद 2026 की बैठक

- **आयोजन:** जिनेवा, स्विट्जरलैंड में 28 अप्रैल से 8 मई 2026
- **प्रतिनिधित्व:** दूरसंचार विभाग के उप महानिदेशक श्री मुकेश कुमार
- भारत ने वर्ष 2030 में 'आईटीयू प्लेनीपोटेन्शियरी सम्मेलन' (पीपी–2030) की मेजबानी करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया

## 10वाँ हिंद महासागर संवाद

- **आयोजन:** 7–8 मई 2026 को नई दिल्ली में
- **विषय:** परिवर्तनशील विश्व में हिंद महासागर क्षेत्र
- **आयोजक:** विदेश मंत्रालय द्वारा
- **सहयोग:** भारतीय विश्व मामलों की परिषद और हिंद महासागर रिम एसोसिएशन सचिवालय।
- भारत के 2025–27 की अवधि के लिए इंडियन ओसन रिम एसोसिएशन की अध्यक्षता ग्रहण की।

## भारत को कॉमन क्राइटेरिया डेवलपमेंट बोर्ड (CCDB) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

- **अवधि:** अप्रैल 2026–अप्रैल 2028 तक
- **CCDB:** यह वैश्विक IT सुरक्षा मानकों और मूल्यांकन प्रक्रियाओं का प्रबंधन करता है।
- **CCRA (Common Criteria Recognition Arrangement):** IT सुरक्षा प्रमाणपत्रों की अंतरराष्ट्रीय पारस्परिक मान्यता सुनिश्चित करने वाली व्यवस्था।

## प्रथम अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (IBCA) शिखर सम्मेलन।

- **तिथि एवं स्थान:** 01–02 जून, 2026; नई दिल्ली।
- **उद्घाटन:** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने शिखर सम्मेलन की वेबसाइट और लोगो लॉन्च किया।
- **विषय:** 'बड़ी बिल्लियों को बचाएं, मानवता को बचाएं, पारिस्थितिकी तंत्र को बचाएं'।
- **मुख्य लक्ष्य:**
  - बड़ी बिल्लियों के संरक्षण पर 'दिल्ली घोषणा' को स्वीकार करना।
  - दक्षिण–दक्षिण सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को मजबूत करना।
  - 95 देशों के प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाना।
  - **लोगो का अर्थ:** केंद्र में 7 बड़ी बिल्लियां (एकता का प्रतीक) और चारों ओर कमल के डिजाइन में प्रकृति के पांच तत्व।
- **26वाँ सदस्य देश:** सऊदी अरब।

## 5वें ब्रिक्स सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान नेताओं का शिखर सम्मेलन

- **आयोजन:** बेंगलुरु में
- **अध्यक्षता:** भारत के CAG श्री के. संजय मूर्ति।

- **विषय:** "शहरी गतिशीलता पर ध्यान केंद्रित करते हुए जीवन की सुगमता"।
- **भागीदार:** नौ ब्रिक्स देशों के एसएआई प्रमुखों और शहरी वित्त एवं गतिशीलता विशेषज्ञों सहित 38 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### किम्बर्ली प्रक्रिया अंतरसत्रीय सम्मेलन 2026

- **आयोजन:** 11-14 मई,मुंबई
- **अध्यक्षता:** भारत
- **विषय:** 3C (विश्वसनीयता, अनुपालन और उपभोक्ता विश्वास)
- **प्रतिभागी:** 60 प्रतिभागियों और 86 देशों (यूरोपीय संघ सहित), उद्योग निकायों (जैसे वर्ल्ड डायमंड काउंसिल) और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।
- प्राकृतिक हीरे की मूल्य श्रृंखला में निगरानी तंत्र को मजबूत करने, अनुपालन साधनों, सांख्यिकीय ट्रैकिंग, और 'संघर्ष हीरों' की परिभाषा को आधुनिक बनाने पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

### 79वीं विश्व स्वास्थ्य सभा

- **आयोजन:** जेनेवा, स्विट्जरलैण्ड
- **मुख्य थीम:** 'वैश्विक स्वास्थ्य को फिर से आकार देना एक साझा जिम्मेदारी'
- **भारत का प्रतिनिधित्व:** स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा
- **2nd AMR पर वैश्विक प्लान (GAP-AMR 2026-2036) लॉन्च**
- **प्रमुख लक्ष्य (वर्ष 2030 तक):**
  - इंसानों में बैक्टीरियल AMR से होने वाली मौतों में 10% की कमी लाना।
  - कृषि-खाद्य प्रणालियों में रोगाणुरोधी दवाओं का उपयोग घटाना।
- **तकनीकी सहयोग:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर FAO, UNEP और WOAH (चतुष्पक्षीय गठबंधन) द्वारा।

- **AMR (रोगाणुरोधी प्रतिरोध)?:** यह वह स्थिति है जब बैक्टीरिया, वायरस, फंगस या परजीवी पर दवाएं (जैसे एंटीबायोटिक्स) बेअसर हो जाती हैं। अनुमान है कि इसके कारण वर्ष 2050 तक हर साल 3.9 करोड़ मौतें हो सकती हैं।
- **AMR से निपटने के अन्य प्रयास:**
  - **भारत:** राष्ट्रीय कार्य योजना (NAP-AMR) और 'रेड लाइन अवेयरनेस' अभियान।
  - **वैश्विक:** WHO की 'वैश्विक रोगाणुरोधी प्रतिरोध और उपयोग निगरानी प्रणाली' (GLASS)।
  - **विकिरण और स्वास्थ्य पर पहला संकल्प:** आयनकारी और गैर-आयनकारी विकिरणों से सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रणालियों को मजबूत करना।
  - **इकोनॉमिक्स ऑफ हेल्थ फॉर ऑल स्ट्रेटेजी (2026-2030):** स्वास्थ्य-देखभाल को देश की आर्थिक, राजकोषीय और औद्योगिक नीतियों का मुख्य हिस्सा बनाना।

### जीवाश्म ईंधन से दूर जाने (Transitioning Away from Fossil Fuels) पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

- **सहमेजबानी:** कोलंबिया और नीदरलैंड ने 24-29 अप्रैल, 2026
- **स्थान:** सांता मार्टा, कोलंबिया
- **उद्देश्य:** जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर न्यायसंगत संक्रमण के लिए एक 'इच्छुक देशों के गठबंधन' के रूप में कार्य करना।
- **प्रतिभागी:** 50 से अधिक देश।

### 21वां संयुक्त राष्ट्र वन मंच (UNFF21) सत्र।

- **आयोजन:** 11 से 15 मई, 2026 , न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में
- इस सत्र में वैश्विक वन लक्ष्य रिपोर्ट-2026 का आधिकारिक शुभारंभ किया गया।

### 11th परमाणु अप्रसार संधि (NPT) के पक्षकारों का 2026 समीक्षा सम्मेलन

- **आयोजन:** न्यूयॉर्क

- **आयोजक:** संयुक्त राष्ट्र
- इसमें NPT के तीन स्तंभों **निरस्त्रीकरण, अप्रसार और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग** पर हुई प्रगति की समीक्षा की।

## 79वें कान फिल्म महोत्सव 2026

- **आयोजन:** 12 से 23 मई 2026 तक डेस फेस्टिवल्स एट डेस कांग्रेस, कान्स शहर, फ्रांस
- **रूचि गुर्जर (झुंझुंनू)** ने **राजपूती पोशाक** में रेड कार्पेट पर एंट्री की।
- **निम्न भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिंग:**
  - 'बालन: द बॉय'
  - गुदगुदी
  - अम्मा अरियान
  - 21 सितंबर
  - स्पिरिट ऑफ द वाइल्डफ्लावर
  - चाँदनी रात की परछाइयाँ
  - चार्डीकला
- **प्रमुख विजेता**
  1. **पाल्मे डीश्ओर अवॉर्ड:** फिल्म 'फ्योर्ड' (Fjord)- निर्देशक: क्रिस्टियन मुंगियु
  2. **ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड :** फिल्म 'मिनोटॅर' (Minotaur) - निर्देशक: आंद्रेई ज्व्यागिन्त्सेव
  3. **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक:** जेवियर काल्वो और जेवियर एम्ब्रोसी (फिल्म: द ब्लैक बॉल) तथा पावेल पावलिकोवस्की (फिल्म: फादरलैंड)
  4. **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री:** वर्जिनि एफिरा और ताओ ओकामोटो (फिल्म: ऑल ऑफ अ सडन)
  5. **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता:** इमैनुएल मैकिया और वैलेंटीन कैंपेन (फिल्म: कावर्ड)
- **निर्णायक मंडल की अध्यक्षता:** दक्षिण कोरियाई निर्देशक पार्क चान-वूक
- **'अन सर्टेन रिगार्ड जूरी पुरस्कार':** 'एलीफेंट्स इन द फॉग' (नेपाल की फीचर फिल्म)

## QUAD के विदेश मंत्रियों की 11वीं बैठक

- **आयोजन:** दिल्ली
- **भागीदार:** भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका (मार्को रूबियों) जापान (तोशिमित्सु) और ऑस्ट्रेलिया (पेनी वोंग)
- **महत्वपूर्ण निष्कर्ष:**

**1. समुद्री सुरक्षा और निगरानी**

- **हिंद-प्रशांत समुद्री निगरानी सहयोग (IPMSC):** क्वाड देश संयुक्त निगरानी क्षमताओं के जरिए रियल-टाइम में जानकारी साझा करेंगे। शुरुआती चरण में इसका मुख्य केंद्र हिंद महासागर क्षेत्र होगा।
- **क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन:** समुद्री गतिविधियों की बेहतर मॉनिटरिंग के लिए इस तटरक्षक मिशन के अगले संस्करण की मेजबानी भारत करेगा।
- **UNCLOS का समर्थन:** दक्षिण चीन सागर, लाल सागर और होर्मुज जलसंधि जैसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए श्संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (UNCLOS) के पालन पर जोर दिया गया।

**2. बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी :**

- **अंडरसी केबल नेटवर्क:** वर्ष 2026 तक प्रशांत द्वीपीय देशों को समुद्र के नीचे बिछाई जाने वाली केबलों (Undersea Cables) से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।
- **बंदरगाहों का विकास:** 'क्वाड पोर्ट्स ऑफ द फ्यूचर पार्टनरशिप' के अंतर्गत फिजी में पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाया जाएगा।

**3. खनिज, ऊर्जा और भविष्य की तकनीक**

- **क्रिटिकल-मिनरल्स इनिशिएटिव:** अति-महत्वपूर्ण खनिजों की वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए 20 अरब डॉलर का एक फ्रेमवर्क तैयार किया गया है, जो खनन, प्रोसेसिंग और रीसाइक्लिंग में निवेश को बढ़ावा देगा।

**4. 6G संचार:** दूरसंचार क्षेत्र में बढ़त बनाने के लिए चारों देश मिलकर अगली पीढ़ी की 6G टेक्नोलॉजी के वैश्विक मानक विकसित करने पर काम करेंगे।

**5. ऊर्जा सुरक्षा पहल:** एक स्थिर और खुले एनर्जी मार्केट के लिए साझेदार देश नीति, तकनीक, मार्केट एनालिसिस और आपातकालीन प्रतिक्रिया जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे।

# रिपोर्ट्स

## विश्व स्वास्थ्य सूचकांक रिपोर्ट

- **जारीकर्ता:** विश्व स्वास्थ्य संगठन
- कोविड-19 से वास्तविक मौतें, आधिकारिक आँकड़ों से 3 गुना से अधिक थीं।
- 2010-2024 के बीच नए एचआईवी संक्रमण 40% घटे।
- तंबाकू और शराब का सेवन कम हुआ।
- उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों के इलाज की जरूरत वाले लोगों में 36% कमी आई।
- करोड़ों लोगों को सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता और साफ खाना पकाने की सुविधा मिली।
- WHO के अफ्रीकी क्षेत्र में HIV 70% और टीबी 28% कम हुई।
- 2015 के बाद मलेरिया के मामले 8.5% बढ़े।
- प्रजनन आयु की 30.7% महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हैं लेकिन सुधार नहीं हुआ।
- 5 साल से कम उम्र के अधिक वजन वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 5.5% हुई।
- दुनिया में हर 4 में से 1 महिला, साथी की हिंसा का शिकार होती है।
- सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) सूचकांक 68 से बढ़कर 71 हुआ लेकिन प्रगति धीमी रही।
- स्वास्थ्य खर्च के कारण 1/4 आबादी को आर्थिक कठिनाई हुई।
- 2022 में 1.6 अरब लोग स्वास्थ्य खर्च से गरीबी में गए या गरीबी बढ़ी।
- 2000 से मातृ मृत्यु दर 40% घटी, फिर भी लक्ष्य से काफी दूर है।
- 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर 51% कम हुई।
- गैर-संचारी रोगों (जैसे हृदय रोग, मधुमेह) से असमय मृत्यु कम करने की गति धीमी हुई।
- वायु प्रदूषण से 2021 में लगभग 66 लाख मौतें हुईं।
- खराब पानी और स्वच्छता की कमी से 2019 में 14 लाख मौतें हुईं।
- 2025 तक केवल 18% देश समय पर मृत्यु आँकड़े WHO को दे रहे थे।
- लगभग 1/3 देशों ने मृत्यु के कारणों के आँकड़े कभी रिपोर्ट नहीं किए।

## स्पेशल 301 रिपोर्ट

- **जारीकर्ता:** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (USTR)
- **बौद्धिक संपदा संरक्षण के लिए अमेरिका की प्राथमिकता वाली निगरानी सूची:** भारत सहित 6 देश (चिली, चीन, भारत, इंडोनेशिया, रूस और वेनेजुएला)
- **चिंता के विषय:** भारतीय बौद्धिक संपदा कानूनों, पेटेंट और कॉपीराइट प्रवर्तन के साथ-साथ फार्मास्यूटिकल्स, सौर ऊर्जा और डिजिटल उत्पादों में अमेरिकी कंपनियों के लिए बाजार पहुँच बाधाओं पर चिंता व्यक्त की गई है।
- **वियतनाम पर कार्रवाई:** 13 वर्षों में पहली बार, अमेरिका ने वियतनाम को 'प्राथमिक विदेशी देश' के रूप में नामित किया है, जो सबसे सख्त श्रेणी है।

## वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स 2026

- **जारीकर्ता :** रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स
- **भारत का प्रदर्शन**
  - रैंक: 157वां (180 देशों में) [31.96]
  - पिछली रैंक (2025): 151वां
  - **परिस्थिति:** भारत को प्रेस स्वतंत्रता के मामले में 'कठिन' या 'अत्यंत गंभीर' (Difficult or Very Serious) श्रेणी में रखा गया है।
- **पांच प्रमुख संकेतकों** - आर्थिक, कानूनी, राजनीतिक, सामाजिक और सुरक्षा स्थितियों
- वैश्विक रैंकिंग और क्षेत्रीय पैटर्न
  1. नॉर्वे (लगातार दसवें वर्ष शीर्ष) [92.72]
  2. नीदरलैंड
  3. एस्टोनिया
  4. डेनमार्क
  5. स्वीडन
- **अंतिम स्थान:** इरिट्रिया (180वां), उत्तर कोरिया, चीन, ईरान और सऊदी अरब।
- **पड़ौसी देशों की स्थिति:**

87 नेपाल, 108 मालदीव, 130 श्रीलंका, 150 भूटान, 152 बांग्लादेश, 153 पाकिस्तान, 178 चीन

- सीरिया ने सबसे बड़ा सुधार दर्ज किया, असद के बाद देश में हुए परिवर्तन के बाद रैंकिंग में 36 स्थान की छलांग लगाई
- इतिहास में पहली बार दुनिया के आधे से अधिक देश अब प्रेस स्वतंत्रता के मामले में 'कठिन' या 'बेहद गंभीर' श्रेणियों में आ गए।

### एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026

- **जारीकर्त्ता: Times Higher Education (THE)**
- इसमें 36 देशों और क्षेत्रों के 929 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया है
- शीर्ष 10 स्थानों में से पांच चीन के संस्थान है।
- त्सिंगहुआ विश्वविद्यालय लगातार आठवें वर्ष शीर्ष स्थान पर तथा पेकिंग विश्वविद्यालय दूसरे स्थान है।

| रैंक | संस्था | देश/क्षेत्र | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | सिंघुआ विश्वविद्यालय | चीन | 93.6 |
| 2 | पेकिंग विश्वविद्यालय | चीन | 93.1 |
| 3 | सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एनयूएस) | सिंगापुर | 91.1 |
| 4 | नानयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनटीयू) | सिंगापुर | 85.1 |
| 5 | टोक्यो विश्वविद्यालय | जापान | |

- भारत इस रैंकिंग में सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है, (128 संस्थान)
- शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में भारत के 12 संस्थान हैं
- **IISc बेंगलुरू (Indian Institute of Science Bengaluru)** शीर्ष 50 में जगह पाने वाला एकमात्र भारतीय संस्थान है, जो पिछले वर्ष 38वें स्थान पर था।

| रैंक | संस्था | देश/क्षेत्र | अंक |
|---|---|---|---|
| 43 | भारतीय विज्ञान संस्थान | (IIScबैंगलुरु) | 65.1 |
| 128 | सेवेथा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज | | 52.0 |
| 158 | शूलिनी जैव प्रौद्योगिकी और प्रबंधन विज्ञान विश्वविद्यालय | इंदौर | 49.4 |
| 160 | जामिया मिलिया | इस्लामिया | 49.3 |

### विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2026

- **जारीकर्ता:** अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन
- भारत 2024 में 137.67 बिलियन डॉलर के प्रवाह के साथ विश्व का सबसे बड़ा प्रेषण प्राप्तकर्ता बना रहा।
- भारत वार्षिक प्रेषण में 100 अरब डॉलर का आंकड़ा पार करने वाला पहला देश बन गया
- 2024 में 11.8% वृद्धि रही।
- **महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष**
  1. भारत - 137.67 बिलियन डॉलर
  2. मेक्सिको - 67.64 बिलियन डॉलर
  3. फिलीपींस - 40.28 बिलियन डॉलर
  4. फ्रांस - 38.78 बिलियन डॉलर
  5. पाकिस्तान - 34.91 बिलियन डॉलर।
- **विश्व के सबसे बड़े प्रवासन कॉरिडोर**
  1. मैक्सिको-अमेरिका
  5. भारत-संयुक्त अरब अमीरात
  6. भारत-अमेरिका

# पुरस्कार/अवॉर्ड

### कैम्ब्रिज डेडिकेटेड टीचर अवार्ड्स 2026

- **विजेता:** सोमा मंडल (दिल्ली के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की विज्ञान शिक्षिका )
- **श्रेणी:** दक्षिण एशिया क्षेत्रीय विजेता
- **प्रदानकर्त्ता:** कोलम्बिया विश्वविद्यालय
- **क्षेत्र:** सोमा मंडल को उनके द्वारा विकसित जलवायु-केंद्रित विज्ञान पाठ्यक्रम और छात्रों को पर्यावरण के मुद्दों पर सक्रिय रूप से लड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु सम्मानित किया गया है

### पुलित्जर पुरस्कार 2026

- **विजेता:** भारतीय पत्रकार आनंद आर.के. और सुपर्णा शर्मा
- **श्रेणी:** 'इलस्ट्रेटेड रिपोर्टिंग और कमेंट्री'
- ब्लूमबर्ग के लिए नताली ओबिको पियर्सन के साथ मिलकर की गई खोजी रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट "trAPPed" के लिए यह सम्मान मिला, जो भारत में साइबर अपराधों का पर्दाफाश करता है
- **अनिरुद्ध घोषाल:** हनोई के पत्रकार को **अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्टिंग श्रेणी** में **अमेरिकी** सीमा गश्ती दल द्वारा

सिलिकॉन वैली में निर्मित और **चीन** में विकसित किए गए सामूहिक निगरानी उपकरणों के गुप्त उपयोग की जांच के लिए पुरस्कार मिला।

## व्हिटली पुरस्कार

- **विजेता:** परवीन शेख
- **प्रदानकर्ता:** Whitley Fund for Nature
- **क्षेत्र:** गंगा नदी के किनारे भारतीय स्किमर के सामुदायिक-आधारित संरक्षण तथा प्रयागराज तक प्रयासों के विस्तार के लिये

- उनके द्वारा समुदाय के नेतृत्व में शुरू किए गए **'गार्जियन मॉडल'** ने घोंसलों के जीवित रहने की दर को 14% से बढ़ाकर 27% कर दिया।
- उनके प्रोजेक्ट के तहत भारतीय स्किमर पक्षियों की आबादी 400 से बढ़कर लगभग 1,000 हो गई।
- इसे ग्रीन ऑस्कर भी कहा जाता है
- पूर्णिमा देवी बर्मन और चारुदत्त मिश्रा को पहले मिल चुका है।

## टेक्सास इनोवेशन कॉन्फ्रेंस एंड अवाड्र्स में यूनिवर्सिटी इनोवेटर अवार्ड

- **आयोजन:** डलास और फोर्टवर्थ,संयुक्त राज्य अमेरिका में
- **विजेता:** युवा वैज्ञानिक डॉ. शेखर सुमन बोरा (तेजपुर,असम)
- टक्सास विश्वविद्यालय में शोध वैज्ञानिक है।
- इन्हें अनुसंधान और नवाचार में उनके योगदान के लिए यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है

## दक्षिण अफ्रीका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- **'ऑर्डर ऑफ मापुंगुब्वे-गोल्ड':** प्रो. सलीम अब्दुल करीम (एड्स की रोकथाम की दिशा में उनके अभूतपूर्व शोध के लिए)
- **'ऑर्डर ऑफ मापुंगुब्वे-सिल्वर':** प्रो. कीर्तन ढेढा (टीबी (तपेदिक) पर उत्कृष्ट शोध और चिकित्सा में योगदान के लिए)।
- दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने दिए।

## UN मिलिट्री जेंडर एडवोकेट अवार्ड 2025

- **विजेता:** भारतीय शांतिरक्षक **मेजर अभिलाषा बराक** ने
- **प्रदानकर्ता:** संयुक्त राष्ट्र
- लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में शांति सैनिक के रूप में सेवा दी
- भारतीय सेना की प्रथम महिला कॉम्बैट हेलीकॉप्टर पायलट है।
- इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाली तीसरी भारतीय अधिकारी बनीं। इससे पूर्व **मेजर सुमन गवानी एवं मेजर राधिका सेन** को

## एग्रीकोला पदक-2026

- **विजेता:** नरेंद्र मोदी को, रोम में
- **प्रदानकर्ता:** खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
- यह पुरस्कार भारत और विश्व स्तर पर खाद्य सुरक्षा, सतत कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनके असाधारण नेतृत्व को मान्यता देते हुए प्रदान किया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार

- **विजेता:** 'ताइवान ट्रैवलॉग'
- **लेखिका:** यांग शुआंग-जी
- **अनुवादक:** लिन किंग
- मूल रूप से **मंदारिन चीनी भाषा** में लिखा गया है।
- यह उपन्यास, **'एक प्रेम कहानी और एक तीक्ष्ण उत्तर-औपनिवेशिक उपन्यास'** दोनों के रूप में सफल रहा है।

## 2025 'आउटस्टैंडिंग पोस्टडॉक्टरल परफॉरमेंस अवॉर्ड्स'।

- **संस्था:** अमेरिका की प्रतिष्ठित अर्गोन नेशनल लेबोरेटरी।
- **क्षेत्र:** ऊर्जा, सुरक्षा और एआई (AI) जैसे राष्ट्रीय मिशनों में शोध के लिए।

1. **किरण कुमार यलामंची:** 'मल्टीमॉडल फाउंडेशन मॉडल्स' विकसित किए। जो 'इनवर्स मॉलिक्यूलर डिजाइन' के जरिए भविष्य के ईंधन का निर्माण।
2. **शिल्पिका:** सुपरकंप्यूटर 'ओरोरा' का डिजिटल ट्विन (आभासी प्रतिकृति) तैयार किया। जो 'एक्सप्लेनेबल एआई' और सिस्टम विफलताओं का पूर्वानुमान लगाने पर केंद्रित।
3. **कृष्ण तेजा चिट्टी-वेंकटा:** 'प्रूनिंग और क्वांटाइजेशन' जैसी तकनीकों से एआई को किफायती बनाया।

### मैल्कम आदिसेशिया पुरस्कार 2026

- **विजेता:** राघव दास गैहा
- **एलिजाबेथ आदिशेशिया पुरस्कार**
- **विजेता:** अशोका विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर कनिका महाजन को

### गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स पुरस्कार

- **विजेता:** चंद्रयान-3
- **प्रदानकर्ता:** अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (AIAA) द्वारा
- AIAA एसेंड 2026 सम्मेलन में ISRO की ओर से भारत के अमेरिकी राजदूत, विनय क्वात्रा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

### ग्लोबल स्कूल्स प्राइज 2026

- **आयोजक:** वर्की फाउंडेशन
- शॉर्टलिस्ट में भारत के दो स्कूल शीर्ष 50 में शामिल
- **कथा लैब स्कूल (दिल्ली):**
  - **श्रेणी:** आर्ट्स और कल्चर (पद्मश्री से सम्मानित गीता धर्मराजन द्वारा स्थापित)
- **दिल्ली पब्लिक स्कूल, बैंगलोर नॉर्थ:**
  - **श्रेणी:** समावेशी शिक्षा
- कुल 10 लाख अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार दिया जाता है।

## समझौता

- **NTPC लिमिटेड व EDF (इलेक्ट्रिकिट डी फ्रांस):** भारत में बड़े पैमाने पर परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के विकास की कंपनी का पता लगाने के लिए।
- **भारत-अमेरिका 'खनिज सुरक्षा' समझौता**- 'अति-महत्त्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदा तत्वों के खनन और प्रसंस्करण में आपूर्ति सुरक्षित करना
- **UNESCO व सिक्किम सरकार:** लेपचा समुदाय के पारंपरिक और आपदा-रोधी बांस-बेंत के पुलों (रु-सोआम) की स्वदेशी इंजीनियरिंग तकनीकों का दस्तावेजीकरण करने के लिए साझेदारी की है।
  - यह परियोजना कंचनजंगा बायोस्फीयर रिजर्व में स्थित इन पुलों के लचीलेपन और जलवायु-अनुकूल टिकाऊपन को वैश्विक पहचान दिलाने पर केंद्रित है।

## विविध

### इलेक्ट्रिक वाहन (EV) बैटरी पुनर्चक्रण पहल

- **प्रारंभ:** भारत और यूरोपीय संघ ने भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) कार्य समूह-2 के तहत की गई
- **बजट:** 15.2 मिलियन यूरो/लगभग 169 करोड़
- **वित्तपोषण:** यूरोपीय संघ का होराइजन यूरोप कार्यक्रम
- **भारतीय घटक का समर्थन:** भारी उद्योग मंत्रालय।

### भारत की कूटनीति के पाँच सिद्धांत

- अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ प्रो. सी. राजा मोहन ने दिए
  1. पारस्परिकता
  2. विविधीकरण
  3. रणनीतिक लचीलापन
  4. रणनीतिक विस्तार
  5. घरेलू नवीनीकरण

### 'गाबी' ह्यूमनॉइड रोबोट

- दक्षिण कोरिया का प्रथम रोबोट है। जिसने सियोल स्थित जोग्ये मंदिर में **बौद्ध भिक्षु के रूप दीक्षा** दी गई।
- **दीक्षा समारोह:** जोगी संप्रदाय ने गाबी को पारंपरिक बौद्ध वस्त्र (चोला) पहनाकर और गले में 108 मनकों की माला पहनाकर विधिवत शिष्य बनाया।

### 'नॉर्थ स्टार' प्लेटफॉर्म

- भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को समर्थन देने की परियोजना है।
- **प्रारंभ:** ब्रिटेन की ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट और डेनमार्क की कोपेनहेगन इंफ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स ने
- **बजट:** 30 करोड़ डॉलर (300 मिलियन USD
- यह मंच सौर, पवन, हाइब्रिड और ऊर्जा भंडार स्टॉक में निवेश करना चाहता है।

- भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता और 2070 तक नेट-जीरो का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## भारतीय युद्ध स्मारक

- **उद्घाटन:** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री श्री क्वोन ओह-यूल ने 21 मई, 2026 को
- **स्थान:** सियोल के इमजिनगैक पार्क में ।
- कोरियाई युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों को सम्मानित करने और दोनों देशों के बीच आदान-प्रदान को मजबूत करने के लिए एक MoU पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- **'मरून एंजल्स:** कोरियाई युद्ध के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. ए.जी. रंगराज (महावीर चक्र विजेता) के नेतृत्व में 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस ने भीषण गोलीबारी के बीच हजारों घायल सैनिकों और नागरिकों की उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा की थी। इसलिए उन्हें घायल सैनिकों और नागरिकों द्वारा 'मरून एंजल्स' की उपाधि से नवाजा गया।

## फारस की खाड़ी जलडमरूमध्य प्राधिकरण (PGSA) का गठन

- **घोषणा:** ईरान ने घोषणा की
- **उद्देश्य:** रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में संचालन की निगरानी और प्रबंधन
- नई प्रणाली के तहत, जहाजों को प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना होगा और होर्मुज जलडमरूमध्य में प्रवेश करने से पहले पारगमन परमिट प्राप्त करना होगा

## अमेरिका ने भारत को 657 प्राचीन वस्तुएं लौटा दी हैं

- **घोषणा:** मैनहट्टन के जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने।
- **कुल कीमत:** लगभग 14 मिलियन डॉलर है।
- **कलाकृतियाँ:**
  - अवलोकितेश्वर की कांस्य प्रतिमा
  - लाल पत्थर की बुद्ध प्रतिमा
  - मध्य प्रदेश से चुराई गई नृत्य करते गणेश की बलुआ मूर्ति।
- **हस्तांतरण:** न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्यदूत राजलक्ष्मी कदम को ये वस्तुएं सौंपी गईं।

## ऑस्ट्रेलिया से 11 प्राचीन पुरावशेषों की वापसी

- एक पंख वाले देवता(शुंग काल की टेराकोटा)
- मंदिर के रथ के दो ब्रैकेट
- परिवार के मुखिया की आकृति
- बुद्ध की प्रतिमा का मस्तक
- ढोल बजाती महिला
- मजीरा बजाती महिला
- भूदेवी (पृथ्वी की देवी)
- देवता
- बोधिसत्व
- अप्सरा का मस्तक

# चर्चित स्थान

| | |
|---|---|
| चीन | ♦ दुनिया की पहली 'शून्य–कार्बन–उत्सर्जन प्रत्यक्ष कोयला ईंधन सेल' (ZC-DCFC) बैटरी विकसित की है।<br>♦ **विकास** : शेन्जेन विश्वविद्यालय के शी हेपिंग के नेतृत्व में |
| फिनलैंड | ♦ 2026 में ओल्किलुओटो द्वीप में दुनिया का पहला स्थायी परमाणु अपशिष्ट भंडार प्रारंभ किया। |
| इथियोपिया | ♦ भारत ने 22 मई 2026 को जिनेवा में WTO में इथियोपिया के प्रवेश के संदर्भ में दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। |
| डुकोनो ज्वालामुखी | ♦ इंडोनेशिया के उत्तरी मलुकु प्रांत में स्थित ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ। |
| मायोन ज्वालामुखी | ♦ फिलीपींस के सबसे सक्रिय ज्वालामुखी में एक बड़ा विस्फोट हुआ है। |
| प्रतास द्वीप | ♦ चीन के तट रक्षक जहाज को दक्षिण चीन सागर के शीर्ष पर ताइवान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण के पास देखा गया था। |

## अगरवुड

- असम ने सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को पहली बार कानूनी तौर पर अगरवुड के टुकड़े भेजे।
- इससे रु. 50,000 करोड़ की औद्योगिक क्षमता के द्वार खुल गए
- **मूल्य:** रु. 2.35 करोड़ था।

# चर्चित व्यक्तित्व

| | |
|---|---|
| क्यू मणिवन्नन | ♦ भारतीय मूल की ट्रांसजेंडर जो को स्कॉटलैंड की सांसद चुनी गई<br>♦ उनके पास ब्रिटेन का स्थायी वीजा नहीं है। |
| विकास खन्ना | ♦ न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भारतीय–अमेरिकी शेफ्फ विकास खन्ना को सम्मानित किया है |
| कामी रीता शेरपा (नेपाल) | ♦ 32वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह कर अपना ही पिछला विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्हें दुनिया भर में 'एवरेस्ट मैन' के नाम से जाना जाता |
| तुषार कुमार–परवीन रानी (माँ–बेटा) | ♦ पूर्वी इंग्लैंड के हर्टफोर्डशायर में एल्सट्री और बोरहमवुड टाउन काउंसिल के सबसे कम उम्र के भारतीय मूल के मेयर बने।<br>♦ उनकी मां परवीन रानी हट्र्समीयर (हट्र्स मेरे) बरो काउंसिल की मेयर चुनी गईं |
| जिम व्हिटेकर | ♦ माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाले प्रथम अमेरिकी थे, जिनका 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। |
| जेनेज जान्शा | ♦ स्लोवेनिया के प्रधानमंत्री |
| लौरा वर्जीनिया फर्नांडीज डेलगाडो | ♦ **कोस्टा रिका की दूसरी महिला राष्ट्रपति** के रूप में शपथ ली। |
| चिरंजीवी कोल्ला | ♦ कैलिफोर्निया में 37 वर्षीय भारतीय टेक प्रोफेशनल की **'वैली फीवर'** नामक एक दुर्लभ फंगल बीमारी के कारण मृत्यु हुई। |
| केविन वॉर्श | ♦ अमेरिकी सीनेट ने **फेडरल रिजर्व** का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। |
| एव्हिका सिलिना | ♦ लातवियाई प्रधानमंत्री ने यूक्रेन से संदिग्ध ड्रोन्स हमलों से जुड़ी कई घटनाओं से निपटने के सरकार के तरीके से असहमति जताते हुए त्यागपत्र देने की घोषणा की। |
| अली फलिह कादिम अल–जैदी | ♦ इराक के नए प्रधानमंत्री बने। |

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- ❐ लंदन स्थित वेलकम कलेक्शन जैन समुदाय को 2,000 से अधिक दुर्लभ जैन पांडुलिपियां लौटाएगा।
- ❐ **रूस** के साइबेरिया की चाग्यर्स्काया गुफा में मिले 59,000 वर्ष पुराने **निएंडरथल दांत** में पत्थर के औजार से किया गया कृत्रिम छेद मिला है, जिसे वैज्ञानिक दुनिया की सबसे पुरानी दंत चिकित्सा प्रक्रिया मान रहे हैं।
- ❐ सरकार ने **सोने और चांदी** पर आयात शुल्क बढ़ाकर कितना किया? **6% से 15%**
- ❐ सरकार ने सितंबर 2026 तक या अगले आदेश तक कच्ची चीनी, सफेद चीनी और परिष्कृत चीनी सहित **चीनी के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध** लगा दिया है।
- ❐ **किस देश के** के खनिकों ने वजन के हिसाब से देश का दूसरा **सबसे बड़ा रूबी रत्न** खोजा? **म्यांमार**
- ❐ गूगल का 'इन्फॉर्मेशन एजेंट्स' सर्च इंजन का एक नया इन-बिल्ट टूल है, जो इंटरनेट (वेब) पर लगातार नजर रखकर यूजर्स के लिए जरूरी जानकारियां जुटाता है।
- ❐ बांग्लादेश अमेरिका के मध्य 3 समझौते आर्ट, अक्सा और जिसोमिया किए गए
- ❐ भारत-कोरिया व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते ('भारत-कोरिया सीइपीए') के उन्नयन की वार्ताओं का 12वां दौर कहाँ आयोजित किया गया? **नई दिल्ली**
- ❐ **प्रोजेक्ट फ्रीडम:** होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों को निकालने के लिए अमेरिका ने शुरू किया
- ❐ भारत–ऑस्ट्रेलिया रक्षा नीति वार्ता का 10वाँ दौर कहाँ आयोजित हुआ? **नई दिल्ली**
- ❐ गुजरात के GIFT सिटी (अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) में शाखा खोलने वाला **पहला ताइवानी बैंक** बन गया है **CTBC बैंक**

# 04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### भारत का पहला राज्य-नेतृत्व वाला स्पेस टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- **लॉन्च:** कर्नाटक सरकार ने 1 मई 2026 को
- **स्थान:** बेंगलुरु के एयरोस्पेस पार्क में स्थित है।
- **स्थापना:** राज्य सरकार द्वारा कर्नाटक इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी सोसाइटी के माध्यम से SIA-इंडिया के सहयोग से की गई है।

### मिशन दृष्टि

- **विकास:** बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप GalaxEye द्वारा विकसित
- **प्रक्षेपण स्थल:** मिशन दृष्टि 3 मई, 2026 को कैलिफोर्निया के बैंडेनबर्ग से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।
- **लॉन्च:** स्पेसएक्स द्वारा फाल्कन 9 रॉकेट से
- **कक्षा:** सन-सिंक्रोनस लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) में
- **मुख्य बिंदु**
  - किसी भारतीय निजी कंपनी द्वारा विकसित किया गया सबसे बड़ा पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (लगभग 190 किग्रा वजनी)।
  - विश्व का पहला OptoSAR उपग्रह है।
  - **दो इमेजिंग तकनीकों:** ऑप्टिकल इमेजिंग और सिंथेटिक एपर्चर रडार (SAR) को एक ही प्लेटफॉर्म में एकीकृत करता है।
  - **ऑप्टिकल सेंसर दृश्य:** स्पेक्ट्रम छवियां कैप्चर करते है जबकि **SAR** छवियां कैप्चर करने के लिए माइक्रोवेव संकेतों का उपयोग करते है।
  - सभी मौसम में दिन-रात पृथ्वी का अवलोकन करने की क्षमता।
  - अनुप्रयोग- रक्षा, आपदा प्रबंधन, कृषि और शहरी नियोजन में उपयोग के लिए डिजाइन

### कॉमन टेक्निकल फैसिलिटीज (CTFs)

- **चर्चा में क्यों?:** देश में स्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने के लिए अंतरिक्ष विभाग ने गुजरात और तमिलनाडु में 'साझा तकनीकी सुविधाओं' की स्थापना को मंजूरी दी है।
- **प्रारंभ:** अंतरिक्ष विभाग (DoS) और IN-SPACe ने भारत में निजी अंतरिक्ष विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए
- **स्थान:** गुजरात और तमिलनाडु
- **स्पेस मैन्युफैक्चरिंग पार्क:** खोराज, अहमदाबाद, गुजरात
  - यह अंतरिक्ष यान निर्माण, उपग्रह इलेक्ट्रॉनिक्स और जटिल पेलोड प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- **स्पेस व्हीकल क्लस्टर:** थूथुकुडी (तूतीकोरिन),तमिलनाडु
  - यह लॉन्च व्हीकल्स के निर्माण, एकीकरण और उन्नत परीक्षण बुनियादी ढांचे के लिए समर्पित है।

### चंद्रयान-3 के "हॉप प्रयोग" से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के रहस्य उजागर

- ISRO के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के "हॉप प्रयोग" एवं ChaSTE उपकरण से जुड़े निष्कर्ष जारी किये।
- **ChaSTE प्रयोग:** इस उपकरण ने चंद्र सतह में प्रवेश कर तापीय गुणों का अध्ययन किया।
- **हॉप प्रयोग:** विक्रम लैंडर ने लगभग 50 सेंटीमीटर की छलांग लगाकर दूसरे स्थान की सतह का विश्लेषण किया।
- **मुख्य निष्कर्ष:**
  - अध्ययन में सतही अपरदन, परतदार संरचना एवं तापीय बदलाव दर्ज किये गए।
  - **चंद्र रेगोलिथ:** यह टूटे हुए पत्थरों एवं काँच जैसे महीन कणों से बनी सतही परत है।
  - द्वि-परत संरचना: ऊपरी कुछ सेंटीमीटर में "केक जैसी" दोहरी परत पाई गई।

- **घनत्व परिवर्तन:** कुछ सेंटीमीटर नीचे घनत्व 750 से बढ़कर 1600 $kg/m^3$ तक पाया गया।

- **महत्त्व:** भविष्य के Lunar Base, जल-बर्फ खोज एवं मानव चंद्र अभियानों के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

### भारत के पहले सुपर-प्रेशर बैलून का सफल ट्रायल

- **परीक्षण:** रेड बैलून एयरोस्पेस, हैदराबाद ने विजयवाड़ा में।
- यह बैलून बिना पिचके धरती से 25 किमी ऊपर 'समताप मंडल' में लंबे समय तक तैर सकता है।
- यह सैटेलाइट के मुकाबले बेहद कम खर्च में ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट पहुंचाने, मौसम की सटीक भविष्यवाणी करने, आपदा के समय तुरंत कम्युनिकेशन बहाल करने में मदद करेगा।

### SMILE मिशन

- **पूर्ण रूप:** सौर पवन चुंबकमंडल आयनमंडल लिंक एक्सप्लोरर मिशन (Solar wind Magnetosphere Ionosphere Link Explorer)
- **चर्चा में क्यों?** फ्रेंच गुयाना (दक्षिण अमेरिका) स्थित यूरोप के स्पेसपोर्ट से वेगा-सी रॉकेट के द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया।
- **संयुक्त मिशन:** चीनी विज्ञान अकादमी (CAS) और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA)

### शेनझोउ-23

- **प्रक्षेपण यान:** लॉन्ग मार्च 2F रॉकेट, 24 मई, 2026
- **प्रक्षेपण स्थल :** जियुकुआन उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र, गोबी रेगिस्तान, बीजिंग
- **गंतव्य:** चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन के तियान्हे कोर मॉड्यूल का रेडियल पोर्ट पर
- **यात्री:** हांगकांग की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री **ली जियायिंग,** दो अन्य पुरुष साथी **झू यांगझू और झांग झीयुआन।**
- **लक्ष्य:** यह दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशन चीन के 2030 तक चंद्रमा

# रक्षा प्रौद्योगिकी

### कौटिल्य और 'क्यू-फोर्स' प्लेटफॉर्म

- **लॉन्च:** भारतीय सेना ने

  **उद्देश्य:** वास्तविक समय में निर्णय लेने, लॉजिस्टिक प्रबंधन और युद्धक्षेत्र में सहायता में सुधार लाना।
- **कौटिल्य:** संरचित डेटा निर्माण, एआई-आधारित विश्लेषण और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण द्वारा संचालित इंटरफेस पर केंद्रित है।
- **'क्यू-फोर्स':** यह विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में रसद, इन्वेंट्री और रखरखाव प्रबंधन को सुव्यवस्थित करेगा।

### ICGS (Indian Coast Guard Ship) 'अचल'

- **चर्चा में क्यों?:** भारतीय तटरक्षक बल को 9 मई 2026 को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने सौपा।
- **अर्थ:** 'अडिग' यानी जो कभी न डगमगाए मजबूत और अटूट सेवा भावना को दर्शाता है।
- **श्रेणी:** 'अदम्य श्रेणी' के तेज गति वाले जहाजों की शृंखला का सबसे नया पोत है।
- **डिजाइन और निर्माण:** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड
- यह जहाज समुद्री तट की निगरानी, तस्करी रोकने, खोज और बचाव अभियान तथा समुद्री प्रदूषण से निपटने जैसे जरूरी काम करने में सक्षम है।
- यह 50 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी तकनीकी से निर्मित है।

### महेंद्रगिरि (यार्ड 12654)

- नीलगिरि श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) के छठे जहाज महेंद्रगिरि को 30 अप्रैल 2026 को मुंबई स्थित MDSL में भारतीय नौसेना को सुपुर्द किया गया।
- यह स्वदेशी उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट है।
- **निर्माण:** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDSL), मुंबई द्वारा।
- **डिजाइन:** युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो (WDB) द्वारा ।
- **ईंधन:** संयुक्त डीजल और गैस (CODOG) प्रणोदन संयंत्र, जिनमें एक डीजल इंजन और एक गैस टरबाइन

शामिल हैं जो प्रत्येक शाफ्ट पर एक नियंत्रणीय पिच प्रणोदक (CPP) और एक अत्याधुनिक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली (IPMS) को संचालित करते है

- इसमें शक्तिशाली हथियार और सेंसर प्रणाली में सतह-रोधी, वायु-रोधी और पनडुब्बी-रोधी युद्ध प्रणालियां शामिल ।

### अत्याधुनिक अपतटीय गश्ती पोत यार्ड 3039 (संघमित्रा)

- **लांच:** 20 मई 2026 को कोलकाता स्थित मेसर्स, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) में
- **नामकरण:** नाम 'संघमित्रा' रखा गया है, जो राजा अशोक की पुत्री के नाम पर है।
- **निर्माण:** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता
- जहाज के प्रतीक चिन्ह में उरसा मेजर तारामंडल और लाल तथा सफेद रंग का प्रकाश स्तंभ दर्शाया गया है।
- दो शिपयार्डों (GSL, गोवा और GRSE, कोलकाता) में एक साथ 11 NGOPV का निर्माण कार्य चल रहा है।

### DSC A 23 (यार्ड 328)

- **लॉन्च:** 19 अप्रैल 2026 को कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के टीटागढ़ में।
- **निर्माण:** मेसर्स टिटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड, कोलकाता
- मॉडल परीक्षण और हाइड्रोडायनामिक विश्लेषण: नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, विशाखापत्तनम )
- **आकार:** 30 मीटर लंबा कैटामरान-पतवार
- **विस्थापन क्षमता:** लगभग 380 टन
- पांच डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (डीएससी) परियोजनाओं में से चौथा जहाज,
- 70% स्वदेशी उपकरणों से निर्मित

### 14 FPV परियोजना (यार्ड 16501-14)

- इस परियोजना के तहत फास्ट पेट्रोल वेसल-4 (FPV) (यार्ड 16504) के लिए कील बिछाने का समारोह और FPV-7 (यार्ड 16507) के लिए प्लेट काटने का समारोह का आयोजन किया गया।
- **स्थान:** 6 अप्रैल 2026 को मुंबई के मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDSL) में
- इसमें एआई आधारित पूर्वानुमानित रखरखाव प्रणाली और बहुउद्देशीय ड्रोन शामिल हैं।
- इन जहाजों में स्वदेशी पुर्जों के साथ-साथ मैसूर स्थित त्रिवेनी कंपनी द्वारा निर्मित गियर बॉक्स और MJP इंडिया द्वारा निर्मित वाटर जेट भी लगे हैं।
- **विस्थापन क्षमता:** लगभग 340 टन

### स्क्रैमजेट कंबस्टर

- **चर्चा में क्यों?:** DRDO की प्रयोगशाला DRDL ने 9 मई 2026 को हैदराबाद में 20 मिनट तक सफल परीक्षण किया
- इससे पहले जनवरी 2026 में भी यही परीक्षण 700 सेकंड से ज्यादा समय तक सफलतापूर्वक किया गया था।
- **परीक्षण:** स्क्रैमजेट कनेक्ट पाइप टेस्ट सुविधा, हैदराबाद।
- यह पूर्णतया स्वदेशी तकनीक से निर्मित है।
- यह एक सुपरसोनिक एयर-ब्रीदिंग इंजन है, अर्थात यह हवा से ऑक्सीजन लेकर काम करता है और बेहद तेज गति से उड़ सकता है।
- इस सफलता से भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो हाइपरसोनिक तकनीक में आगे हैं।

### स्वदेशी ग्लाइड हथियार सिस्टम 'तारा' (TARA)

- **पूरा नाम:** टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन
- **परीक्षण:** 7 मई को DRDO और भारतीय वायुसेना द्वारा ओडिशा तट के पास।
- **विकास:** ईमारत अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद
- यह भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड वेपन प्रणाली है।
- **कार्य:** यह बिना गाइडेंस वाले पारंपरिक बमों को सटीक निशाना साधने वाले 'स्मार्ट हथियार' में बदल देती है।
- **क्षमता:** यह विमान से छोड़े जाने के बाद सामान्य बमों की तुलना में अधिक दूरी तक जा सकता है और सुरक्षित दूरी से 'स्टैंड-ऑफ अटैक' करने में सक्षम है

### नेवल एंटी-शिप मिसाइल-शॉर्ट रेंज (NAS-SR)

- **चर्चा में क्यों?:** DRDO और भारतीय नौसेना ने 29 अप्रैल 2026 (अंदाजन) को ओडिशा के तट पर बंगाल की खाड़ी में पहला सफल साल्वो लॉन्च किया।
- **विकास:** ईमारत अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद।
- **सहयोग:** DRDL, हैदराबाद, हाई एनर्जी मेटेरियल रिसर्च लेबोरेट्री पुणे, टर्मिनल बेलेस्टिक रिसर्च लेबोरेट्री चंडीगढ़

- **साल्वो लॉन्च:** यह पहली बार था जब एक ही हेलीकॉप्टर प्लेटफॉर्म से एक साथ दो मिसाइलें दागी गईं

### दिव्यास्त्र/अग्नि 5

- यह MIRV (Multiple Independently Targeted Re&Entry Vehicle) तकनीक से उन्नत मिसाइल है।
- 8 मई 2026 को ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सफल परीक्षण किया।
- **मारक क्षमता:** 5000 km
- यह मिसाइल एक साथ कई अलग-अलग लक्ष्यों को निशाना बना सकती है।
- यह सतह से सतह में मार करने वाली बेलेस्टिक मिसाइल है।

### रेस्ट्राइक-9 (RayStrike-9)

- भारत की एक स्वदेशी और अत्याधुनिक लेजर निर्देशित ऊर्जा प्रणाली है।
- **विकास:** DRDO और पारस डिफेंस (Paras Defence) द्वारा
- **लेजर तकनीक:** यह 3 किलोवाट से 9 किलोवाट तक की लेजर पावर में उपलब्ध है
- **परास :** 1.2-2.5 किलोमीटर
- इसमें एआई-संचालित टारगेटिंग एल्गोरिदम लगे हैं।
- इसमें हाई-रिजॉल्यूशन वाले इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर लगे हैं, जो घने अंधेरे, खराब मौसम या धुएं से भरे युद्धक्षेत्र में भी अचूक रूप से काम करते हैं
- यह पोर्टेबल और मोबाइल संचालित है।
- **विशेषता:** 'इन्फिनिट मैगजीन'

### अग्नि-1

- **चर्चा में क्यों?:** 22 मई 2026 को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक परीक्षण-प्रक्षेपण किया गया।
- यह कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है।
- **मारक क्षमता:** 700-1200 Km
- ईंधन: एक चरणीय ठोस ईंधन
- यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

### सटीक निर्देशित मिसाइल (ULPGM)-V3

- **चर्चा में क्यों?:** DRDO ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल के पास स्थित DRDO परीक्षण रेंज में (ULPGM)-वी3 का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया।
- यह हवा-से-सतह और हवा-से-हवा में मार करने की क्षमता वाले मानवरहित हवाई वाहन से प्रक्षेपित सटीक निर्देशित मिसाइल हैं।
- **परास:** 10Km
- **विकास और उत्पादन:** DRDO
  - भारत डायनेमिक्स लिमिटेड , हैदराबाद
  - अदानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, हैदराबाद
  - इमारत अनुसंधान केंद्र द्वारा नोडल प्रयोगशाला, हैदराबाद
  - रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल), हैदराबाद
  - टर्मिनल बैलिस्टिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल), चंडीगढ़
  - उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला , पुणे
- इसे न्यूस्पेस रिसर्च एंड टेक्नोलॉजीज, बेंगलुरु द्वारा विकसित यूएवी में एकीकृत किया गया है।
- ये परीक्षण एकीकृत ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम (जीसीएस) के माध्यम से संचालित किए गए।
- **उत्पादन:** भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और अदानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड।

### सरमत

- रूस की नई इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल 'सरमत' का सफल परीक्षण किया गया।
- व्लादिमीर पुतिन ने इसे दुनिया की सबसे शक्तिशाली मिसाइल बताया है।
- **मारक क्षमता:** 35,000 किमी से अधिक
- पश्चिमी देशों में इसे 'सैटर्न 2'/शैतान-2' नाम से भी जाना जाता है।

### टेकिंग कलम और कवच 3.0

- **उद्घाटन:**14 मई 2026 को नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने।

- **उद्देश्य:** भारत के रक्षा परिवर्तन, स्वदेशी क्षमता विकास तथा भविष्य की युद्ध तैयारियों पर चर्चा के लिए रणनीतिक मंच प्रदान करना।
- **मुख्य फोकस:** Taking JAI Forward with $I^2$ (Jointness, Atmanirbhart and Innovation along with Indigenousisation and International Cooperation)

**एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) कार्यक्रम केंद्र**

- **स्थान:** आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिले के पुट्टपर्थी में
- **उदघाटन:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू
- **विकास:** डीआरडीओ के अंतर्गत वैमानिकी विकास एजेंसी द्वारा
- यह भारत के स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर विमान कार्यक्रम के लिए एकीकरण, विकास और उड़ान परीक्षण केंद्र के रूप में कार्य करेगी।

- राजनाथ सिंह ने अनाकापल्ली जिले के टी. सिरासपल्ली गांव में **भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की अत्याधुनिक नौसेना प्रणाली निर्माण सुविधा** की आधारशिला रखी।
- कल्याणी स्ट्रैटेजिक सिस्टम्स लिमिटेड की सहायक कंपनी अग्नेयास्त्रा एनर्जेटिक्स लिमिटेड की **डिफेंस एनर्जेटिक्स फैसिलिटी,** श्री सत्य साई जिले के मदाकासिरा में एचएफसीएल लिमिटेड के **गोला बारूद और इलेक्ट्रिक फ्यूज प्लांट,** और कुरनूल में **ड्रोन सिटी** के लिए शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया।

**ULPGM और अग्निका VTOL 1 FPV**

- भारतीय सेना की मारक क्षमता को और मजबूत बनाने के लिए दो नए स्वदेशी अत्याधुनिक घातक हथियारों से लैस किया गया है।

**1. ULPGM (यूएवी लांच्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन)**

- यह ड्रोन (यूएवी) से लांच किया जाने वाली गाइडेड लोइटरिंग म्यूनिशन-ULPGM है
- **विकास:** DRDO और अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने संयुक्त रूप से
- इन्हें सेना की आपातकालीन खरीद (EP-6) के तहत उपलब्ध कराया गया है।
- **वारहेड क्षमता:** 2 Kg
- **आपरेशनल रेंज:** 20 किलोमीटर
- **मारक क्षमता:** 2 Km (रात में), 4 Km (दिन में)
- दुश्मन जीपीएस या संचार नेटवर्क को जाम करने की कोशिश करता है वहाँ उपयोगी होगी।
- एंटी-जैमिंग और एंटी-स्पूफिंग तकनीक से लैस यह सिस्टम सीमावर्ती इलाकों, दुर्गम पहाड़ी मोर्चों और इलेक्ट्रानिक युद्ध के वातावरण में सेना को बड़ी बढ़त देगा।

**2. अग्निका VTOL 1 FPV**

- यह देश का पहला FPV कामीकाजी ड्रोन है।
- यह वर्टिकल टेक ऑफ एंड लेंडिंग **(VTOL)** ड्रोन है जिसे उड़ान भरने के लिए रनवे की जरूरत नहीं पड़ती।
- FPV (First Person View) तकनीकी वजह से Operator Real Time में दुश्मन की स्थिति देख सकता है।
- यह शहरी युद्ध, संकरी गलियों, सीमा चौकियों और कठिन पर्वतीय क्षेत्रों में बेहद उपयोगी है।
- **परास: 5 Km**
- **गति: 60 Km/h**
- **उड़ान क्षमता:** 30 मिनट
- **मारक सटीकता:** पांच मीटर तक है।

**धनुष तोप**

- **उत्पादक:** गन कैरिज फैक्ट्री (GCF), जबलपुर, मध्य प्रदेश
- **मारक क्षमता:** 40 से 42 किलोमीटर।
- **परीक्षण:** प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल एस्टेब्लिशमेंट, इटारसी, और पोखरण रेंज में
- यह एक 155mm और 52-कैलिबर वाली तोप है, जिसे बोफोर्स तोपों के अपग्रेडेड वर्जन के रूप में स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है।
- यह रात के समय भी सटीक निशाना लगाने में सक्षम है।

## अपाचे चॉपर और हॉवित्जर तोप

- **चर्चा में क्यों?:** भारत और अमेरिका के बीच 428.2 मिलियन डॉलर (करीब 3,500 करोड़ रुपए) के रक्षा सौदे को मंजूरी
  1. **अपाचे हेलीकॉप्टरों**
     - 21 हजार फीट ऊंचाई तक उड़ने में सक्षम
     - **गति:** 280 किमी प्रति घंटे
  2. **M777 हॉवित्जर तोप**
     - **परास:** 25-40km
     - **वजन:** 4200kg
     - **कंपनी :** बीएई सिस्टम्स (BAE Systems) द्वारा

## रक्षा विनिर्माण परिसर

- **उद्घाटनकर्ता:** रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस।
- **स्थान:** शिरडी, महाराष्ट्र में 23 मई, 2026 को
- **निर्माता कंपनी:** कंपनी NIBE ग्रुप।
- **मुख्य उद्देश्य:** उन्नत तोपखाने प्रणालियों, मिसाइल एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रॉकेट प्रणालियों, ऊर्जावान सामग्री तथा स्वायत्त रक्षा प्लेटफार्मों का निर्माण।

**प्रमुख प्रौद्योगिकियां और अनावरण**

- **'सूर्यास्त्र':** भारत की पहली 300 किलोमीटर की 'यूनिवर्सल रॉकेट लॉन्चिंग प्रणाली' को हरी झंडी दिखाई गई। इसी परिसर में इसके लिए एक **मिसाइल कॉम्प्लेक्स** की आधारशिला भी रखी गई।
- **स्वदेशी संयंत्र प्रौद्योगिकियां:** कार्यक्रम के दौरान स्वदेशी टीएनटी (TNT) संयंत्र प्रौद्योगिकी, आरडीएक्स (RDX) संयंत्र प्रौद्योगिकी और नवीकरणीय जैव-ऊर्जा संपीड़ित बायोगैस (CBG) संयंत्र का अनावरण किया गया।

- **अंतरिक्ष क्षेत्र में समझौता:** उपग्रह संयोजन के क्षेत्र में **NIBE समूह** और **ब्लैक स्काई** के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## वायु अस्त्र-1

- **चर्चा में क्यों?** रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी निबे लिमिटेड, पुणे ने राजस्थान के पोखरण और उत्तराखंड के जोशीमठ (मलारी) में परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया
- **परास:** 10 किलोग्राम के वारहेड के साथ 100 किलोमीटर
- लॉयटरिंग म्यूनिशन है, इसे कामिकेज/सुसाइड ड्रोन भी कहते है।
- यह हवा में मंडराने, निगरानी करने और सटीक हमले करने में सक्षम है

## उन्नत बख्तरबंद वाहनों (ट्रैक्ड और व्हील्ड) का अनावरण

- **स्थान:** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर स्थित DRDO प्रयोगशाला परिसर में।
- **निर्माण :** टाटा एडवांस्ड सिस्टमस लिमिटेड और भारत फोर्ज लिमिटेड
- **डिजाइन और विकास:** व्हीकल्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (VRDE)
- दोनों को स्वदेशी रूप से डिजाइन एवं विकसित 30 मिमी के क्रूलेस टरेट से सुसज्जित किया गया है
- 30 मिमी का क्रू-लेस टरेट 7.62 मिमी पीकेटी गन के साथ एकीकृत है
- इसे एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों के प्रक्षेपण के लिए भी कॉन्फिगर किया गया है,
- वाहनों में स्वदेशी सामग्री की हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 65 प्रतिशत है

## विक्रम वीटी 21 प्रोजेक्ट

- यह DRDO का नया युद्धक मंच है।
- यह सेना के पुराने पड़ चुके BMP-2 वाहनों को बदलने के लिए एक भविष्यवादी इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल (FICV) के रूप में लॉन्च किया गया है।
- **विकास:** DRDO की वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (VRDE) ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज के साथ मिलकर।
- **विशेषताएं:**
  - **संस्करण:** यह ट्रैक्ड (चौन वाला) और व्हील्ड (पहिए वाला) दोनों वेरिएंट में उपलब्ध है।
  - **हमला क्षमता:** इसमें 30 mm की क्रूलेस (बिना क्रू वाली) टरेट है, जिसे अंदर से रिमोट कंट्रोल से चलाया जा सकता है।

- **सुरक्षा:** इसमें STANAG लेवल 4-5 की सुरक्षा है, जो खदान और ब्लास्ट से बचाती है।
- **एम्फीबियस:** यह पानी में भी चलने (तैरने) में सक्षम है।

# जैव प्रौद्योगिकी

## अल्जाइमर के इलाज के लिए भारत की पहली दवा

- **लॉन्च:** फार्मा कंपनी एली लिली ने लोर्मल्जी' (Lormalzi) ब्रांड नाम से लॉन्च की।
- **मूल दवा का नाम:** डोनानेमैब
- **प्रक्रिया:** यह एक मोनोक्लोनल एंटीबॉडी उपचार है, जो मस्तिष्क में जमा होने वाले 'एमिलॉयड बीटा प्रोटीन प्लाक' को हटाकर शुरुआती मरीजों में मानसिक गिरावट को लगभग 30% तक धीमा कर देता है।
- **खुराक:** यह 350 मिलीग्राम की खुराक है, जिसे महीने में एक बार अंत:शिरा माध्यम से दिया जाता है। यह उपचार 18 महीने तक चलता है।
- **मंजूरी:** यह अमेरिकी रेगुलेटर (USFDA) द्वारा मंजूर की गई तीसरी और भारत में लॉन्च होने वाली पहली रोग-संशोधक दवा है।

## CAR-T Cell Therapy

- **समझौता:** मल्टीपल मायलोमा के उपचार हेतु दोहरे लक्ष्यीकरण CAR-T सेल थेरेपी विकसित करने के लिए
- **पक्षकार:** प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने हैदराबाद स्थित Helix Cell Therapeutics Pvt. Ltd के साथ समझौता किया है। यह परियोजना भारत-सिंगापुर सहयोग के तहत लागू होगी।
- यह थेरेपी कैंसर कोशिकाओं पर मौजूद BCMA और CD19 दोनों मार्करों को लक्ष्य बनाएगी।
- परियोजना में प्रथम चरण क्लिनिकल ट्रायल भी किया जाएगा।

- **CAR-T Cell Therapy:** इसमें रोगी की T-कोशिकाओं को आनुवंशिक रूप से संशोधित किया जाता है। संशोधित कोशिकाएँ कैंसर कोशिकाओं को पहचानकर नष्ट करती हैं।
- **मल्टीपल मायलोमा:** यह एक रक्त कैंसर है जो अस्थि मज्जा की प्लाज्मा कोशिकाओं को प्रभावित करता है और वर्तमान में पूरी तरह ठीक करना कठिन माना जाता है।
- **BCMA (B-cell maturation antigen):** यह प्रोटीन मल्टीपल मायलोमा की कोशिकाओं की सतह पर अत्यधिक मात्रा में पाया जाता है। इसे लक्षित करने से मायलोमा कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है।
- **CD19:** यह मार्कर सामान्य और कैंसरयुक्त दोनों तरह की बी-कोशिकाओं पर मौजूद होता है। जब कैंसर कोशिकाएं BCMA को छिपाकर या कम करके इस थेरेपी से बचने की कोशिश करती हैं, तब CD19 मार्कर थेरेपी को कैंसर कोशिकाओं की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने में मदद करता है।

## Cleavable Light-Erased Antibody Reporter (CLEAR) इमेजिंग प्लेटफॉर्म

- **विकास:** जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस साइंटिफिक रिसर्च (JNCASR), बेंगलुरु ने
- **कार्यप्रणाली:** यह तकनीक शोधकर्ताओं को एक ही फ्लोरोसेंट मार्कर का उपयोग करके एक ही जैविक नमूने में बड़ी संख्या में प्रोटीन की मैपिंग करने की अनुमति देती है
- **लाभ:** यह पारंपरिक इमेजिंग की कमियों को दूर करती है, क्योंकि आमतौर पर एक साथ कई प्रोटीन देखने के लिए अलग-अलग फ्लोरोसेंट रंगों की जरूरत होती है।
- **उपयोगिता:** यह उच्च-रिजॉल्यूशन वाली प्रोटीन मैपिंग प्रदान करती है, जिससे कैंसर, न्यूरोलॉजिकल विकारों (तंत्रिका संबंधी बीमारियों) और इम्यूनोलॉजी के क्षेत्र में बीमारियों का सटीक निदान और अध्ययन आसान हो जाता है।

### VERVE-102

- यह एक इन-विवो (शरीर के भीतर कार्य करने वाली) बेस एडिटिंग जीन थेरेपी है।
- यह एक नई जीन थेरेपी है जिसे केवल एक बार देने पर ही मरीजों में "बैड कोलेस्ट्रॉल" यानी LDL (Low-Density Lipoprotein) के स्तर को लगभग 62% तक कम किया जा सकता है।
- यह उनके लिए उपयोगी है जिनमें आनुवंशिक कारणों से कोलेस्ट्रॉल अधिक रहता है और कम उम्र में हृदय रोग का खतरा होता है।

### बेस एडिटिंग तकनीक

- बेस एडिटिंग जीनोम एडिटिंग की उन्नत तकनीक है।
- इसमें DNA के किसी एक बेस (ATGC) को सीधे दूसरे बेस में बदला जा सकता है।
- यह तकनीक जीन में अत्यंत सटीक परिवर्तन करने में सक्षम मानी जाती है।
- **VERVE-102 के मुख्य घटक:**
  1. **mRNA (मैसेंजर RNA):**
     - यह कोशिकाओं को विशेष प्रोटीन बनाने के निर्देश देता है।
     - VERVE-102 में यह एडेनिन बेस एडिटर बनाने का कार्य करता है।
  2. **Guide RNA (gRNA):**
     - यह PCSK9 (प्रोप्रोटीन कन्वर्टेस सब्टिलिसिन/केक्सिन टाइप 9) जीन को लक्ष्य बनाता है।
     - PCSK9 एक ऐसा एंजाइम है जो रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को नियंत्रित करता है।
     - PCSK9 क्यों महत्वपूर्ण है?:यह जीन लिवर में बनने वाले प्रोटीन से जुड़ा होता है।
     - जब PCSK9 की सक्रियता कम होती है, तब शरीर अधिक LDL कोलेस्ट्रॉल को रक्त से हटाने लगता है।

# प्रमुख अभ्यास

### सिनबैक्स-द्वितीय 2026

- **आयोजन:** 04 से 17 मई 2026, टेको सेन फ्नोम थॉम म्रीस प्रॉव रॉयल कंबोडियन एयर फोर्स प्रशिक्षण केंद्र (कैंप बेसिल), कम्पोंग स्पेयू प्रांत, कंबोडिया साम्राज्य में।
- **भागीदार:** भारतीय सेना और रॉयल कंबोडियन आर्मी (भारत के दल में 120  सैन्य कर्मी हैं, जिनमें अधिकांश मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट की एक बटालियन से हैं। कंबोडियाई दल 160 कार्मिकों का है)

### अभ्यास 'PRAGATI'

- Partnership of Regional Armies for Growth and Transformation in the Indian Ocean Region
- **आयोजन:** उमरोई, मेघालय के फॉरेन ट्रेनिंग नोड
- **प्रतिभागी राष्ट्र:** 11 मित्र विदेशी देश
- **प्रतिभागी देश (11):** भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, कंबोडिया, लाओस, मलेशिया, फिलीपींस, वियतनाम, मालदीव और सेशेल्स।
- यह 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के तहत भारत के रणनीतिक जुड़ाव को गहरा करता है।

# सम्मेलन

### उत्तर प्रौद्योगिकी संगोष्ठी

- **आयोजन:** 4 मई, 2026 को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में '
- **आयोजक:** भारतीय सेना की उत्तरी कमान और केंद्रीय कमान तथा सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (SIDM) द्वारा संयुक्त रूप
- **विषय:** 'रक्षा त्रिवेणी संगम - प्रौद्योगिकी, उद्योग और सैनिक क्षमता का संगम होता है

### एयरोस्पेस पावर सेमिनार

- **आयोजन:** 11 मई, 2026 को नागपुर में
- **आयोजक:** भारतीय वायु सेना के मुख्यालय रखरखाव कमान ने

- **सहयोग:** स्वायत्त रक्षा थिंक टैंक, सेंटर फॉर एयरपावर एंड स्ट्रेटेजिक स्टडीज
- **विषय:** कुशल रखरखाव और आत्मनिर्भरता: वायु शक्ति के प्रवर्तक'

### विज्ञान-Tech 2026

- **आयोजन:** 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026 के अवसर पर BRIC-National Institute of Immunology (NII), नई दिल्ली में
- **आयोजक:** प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (PSA) के कार्यालय द्वारा जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) के सहयोग से ।
- **भागीदारी:** 14 वैज्ञानिक मंत्रालयों और विभागों की ।
- **उद्‌घाटन:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा।
- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) द्वारा विकसित तीन प्रौद्योगिकियों का उद्योग भागीदारों को हस्तांतरण-

  1. **प्रोस्टेट कैंसर जांच तकनीक (PSP-94 ELISA)**
     - प्रोस्टेट कैंसर के मरीजों में बायोप्सी की आवश्यकता तय करने में मदद करती है।
     - लाइसेंस: Krishgen Labs Pvt. Ltd.
  2. **रक्त जमाव विकार जांच किट**
     - हीमोफीलिया जैसे रक्त संबंधी रोगों की त्वरित पहचान के लिए।
     - लाइसेंस: Meril Life Sciences
  3. **डेंगू-चिकनगुनिया-जीका जांच किट**
     - एक ही टेस्ट में डेंगू, चिकनगुनिया और जीका वायरस की पहचान कर सकती है।
     - लाइसेंस: Vanguard Life Sciences

### भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय नेत्र विज्ञान अनुसंधान सम्मेलन

- **आयोजन:** 9-10 मई को दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में।
- नई दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) के नेत्र रोग विभाग द्वारा अखिल भारतीय नेत्र रोग सोसायटी (AIOS) के सहयोग से आयोजित ।
- **उद्‌घाटन:** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा।

### इनोवेटर्स-टू-इंडस्ट्री (I2I) कनेक्ट

- **आयोजन:** नई दिल्ली
- **आयोजक:** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)
- ICMR द्वारा मेडिकल इनोवेशन पेटेंट मित्र प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया
- ICMR संस्थानों और नवप्रवर्तकों द्वारा उद्योग भागीदारों को 41 सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण किया गया

### ग्लोबल वॉटर समिट 2026

- **आयोजन :** मेड्रिड; स्पेन (18 से 20 मई)
- बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (BWSSB) को 'यूटिलिटी ऑफ द ईयर' श्रेणी में दुनिया की शीर्ष पांच जल उपयोगिता संस्थाओं में स्थान दिया
- **यूटिलिटी ऑफ द ईयर:** बोर्ड को जल संरक्षण, अपशिष्ट जल रीसाइक्लिंग, उन्नत तकनीक के इस्तेमाल और स्थायी शहरी जल प्रबंधन के उनके **'फाइव पिलर्स'** मॉडल के लिए यह वैश्विक सम्मान मिला है।
- **'वाटर प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर':** BWSSB की प्रमुख **'कावेरी चरण V'** पेयजल परियोजना को भी श्रेणी की शीर्ष 5 वैश्विक परियोजनाओं में शामिल किया गया है।

### पहले राष्ट्रीय AI और डिजिटल जल शिखर सम्मेलन

- **आयोजन:** 27 मई,बेंगलुरु
- **आयोजक:** बेंगलुरु जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (BWSSB) बेंगलुरु और ईलेट्स टेक्नोमीडिया

## प्रमुख समझौतें

- **सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान** (CSIR-CRRI) को भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) के सहयोग से 'उपयोग में लाए गए प्लास्टिक से बने तकनीकी टेक्सटाइल **जियोसेल** का उपयोग करके पहला रोडब्लॉक सेक्शन निर्मित' नामक रिकॉर्ड बनाने के लिए **इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स** द्वारा मान्यता दी गई है।
- **IndiaAI और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद**

**(ICMR):** स्वास्थ्य सेवा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का जिम्मेदार और व्यापक उपयोग करना।

- ❐ बेंगलुरु के स्पेस स्टार्टअप **Pixxel** को अमेरिकी खुफिया एजेंसी **नेशनल रिकॉइनेंस ऑफिस (NRO)** से अपने 'फायरफ्लाई' उपग्रहों के जरिए उन्नत **हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजरी डेटा** प्रदान करने का अनुबंध मिला है।
- ❐ **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रौद्योगिकी विकास** बोर्ड ने **'टाइप-IV** सीएनजी सिलेंडर के व्यावसायीकरण के लिए विनिर्माण सुविधा की स्थापना' नामक परियोजना के लिए दिल्ली स्थित **मेसर्स एनटीएफ एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** के साथ एक समझौता किया है।
- ❐ **नॉर्वे** की अंतरिक्ष एजेंसी ने दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष सहयोग को एक नया आयाम देने के लिए **इसरो** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- ❐ CSIR-राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान(CSIR-NISPR), नई दिल्ली ने 25 मई 2026 को राष्ट्रीय प्रगत अध्ययन संस्थान (NIAS), बेंगलुरु के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य विज्ञान संचार और सार्वजनिक सहभागिता तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नीति अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करना
- ❐ **भारतीय वायु सेना और अमेरिका** की GE एयरोस्पेस के बीच स्वदेशी **तेजस** लड़ाकू विमानों (Mk1 और Mk1।) में इस्तेमाल होने वाले 'F404-IN20' इंजनों की मरम्मत और ओवरहॉल (MRO) के लिए **भारत में ही डिपो स्थापित** करने का अनुबंध हुआ है।

# विविध-गतिविधियाँ

## रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (सीबीआरएन) क्षेत्र प्रशिक्षण और प्रदर्शन केंद्र

- ❐ **स्थान:** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने आज दिल्ली के बुराड़ी मैदान में
- ❐ **उद्देश्य:** रेडियोलॉजिकल और परमाणु आपात स्थितियों के लिए तैयारियों को और अधिक मजबूत करना है।

## काल भैरव

- ❐ भारत का पहला AI-संचालित स्वायत्त लड़ाकू विमान है
- ❐ **निर्माण :** पुर्तगाल में
- ❐ **साझेदारी:** 'फ्लाइंग वेज डिफेंस एंड एयरोस्पेस' (FWDA), बेंगलुरु ने पुर्तगाली प्रौद्योगिकी कंपनी 'स्केचपिक्सेल' के साथ साझेदारी की है।
- ❐ **परिचालन परास:** 3000 km और 30 घंटे

## SARAL AI

- ❐ एक क्रांतिकारी AI-संचालित प्लेटफॉर्म है, जो जटिल वैज्ञानिक अनुसंधानों को 18 भारतीय भाषाओं में पॉडकास्ट, शॉर्ट वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट्स में बदलकर आम जनता तक पहुँचाता है।
- ❐ **विकास:** अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन

## सिलिकॉन फोटोनिक्स टेक्नोलॉजी सॉल्युशंस

- ❐ **लॉन्च:** चेन्नई में दो सिलिकॉन फोटोनिक्स प्रौद्योगिकी समाधानों का शुभारंभ किया
  (क) फोटोनिक्स चिप विनिर्माण के लिए सिलिकॉन फोटोनिक्स प्रोसेस डिजाइन किट
  (ख) यूनिवर्सल पैकेजेड पीपीआईसी (प्रोग्रामेबल फोटोनिक इंटीग्रेटेड सर्किट) टेस्ट इंजन,
- ❐ **विकास:** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रायोजित COE-CPPICS, IIT मद्रास में स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है
- ❐ सिलिकॉन फोटोनिक्स डेटा ट्रांसफर गति को अत्यधिक बढ़ाती है और ऊर्जा की खपत को कम करती है।

## भारत का पहला फुल-स्टैक क्वांटम कंप्यूटर 'इंडस'

- ❐ **विकास:** बंगलूरू स्थित कंपनी QpiAI ने
- ❐ यह पूर्णत: भारत में निर्मित प्रथम क्वांटम कंप्यूटिंग प्रणाली है।
- ❐ इस प्रणाली में 25 क्यूबिट हैं

## PLANT OpenCRISPR-1(POC-1) प्लेटफॉर्म

- ❐ **विकास:** ICMR-केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (CRRI) , कटक
- ❐ यह पादपों के लिए एआई-संचालित जीनोम एडिटिंग प्लेटफॉर्म है

## प्रोसोपिस जुलिफ्लोरा

- यह विलायती बबूल है जो एक आक्रमक खरपतवार है।
- भारत का पहला हरित मेथनॉल संयंत्र कच्छ के खरपतवार को समुद्री ईंधन में परिवर्तित करेगा।
- दशकों से कच्छ के बन्नी घास के मैदानों में यह जैव विविधता के लिए खतरा बना हुआ है।
- मेक्सिको मूल की झाड़ी, प्रोसोपिस जुलिफ्लोरा, जिसे इस क्षेत्र में गंडो बावल , उत्तर भारत में विलायती कीकर और तमिल में वेलिकाथन के नाम से जाना जाता है।

## भारत में वाई-फाई 7 युग की शुरुआत:

- टीपी-लिंक (TP-Link) इंडिया ने भारत में अपने Wi-Fi 7 उत्पाद पोर्टफोलियो के स्थानीय उत्पादन की घोषणा की है।
- **पहला मेड-इन-इंडिया वाई-फाई 7 डिवाइस:** कंपनी ने भारत में Omada EAP770' एंटरप्राइज एक्सेस प्वाइंट के साथ वाई-फाई 7 उपकरणों का निर्माण शुरू कर दिया है।

## अर्बन टेस्टबेड एंड ऐरोसोल ऑब्जर्वेटरी

- **स्थान:** चेन्नई के रामपुरम स्थित SRM Institute of Science and Technology (SRMIST)
- **उदघाटन:** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन ने 6 मई, 2026 को
- **स्थापना:** Indian Institute of Tropical Meteorology (IITM), पुणे द्वारा ।(पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान)
- यह 'मिशन मौसम' पहल के तहत कार्यरत ।
- भारत में स्थापित होने वाली अपनी तरह की पहली वेध शाला है।

## स्वदेशी सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम (CBS)

- यह आपदा प्रबंधन के लिए स्वदेशी सेल ब्रॉडकास्ट प्रणाली है
- **शुभारंभ:** 2 मई को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा
- **विकास:** दूरसंचार विभाग (DoT) के अंतर्गत सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT) द्वारा
- **सहयोग:** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) और गृह मंत्रालय।
- **उद्देश्य:** आपदा आने के बाद में नहीं बल्कि आपदा से पहले लोगों को सतर्क करना।
- यह टेलीकॉम-आधारित एक ऐसी सार्वजनिक चेतावनी प्रणाली, जो अधिकारियों को एक निश्चित क्षेत्र के भीतर सभी मोबाइल उपकरणों पर एक साथ सटीक जियो-टारगेटेड अलर्ट भेजने की सुविधा देती है।
- लगभग रियल-टाइम और कई भाषाओं में अलर्ट भेजने की सुविधा।
- यह तकनीक नेटवर्क जाम से अप्रभावित है ।
- 2जी से लेकर 5जी तक के सभी नेटवर्क पर काम करता है।

## एआई-इनेबल्ड मौसम पूर्वानुमान सिस्टम

- 12 मई को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत विकसित दो उन्नत मौसम पूर्वानुमान उत्पादों का शुभारंभ किया ।
- **विकास:**
  - भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD)
  - भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे
  - राष्ट्रीय मीडियम रेंज मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित।

1. **एआई-इनेबल्ड मानसून एडवांस पूर्वानुमान कार्यप्रणाली:**
   - यह मॉडल देश के विभिन्न हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने का संभाव्य पूर्वानुमान प्रदान करता है।
   - अपडेट: यह मानसून की प्रगति का अनुमान चार सप्ताह पहले तक उपलब्ध कराता है, जिसे प्रत्येक बुधवार को अपडेट किया जाता है।
   - किसानों को लाभ: इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के प्रसार ढांचे के साथ एकीकृत किया गया है।
   - वर्तमान में यह सिस्टम 16 राज्यों और 3,000 से

अधिक उप-जिलों के किसानों को कृषि नियोजन और तैयारियों के लिए सटीक जानकारी दे रहा है।

2. **एआई-इनेबल्ड मौसम और जलवायु पूर्वानुमान**

- यह एआई तकनीकों का उपयोग करके मौसम के पैटर्न का अत्यधिक सटीक और त्वरित विश्लेषण करता है।
- यह सिस्टम पारंपरिक पूर्वानुमान मॉडलों की तुलना में जटिल मौसमी बदलावों को कम समय में भांपने में सक्षम है, जिससे तूफानों, अत्यधिक बारिश और अन्य मौसमी आपदाओं की पहले से बेहतर तैयारी की जा सकती है।

## सकुरा साइंस प्रोग्राम 2026

- **आयोजक:** जापान और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (MoE) का स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग।
- **भारतीय दल की रूपरेखा:** भारत के 15 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सरकारी स्कूलों से कुल 56 विद्यार्थी (24 लड़के और 32 लड़कियां) तथा 4 पर्यवेक्षक जापान की यात्रा पर रहेंगे।
- **विशेषता:** ये सभी 56 विद्यार्थी भारत सरकार की 'राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति' (NMMS) योजना के लाभार्थी हैं।
- **भागीदार देश:** भारत के अलावा घाना, नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका के प्रतिभागी भी शामिल हो रहे हैं।

## तापीय ऊर्जा भंडारण सामग्री

- **विकास:** इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मैटेरियल्स (ARCI), जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) का एक स्वायत्त संस्थान है।
- **नेतृत्व:** यह शोध डॉ. मणि कार्तिक के नेतृत्व
- **सामग्री:** शोधकर्ताओं ने स्पिनेल नैनो कम्पोजिट फेज चेंज मटेरियल तैयार किया।
- **प्रक्रिया:** इसके उत्पादन के लिए नियंत्रित कण आकार वाले स्पिनेल-प्रकार के धातु ऑक्साइड नैनोकणों के निर्माण हेतु एक सरल और लागत प्रभावी सह-अवक्षेपण विधि का उपयोग किया गया है।

## टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड (TDB) ने नेशनल RDI इनिशिएटिव के तहत पांच प्रमुख कंपनियों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं:

- **M/s e-TRNL एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (महाराष्ट्र):** अपनी पेटेंटेड 3D इलेक्ट्रोड आर्किटेक्चर (3DEA) टेक्नोलॉजी पर आधारित उन्नत और किफायती **लिथियम-आयन बैटरी सेल** का विकास व घरेलू निर्माण करना।
- **M/s ध्रुव स्पेस प्राइवेट लिमिटेड (हैदराबाद):** 'प्रोजेक्ट गरुड़' के तहत एक स्वदेशी, **मॉड्यूलर 500 किलोग्राम-क्लास सैटेलाइट प्लेटफॉर्म** विकसित करना, जो बड़े पैमाने पर उत्पादन और सामरिक/वाणिज्यिक संचार नेटवर्क को सपोर्ट कर सके।
- **M/s आइस्टेम रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड (बेंगलुरु):** ज्योग्राफिक एट्रोफी और इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस जैसी दो लाइलाज बीमारियों के इलाज के लिए फर्स्ट-इन-क्लास **'सेल थेरेपी'** विकसित करना। (इस परियोजना को योजना की पहली किस्त के रूप में 50 करोड़ रुपये इलेक्ट्रॉनिक रूप से ट्रांसफर किए गए हैं)।
- **M/s Noccarc रोबोटिक्स प्राइवेट लिमिटेड (उत्तर प्रदेश):** इंटेलिजेंट मोबाइल लाइफ सपोर्ट सिस्टम (iMLSS) का विकास करना, जो ग्रामीण और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा के लिए AI-असिस्टेड और बहुभाषी वॉयस सपोर्ट से लैस एक पोर्टेबल ICU-ग्रेड क्रिटिकल केयर प्लेटफॉर्म है।
- **M/s एंड्युर एयर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (नोएडा):** 'प्रोजेक्ट सबल-200' के तहत एक स्वदेशी **बिना पायलट वाला हेलीकॉप्टर प्लेटफॉर्म** विकसित करना, जो अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 200 किलोग्राम से ज्यादा का पेलोड ले जा सके।

## लोकटक आकाशगंगा

- **खोज:** जापान में भारतीय वैज्ञानिक डॉ रोनाल्डो लैशराम, मणिपुर
- ब्रह्मांड में 12.6 अरब वर्ष पुरानी आकाशगंगाओं की एक विशाल संरचना (प्रोटोक्लस्टर) की खोज की है।

### चिराग केंद्र

- **पूर्ण रूप:** CHIRAG (Centre for HR Information Systems, Research and Analytics in Governance)
- **स्थान:** मौला-अली, हैदराबाद में,भारतीय रेलवे ने
- यह केंद्र डिजिटल मानव संसाधन प्रणालियों, एआई-आधारित विश्लेषण, कार्यबल नियोजन और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- **उद्देश्य:** उन्नत एचआरएमएस (HRMS), मशीन लर्निंग और डेटा-संचालित शासन के माध्यम से दुनिया के सबसे बड़े कार्यबलों में से एक के प्रबंधन में दक्षता बढ़ाना है

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- भारतीय नौसेना का कौनसा नौकायन प्रशिक्षण पोत केप वर्डे के साओ विसेंट द्वीप पर स्थित मिंडेलो बंदरगाह पहुँचा? **आईएनएस सुदर्शनी**
- भारत का कौनसा समुद्र-विज्ञान अनुसंधान पोत वियतनाम के कैम रान्ह पहुँचा? **आईएनएस सागरध्वनि**
- भारतीय नौसेना ने नौसैनिक नौकायन केंद्र का उद्घाटन कहाँ किया? **भोजताल झील, भोपाल**
- National Investigation Agency की जांच में पाया गया कि 2025 के **दिल्ली लाल किला विस्फोट** में TATP का प्रयोग किया गया था, जो एक अत्यधिक संवेदनशील **कार्बनिक पेरॉक्साइड** विस्फोटक है और **"मदर ऑफ सैटन"** के नाम से भी जाना जाता
- इंडियन बायोगैस एसोसिएशन ने 2030 तक रासायनिक उर्वरकों में कितने प्रतिशत किण्वित जैविक खाद का अनिवार्य मिश्रण करने का आह्वान किया है? **10%**
- SEBI ने उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) उपकरणों से उत्पन्न होने वाले साइबर सुरक्षा जोखिमों की जांच करने और प्रतिभूति बाजार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए किस नाम से टास्क फोर्स का गठन किया है **'cyber.suraksha-ai'**
- भारतीय सेना ने 27-30 अप्रैल, 2026 तक लेह के 153 जनरल अस्पताल में 4-दिवसीय 'एडवांस्ड सर्जिकल आई कैंप (ऑपरेशन नेत्र 1.0)' सफलतापूर्वक संपन्न किया।
- केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2026 का उद्घाटन किया? **प्रयागराज में**
- मैरून बेरेट की औपचारिक परेड का आयोजन किया गया? **गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर, वायुसेना स्टेशन, चांदीनगर में**
- **केरल और तमिलनाडु** राज्य ने AI मंत्रालय का गठन किया
- **48वें उड़ान परीक्षण पाठ्यक्रम** का आयोजन बेंगलुरु स्थित वायु सेना टेस्ट पायलट स्कूल में हुआ।
- **अल्फ्वेनिक/किंक तरंगों** से उत्पन्न तरंग-जनित व्यवधान पर नया अध्ययन सूर्य की सतह की तुलना में उसके कोरोना के अत्यधिक उच्च तापमान होने की व्याख्या कर सकता
- फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका के शोधकर्ताओं ने नासा के मावेन अंतरिक्ष यान का उपयोग करके मंगल ग्रह पर **ज्वान-वुल्फ प्रभाव** के साक्ष्य खोजे हैं।
- **गोल्ड नैनो-कणों** से इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी (INST) के वैज्ञानिकों ने एक अत्यधिक कुशल, अति-पतली और **लचीली फिल्म** विकसित की है।
- भारत का पहला भू-तापीय (Geothermal) ऊर्जा संयंत्र: **लद्दाख**
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने युवाओं में बढ़ते दुरुपयोग और अवैध तस्करी को रोकने के लिए किस दवा को औषधि नियम के तहत 'अनुसूची H1' की सख्त श्रेणी में शामिल किया है। **'प्रेगाबालिन'**
- अमेरिका और फिलीपींस के बीच कौनसा संयुक्त सैन्य अभ्यास फिलीपींस के विभिन्न द्वीपों पर आयोजित किया गया? **41वां 'बालिकतन'**
- IIT, मद्रास ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन ने SelectUSA इन्वेस्टमेंट समिट में कहाँ पर अपने पहले अमेरिकी केंद्र की स्थापना की घोषणा की। **कैलिफोर्निया के मेनलो पार्क में**
- भारत की पहली स्पेस-टेक यूनिकॉर्न है। **स्काईरूट एयरोस्पेस**

- देश का तीसरा राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (NIFTEM) की स्थापना

  **हाजीपुर, वैशाली जिला, बिहार में**
- 2026 के विधानसभा चुनावों के दौरान मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का स्वागत करने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए 'नीला' नामक एक ह्युमनॉइड रोबोट को किसने तैनात किया था। **पुडुचेरी चुनाव आयोग ने**
- नासा के साइकी नामक अंतरिक्ष यान ने किस ग्रह की तस्वीरें खींचीं, जिनमें एक अर्धचंद्राकार दृश्य भी शामिल है? **मंगल ग्रह**
- नासा के GRACE (ग्रेविटी रिकवरी एंड क्लाइमेट एक्सपेरिमेंट) सैटेलाइट्स के अनुसार कौनसी नदी वर्ष 2040 तक पूरी तरह सूख सकती है। **यूफ्रेट्स (फरात)**
- 20 अरब डॉलर (1.7 लाख करोड़ रुपये) के निवेश के साथ चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक स्थायी मानव बेस स्थापित करने की 3-चरणीय योजना का अनावरण किसने किया है? **नासा ने**
- रॉयल नीदरलैंड्स नेवी शिप HNLMS डी रूयटर (F 804) 04 मई 2026 को कोच्चि पहुंचा। यह डी जेवेन प्रोविंसियन-क्लास का युद्धपोत है।
- भारतीय सेना ने लेह के 153 जनरल अस्पताल में 4-दिवसीय 'एडवांस्ड सर्जिकल आई कैंप (ऑपरेशन नेत्र 1.0)' सफलतापूर्वक संपन्न किया।
- अहमदाबाद में 138वीं अपतटीय सुरक्षा समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई
- भारतीय नौसेना ने 20 मई 2026 को कोच्चि में ऐतिहासिक आईओएस सागर **(आईएनएस सुनयना)** यात्रा के सफल समापन का जश्न मनाया।
- कोस्टल एटमॉस्फेरिक रिसर्च टेस्टबेड (सी-एआरटी) की खुली वेधशाला

  **आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम**
- बसंत सत्र 2026-पासिंग आउट परेड?

  **भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए), एझिमाला में**
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहाँ इबोला के प्रकोप को 'अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित किया? **कांगो और युगांडा**
- विश्व स्वास्थ्य सभा ने पहली बार किसे सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता के रूप में मान्यता दी? **स्ट्रॉक**

# 05 खेल–समसामयिकी

## अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट

### एथलेटिक्स

**29वीं राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता 2026**

- लोकप्रिय रूप से फेडरेशन कप के नाम से जाना जाता है।
- **आयोजन:** बिरसा मुंडा स्टेडियम, रांची, झारखंड (22–25 मई, 2026)
- इसने राष्ट्रमंडल खेलों 2026 के लिए एकमात्र चयन ट्रायल के रूप में कार्य किया।
    - विश्व चैंपियनशिप 2026 में प्रत्येक देश के अधिकतम 32 ट्रैक एंड फील्ड एथलीट ही भाग ले सकते हैं।
- **मुख्य स्पर्धाओं की झलकियाँ:**
    - **पुरुष पोल वॉल्ट:** देव मीना (स्वर्ण) (मध्यप्रदेश) और कुलदीप कुमार (रजत) ने संयुक्त रूप से 5. 45 मीटर की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया (पिछला रिकॉर्ड कुलदीप के नाम 5.41 मीटर था)।
    - **पुरुष 100 मीटर दौड़:** इस चैंपियनशिप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड (एनआर) कई बार टूटा - पहले गुरिंदरवीर सिंह (10.17 सेकंड) द्वारा, फिर तुरंत अनिमेष कुजूर (10.15 सेकंड) द्वारा। इसके बाद, **गुरिंदरवीर सिंह ने फाइनल में 10.09 सेकंड का ऐतिहासिक समय दर्ज करके एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया (23 मई)।**
        - वह आधिकारिक तौर पर 10.10 सेकंड से कम समय में 100 मीटर दौड़ पूरी करने वाले पहले भारतीय एथलीट बने।
        - वह पंजाब के जालंधर के रहने वाले हैं।
        - **नोट:** महिला वर्ग में, दुती चंद ने 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 11.17 सेकंड में बनाया है, जो उन्होंने 2021 में पटियाला में आयोजित इंडियन ग्रांड प्रिक्स IV में हासिल किया था।
    - **पुरुषों की 400 मीटर दौड़:** विशाल टी.के. (तमिलनाडु) ने रांची में 44.98 सेकंड में 400 मीटर की दौड़ पूरी की और 45 सेकंड से कम समय में 400 मीटर की दौड़ पूरी करने वाले इतिहास के पहले भारतीय बन गए।
    - **पुरुषों की ऊंची कूद** (मीट रिकॉर्ड की बराबरी): सर्वेश कुशारे (महाराष्ट्र) ने 2.28 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता और तेजस्विन शंकर के मीट रिकॉर्ड की बराबरी की।
    - **पुरुषों की लंबी कूद:** एम. श्रीशंकर ने 8.08 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता।
    - **पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़** (नया मीट रिकॉर्ड): तेजस शिरसे ने 13.50 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता और एक नया मीट रिकॉर्ड बनाया।
    - **पुरुषों की 10,000 मीटर रेस वॉक:** ओलंपियन संदीप कुमार (हरियाणा) ने स्वर्ण पदक जीता (39:51.95)।
    - **पुरुषों की 1500 मीटर स्पर्धा:** स्वर्ण पदक: **राहुल बलोदा (झुंझुनू)**, (समय: 3:40.06) रजत पदक: साकिर, कांस्य पदक: अजय कुमार सरोज
    - **डेकाथलॉन:** तेजस्विन शंकर डेकाथलॉन में 8,000 अंक (8,057) पार करने वाले पहले भारतीय बने (8,000 से अधिक अंक हासिल करने वाले 10वें एशियाई)

**इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रा रनर्स 24-घंटे एशिया और ओशिनिया चैंपियनशिप 2026**

- **आयोजन:** हिरोसाकी शहर, जापान। 23–24 मई 2026।
- **भागीदारी:** 9 देशों के 81 एथलीट।
- **भारत का प्रदर्शन** टीम इंडिया ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 5 पदक जीते और पुरुषों के वर्ग में सभी पदक जीतकर पूर्ण दबदबा कायम किया।

- **पुरुष वर्ग:**
  - **व्यक्तिगत परिणाम:**
    - **स्वर्ण पदक: अमर सिंह देवंदा** - 282.881 कि.मी. (226 लैप) की शानदार दूरी तय करके उन्होंने अपना ही पिछला भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड 272.537 कि.मी. तोड़ दिया।
      वह जयपुर के चोमू के चिथवाड़ी गाँव से हैं।
    - रजत पदक: गीनो एंटनी
    - कांस्य पदक: सौरभ कुमार रंजन
  - **पुरुष टीम:**
    - **भारत (स्वर्ण): कुल दूरी 815.833 कि.मी.**
    - जापान (रजत)
    - ऑस्ट्रेलिया (कांस्य)
- **महिला वर्ग**
  - **महिला टीम**
    - स्वर्ण: जापान
    - रजत: ऑस्ट्रेलिया
    - **कांस्य: भारत**
  - **व्यक्तिगत परिणाम:**
    - **सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी:** तेनजिन डोल्मा ने व्यक्तिगत स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त किया।
    - जापान की मिहो नाकाटा ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता।

### विश्व एथलेटिक्स रिलेज गैबोरोन 2026

- **आयोजन:** गैबोरोन, बोत्सवाना (2-3 मई)
- **भारत की भागीदारी:** 21 सदस्यीय टीम 5 स्पर्धाओं में भाग लिया (महिला 4×400 मीटर रिले को छोड़कर)।
- राघुल कुमार, नित्या गांधे, अनिमेष कुजुर और स्नेहा सत्यानारायण शानुवल्ली की भारतीय मिश्रित 4×100 मीटर रिले टीम ने 41.35 सेकंड का समय निकालकर छठाँ स्थान हासिल किया - जो इस स्पर्धा में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।
  - विजेता: बोत्सवाना
  - उप-विजेता: दक्षिण अफ्रीका

## भारोत्तोलन

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** महात्मा मंदिर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र, गांधीनगर, गुजरात। (11-17 मई 2026)।
  - भारत 44 वर्षों के बाद इस प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है (इसकी मेजबानी 1982 में नई दिल्ली ने की थी)।
- **प्रतिभागी:** 28 देशों के लगभग 180 एथलीट।
  - भारत, चीन और श्रीलंका-प्रत्येक देश से 16 भारोत्तोलकों के साथ सबसे बड़ी टीम।
- चैंपियनशिप के दौरान सीनियर और जूनियर श्रेणियों सहित कुल 27 एशियाई रिकॉर्ड और 25 विश्व रिकॉर्ड बने।
- **पदक तालिका**

| रैंक | टीमें | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 21 | 12 | 8 | 41 |
| 2 | दक्षिण कोरिया | 18 | 11 | 1 | 30 |
| 3 | चीनी ताइपे | 3 | 7 | 3 | 13 |
| 11 | भारत | 0 | 1 | 9 | 10 |

  - **रजत पदक: 1**
    - ज्ञानेश्वरी यादव (53 कि.ग्रा.) स्नैच स्पर्धा में।
  - **कांस्य पदक: 9**
    - संजना (77 कि.ग्रा.) ने तीन कांस्य पदक जीते,
      → ओवर ऑल, क्लीन एंड जर्क और स्नैच में।
    - अजीत नारायण (71 कि.ग्रा.) ने दो कांस्य पदक जीते,- ओवर ऑल, क्लीन एंड जर्क में।
    - ज्ञानेश्वरी यादव (53 कि.ग्रा.),
    - कोमल कोहर (48 कि.ग्रा.) ने दो कांस्य पदक जीते - एक क्लीन एंड जर्क में और दूसरा समग्र प्रदर्शन के लिए। (चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक था)
      - ❖ **नोट:** कोमल कोहर ने घायल ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू की जगह हिस्सा लिया।
    - हरजिंदर कौर (69 कि.ग्रा.) स्नैच स्पर्धा में।
- चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और समग्र अंकों के लिए अलग-अलग पदक दिए गए।

## बैडमिंटन

### 34वाँ बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) थॉमस कप - पुरुष चैंपियनशिप-2026

- **आयोजन:** होर्सेन्स, डेनमार्क, (24 अप्रैल-3 मई)

- **प्रकृति:** बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) द्वारा आयोजित द्विवार्षिक अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप
- **विजेता:**
  - **स्वर्ण:** चीन (चीन ने फ्रांस को 3–1 से हराया)
  - **रजत:** फ्रांस
  - **कांस्य:** भारत (फ्रांस से 0–3 से पराजित) और डेनमार्क
  - भारत ने चीनी ताइपे को 3–0 से हराकर कांस्य पदक जीता
- **नोट:** भारत ने अपना ऐतिहासिक पहला खिताब 2022 में बैंकॉक में जीता था।
- **टीम इंडिया:** हरिहरन ए., एम.आर. अर्जुन, किरण जॉर्ज, ध्रुव कपिला, के. श्रीकांत, एच.एस. प्रणॉय, सात्विकसाईराज आर., लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी, चिराग शेट्टी।

### 31वाँ BWF उबर कप 2026–महिला चैंपियनशिप

- **आयोजन:** फोरम होर्सेन्स, 24 अप्रैल – 3 मई 2026
- **विजेता**
  - स्वर्ण: दक्षिण कोरिया (तीसरा खिताब)
  - रजत: चीन (मौजूदा चैंपियन) (दक्षिण कोरिया ने चीन को 3–1 से हराया)
  - कांस्य पदक विजेता: इंडोनेशिया और जापान
- **भारत का प्रदर्शन**
  - **परिणाम:** समूह चरण से बाहर
  - **नोट:** 2018 के बाद पहली बार भारतीय महिला टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में असफल रही।

### मुतुआ मैड्रिड ओपन 2026

- **आयोजन:** मैड्रिड, स्पेन (21 अप्रैल – 3 मई 2026)
- **पुरुष एकल**
  - **विजेता:** जैनिक सिनर (इटली), जिन्होंने फाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया।
  - यह सिनर का पहला मैड्रिड ओपन खिताब था।
  - वे लगातार 5 एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने।
- **महिला एकल:** मार्टा कोस्तिक (यूक्रेन)

### थाईलैंड ओपन

- **आयोजन:** निमिबुत्र स्टेडियम, थाईलैंड, 12–17 मई, 2026
- **पुरस्कार राशि:** 500,000 अमेरिकी डॉलर
- **पुरुष युगल**
  - इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्थिन ने भारत के **सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी** को 12–21, 23–25 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।
  - उन्होंने इस टूर्नामेंट में 2019 और 2024 में स्वर्ण पदक जीता है।
  - सेमीफाइनल में मलेशिया की गोह से फी और नूर इज्जुद्दीन को हराया।
- **पुरुष एकल**
  - स्वर्ण: एंडर्स एंटोनसेन (डेनमार्क)
  - रजत: कुनलावत विटिडसर्न (थाईलैंड)
- **महिला एकल**
  - स्वर्ण: अकाने यामागुची (जापान)
  - रजत: चेन युफेई (चीन)
- **महिला युगल**
  - बाओ लिजिंग और काओ जिहान (चीन)
- **मिश्रित युगल**
  - एलेक्जेंड्रा बोजे, मैथियास क्रिस्टियनसेन (डेनमार्क)

## *टेनिस*

### इटैलियन ओपन–2026

- इंटरनैशनल डी'इटालिया के नाम से भी जाना जाता है।
- **स्थान:** फोर्ड इटालिको, रोम, 6–17 मई, 2026
- **पुरुष एकल**
  - जैनिक सिनर ने कैस्पर रूड (नॉर्वे) को हराकर खिताब जीता।
  - सिनर एड्रियानो पनाटा (1976) के बाद यह टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे इतालवी पुरुष खिलाड़ी बने।
  - वह नोवाक जोकोविच के बाद करियर गोल्डन मास्टर्स (सभी नौ ATP मास्टर्स 1000 खिताब) पूरा करने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बने।

- यह सिनर का लगातार छठा और कुल मिलाकर दसवां मास्टर्स 1000 खिताब था।

❒ **महिला एकल:** एलिना स्विटोलिना (यूक्रेन)

- यह उनका तीसरा इटैलियन ओपन खिताब और फ्रेंच ओपन से पहले इस सीजन का पहला क्ले-कोर्ट खिताब था।

### ATP 250 जिनेवा ओपन 2026

❒ **आयोजन:** जिनेवा, स्विट्जरलैंड (17-23 मई 2026)

❒ **पुरुष युगल वर्ग**

- **स्वर्ण:** रोमेन अर्नेओडो (मोनाको) और मार्क पोलमैन्स (ऑस्ट्रेलिया)
- **रजत: <u>युकी भाम्ब्री (भारत)</u> और माइकल वीनस (न्यूजीलैंड)**

## *<u>आइस हॉकी</u>*

### IIHF अंडर-18 एशिया कप 2026

❒ **आयोजन:** बिश्केक, किर्गिस्तान, (27 अप्रैल-3 मई)

❒ **विजेता:** स्वर्ण - उज्बेकिस्तान, रजत - किर्गिस्तान, कांस्य - मंगोलिया

❒ **भारत का प्रदर्शन:**

- भारत ने मकाऊ पर 8-1 की जीत हासिल की एवं पदक तालिका में पांचवां स्थान हासिल किया।
- गुरतेज भट्टी 13 गोल के साथ अग्रणी गोल स्कोरर और उन्हें भारत का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित किया गया।

## *<u>सॉफ्ट हॉकी</u>*

### दक्षिण एशियाई सॉफ्ट हॉकी चैंपियनशिप-2026

❒ **आयोजन:** काठमांडू, नेपाल (20-22 मई)

❒ **पुरुष फाइनल:** भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 7-0 से हराकर चैंपियनशिप जीती।

- कप्तान: लखन मोरे (महाराष्ट्र)
- साहिल सकपाल - हैट्रिक, विजय राय - 2 गोल

❒ **महिला फाइनल:** भारत ने नेपाल को 6-0 से हराकर चैंपियनशिप जीती।

- कप्तान: डी. कीर्तिगा (पुडुचेरी)
- नंदिता शर्मा - 4 गोल
- टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी = 8 गोल

❒ **राजस्थान का खिलाड़ी-**

- कृष्ण स्वामी, सूरतगढ़ (पुरुष टीम में)
- टीम कोच: कपिल शर्मा, रायसिंहनगर, राजस्थान
- भारतीय टीम की टूर्नामेंट से पहले की तैयारी और प्रशिक्षण शिविर जयपुर स्थित द्रोणाचार्य अकादमी में आयोजित किया गया था।

## *<u>हॉकी</u>*

### भारत-ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 द्विपक्षीय हॉकी सीरीज 2026

❒ **आयोजन:** उद्धव दास मेहता (भाई जी) सेंट्रल SAI सेंटर, भोपाल, मध्य प्रदेश

❒ **पुरुष वर्ग**

- सीरीज बराबर (1-1)
- कप्तान: केतन कुशवाहा

❒ **महिला वर्ग**

- ऑस्ट्रेलिया की जीत (3-1)
- कप्तान: स्वीटी कुजुर

## *<u>शतरंज</u>*

### सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट 2026, पोलैंड

❒ **आयोजन:** वारसॉ, पोलैंड, 5-10 मई, 2026

❒ **टूर्नामेंट पुरस्कार राशि:** 2,00,000 अमेरिकी डॉलर

❒ **कुल खिलाड़ी:** 5 टूर खिलाड़ी + 5 वाइल्डकार्ड (डी गुकेश; वाइल्डकार्ड)

❒ **विजेता:** प्रथम स्थान: हैंस नीमन, द्वितीय स्थान: फैबियानो कारुआना, तृतीय स्थान: वेस्ली सो

❒ **भारत का प्रदर्शन:** गुकेश डोम्माराजू ने छठा स्थान प्राप्त किया।

### 2026 सुपर चेस क्लासिक रोमानिया

❒ **आयोजन:** बुखारेस्ट, रोमानिया (12-24 मई 2026)

❒ **प्रतिभागी:** 10 खिलाड़ी, जिनमें नौ पूर्ण टूर खिलाड़ी और एक वाइल्डकार्ड खिलाड़ी शामिल हैं

❒ **विजेता**

1st ग्रैंडमास्टर विंसेंट कीमर (जर्मनी)

2nd फैबियानो कारुआना

3rd जावोखिर सुंदरोव

7th अनीश गिरी

8th आर. प्रज्ञाननंद

## कॉमनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप 2026-27

- **आयोजन:** कलुतारा, श्रीलंका (16-26 मई 2026)
- **आयोजक:** भारतीय शतरंज फेडरेशन।
- कॉमनवेल्थ शतरंज चैंपियनशिप के सदस्य देश: 53 देश

| प्रारूप | स्वर्ण पदक | रजत पदक | कांस्य पदक |
|---|---|---|---|
| क्लासिकल | मित्रभा गुहा (भारत) | रानिन्दु लियानगे (श्रीलंका) | श्रीहरि एल आर (भारत) |
| रेपिड | पी. इनियान (भारत) | श्रीहरि एल आर (भारत) | मित्रभा गुहा (भारत) |
| ब्लिट्ज | पी. इनियान (भारत) | रोहित कृष्णा (भारत) | श्रीहरि एल आर (भारत) |

# तीरंदाजी

## तीरंदाजी विश्व कप चरण-2 (2026)

- **आयोजन:** शंघाई, चीन, 5-10 मई 2026
- **भारतीय महिला रिकर्व टीम:**
  - स्वर्ण: <u>अंकिता भाकत, दीपिका कुमारी, कुमकुम अनिल मोहद</u>
    - चीन को हराकर स्वर्ण पदक जीता
  - **रजत:** युवेई हुआंग, क्यूई यू, जिंगयी झू, (चीन)
  - **कांस्य:** चेयॉन्ग कांग, युंजी ली, येजिन ओह, (दक्षिण कोरिया)
  - **नोट:** भारत ने सेमीफाइनल में 10 बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराया।
- **साहिल जाधव (महाराष्ट्र)-व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा**
  - कांस्य पदक जीता।
  - **कांस्य पदक** के प्लेऑफ में मार्टिन डैम्सबो (डेनमार्क) को हराकर टूर्नामेंट में भारत का पहला पदक हासिल किया।
  - **स्वर्ण:** सेबेस्टियन एफ गार्सिया, मेक्सिको
  - **रजत:** निकोलस जी गिरार्ड, फ्रांस
- **सिमरनजीत कौर (पंजाब)-व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा**
  - कांस्य पदक के मुकाबले में उन्हें कोरियाई खिलाड़ी जांग मिन्ही जांग ने हराया।
  - वह चौथे स्थान पर रहीं।

# शूटिंग

## ISSF विश्व कप शॉटगन, 2026

- **आयोजन:** अल्माटी, कजाकिस्तान, 02 - 11 मई 2026
- **रैंकिंग:** 1. इटली 2. ऑस्ट्रेलिया 3. कजाकिस्तान **10th भारत**

**भारत का प्रदर्शन**

- **कांस्य पदक: नीरू ढांडा और विवान कपूर ने ट्रैप मिश्रित स्पर्धा** (स्कोर-24/30)
  - **स्वर्ण पदक:** फाइनल में चीनी ताइपे के कुन-पी यांग और वान-यू लियू ने विश्व रिकॉर्ड 36/40 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।
  - **रजत पदक:** माउरो डी फिलिपिस और सिल्वाना मारिया स्टैंको (इटली)।

# क्रिकेट

## ICC पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग

- भारत ने शीर्ष स्थान बरकरार रखा; 275 रेटिंग अंक
  - भारत लगातार तीन वर्षों से नंबर 1 पर है।
- 2. इंग्लैंड; 262
- 3. ऑस्ट्रेलिया; 258 रेटिंग अंक।
- नवीनतम रैंकिंग में मई 2025 से खेले गए मैचों को पूर्ण महत्व दिया गया है, जबकि पिछले दो वर्षों के मैचों को 50% भार दिया गया है।

# स्क्वैश

## एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वैश चैंपियन 2026

- **आयोजन:** पान्झीहुआ, चीन।
- **भारत:** 1 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य।
- **बॉयज अंडर-19 वर्ग:** आर्यवीर दीवान ने फाइनल में दक्षिण कोरिया के जोंगह्योक ली को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

- वह एशियाई बॉयज अंडर-19 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले केवल चौथे भारतीय बने।

- **रजत पदक:**
  - शिवेन अग्रवाल (बॉयज अंडर-17), अनिका दुबे (गर्ल्स अंडर-17), अमर्या बजाज (बॉयज अंडर-13)
- **कांस्य पदक:** लोकेश सुब्रमणि (बॉयज अंडर-17), अभ्युदय अरोरा (बॉयज अंडर-13), और शनाया पारसरामपुरिया और दिव्यांशी जैन (गर्ल्स अंडर-13 वर्ग)।
- **नोट:** स्क्वैश लॉस एंजिल्स में होने वाले 2028 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में पहली बार शामिल होगा।

### तीसरी HCL राष्ट्रीय युगल चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** चेन्नई, 13-16 मई 2026
- **आयोजक:** स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (**SRFI**), एचसीएल टेक्नोलॉजीज के सहयोग से
- **विजेता:**
  - **महिला टीम:** जोशना चिनप्पा और रथीका सीलन
  - **पुरुष टीम:** अभय सिंह और वी. सेंथिलिकुम
  - **मिश्रित टीम:** वी. सेंथिलिकुम और जोशना चिनप्पा
- यह टूर्नामेंट 18 से 21 जून तक मलेशिया में आयोजित होने वाली दूसरी एशियाई युगल चैंपियनशिप के लिए राष्ट्रीय चयन कार्यक्रम के रूप में।

## वुशु

### 11वाँ सांडा (वुशु) विश्व कप 2026

- **आयोजन:** मकाऊ, चीन (11-16 मई)
- **भारत का प्रदर्शन:** 2 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक।
- **स्वर्ण:** 1. शिवानी (75 कि.ग्रा.) (BSF) 2. अपर्णा (52 कि.ग्रा.)
- **रजत:** भारतीय वायु सेना के कुशल कुमार (48 कि.ग्रा.)
- **कांस्य:** 1. करीना कौशिक (SSB), 2. सागर धैया (ITBP)।

## *टेबल टेनिस*

### विश्व टेबल टेनिस प्रतियोगिता टूर्नामेंट 2026

- **आयोजन:** लागोस, नाइजीरिया, (19-24 मई 2026)
- **पुरस्कार राशि:** 1,00,000 अमेरिकी डॉलर

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| पुरुष एकल | एंडर्स लिंड (डेनमार्क) |
| महिला एकल | सत्सुकी ओडो (जापान) |
| पुरुष युगल | मानव ठक्कर और मानुष शाह (भारत) को हराया<br>यूलियन चिरिटा और आंद्रेई इस्ट्रेट (रोमानिया) |
| महिला युगल | रीना एसो (जापान) और जू चेओनहुई (कोरिया) |
| मिश्रित युगल | मानुष शाह और दीया चितले (भारत) ने लियो डी नोड्रेस्ट और केमिली लुत्ज (फ्रांस) को हराया |

### ITTF विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2026

- **आयोजन:** वेम्बली एरिना, लंदन (28 अप्रैल-10 मई)
- **विजेता:**
  - पुरुष टीम - फाइनल में चीन ने जापान को हराया
  - महिला टीम: फाइनल में चीन ने जापान को हराया
  - चीन ने लगातार सातवीं बार ITTF विश्व टीम चैंपियनशिप में दोनों स्वर्ण पदक जीते हैं।
  - चीन ने 24वीं बार स्वैथलिंग कप (पुरुष टीम) और कॉर्बिलन कप (महिला टीम) अपने नाम किए हैं।
- पुरुष (ऑस्ट्रिया से) और महिला (अमेरिका से) दोनों टीमों के अपने-अपने राउंड ऑफ 32 मैच हारने के बाद भारत का अभियान समाप्त हो गया।

## *कुश्ती*

### अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** दा नांग, वियतनाम (23-26 मई 2026)
- **भारत का प्रदर्शन:**
  - कुल 27 पदक जीते।
  - **महिला कुश्ती:** कुल 10 पदक; स्वर्ण (6), रजत (2), कांस्य (2)
    - स्वर्ण पदक: मुस्कान (53 कि.ग्रा.), तपस्या (57 कि.ग्रा.), भाग्यश्री (62 कि.ग्रा.), पुलकित

(67 कि.ग्रा.), मानसी (68 कि.ग्रा.) और काजल (76 कि.ग्रा.)

- **पुरुष फ्रीस्टाइल:** कुल 9 पदक = स्वर्ण (4), रजत (3), कांस्य (2)
  - अक्षय टी धीरे (57 कि.ग्रा.), विक्की (97 कि. ग्रा.), कुमार मोहित (65 कि.ग्रा.) और चंद्रमोहन (79 कि.ग्रा.)
- **ग्रीको-रोमन कुश्ती:** कुल 8 पदक; स्वर्ण (1), रजत (2), कांस्य (5)
  - स्वर्ण पदक: सुमित (63 कि.ग्रा.)

### एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप अंडर-15 और अंडर-17 2026

- **आयोजन:** ताशकेंट, उज्बेकिस्तान, (1-16 मई)

#### अंडर-15 टीम

- टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 27 पदक जीते:
  - स्वर्ण: 9, रजत: 6, कांस्य: 12
- अंडर-15 गर्ल्स टीम
  स्वर्ण: 7, रजत: 2, कांस्य: 5
- अंडर-15 बॉयज टीम
  स्वर्ण: 2, रजत: 4, कांस्य: 7
- **राजस्थान का प्रदर्शन:**
  - यश कुमार (भरतपुर धनशोटी गांव, 14 वर्ष)
    - स्वर्ण पदक जीता (33 कि.ग्रा. भार वर्ग)।
    - सायत रखिमबरदी (कजाकिस्तान) को 4-1 से हराया।
    - जूनियर वर्ग में एशियाई बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाले राजस्थान के पहले बॉक्सर बने।

#### अंडर-17 टीम

- कुल पदक: 17 = स्वर्ण: 2, रजत: 7, कांस्य: 8
  - स्वर्ण: राखी (46 कि.ग्रा.) और नव्या (57 कि.ग्रा.)
- अंडर-17 गर्ल्स
  - 12 पदक = स्वर्ण: 2, रजत: 6, कांस्य: 4
- अंडर-17 बॉयज
  - 5 पदक = रजत: 1, कांस्य: 4

## गोल्फ

### PGA चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** एरोनिमिंक, पेन्सिलवेनिया, USA (11-17 मई)
- एरोन राय (ब्रिटिश) PGA चैंपियनशिप जीतने वाले दूसरे भारतीय मूल के गोल्फर बने। विजेता को रोडमैन वानामेकर ट्रॉफी से सम्मानित किया जाता है।
  - पहले विजेता विजय सिंह (फिजी) थे।
  - उप-विजेता: जॉन रहम (स्पेन), एलेक्स स्मैली (अमेरिका)- संयुक्त रूप से।
- राय 107 वर्षों में खिताब जीतने वाले पहले ब्रिटिश गोल्फर बने। (पहले-जिम बार्न्स)
- **चार प्रमुख पुरुष चैंपियनशिप**
  - मास्टर्स टूर्नामेंट: 9-12 अप्रैल 2026
  - PGA चैंपियनशिप
  - US ओपन: 18-21 जून 2026
  - ओपन चैंपियनशिप: 16-19 जुलाई 2026

## फुटबॉल

### AFC अंडर-17 महिला एशियाई कप- 2026

- **आयोजन:** सूजौ, चीन।
- **चैंपियन:** उत्तर कोरिया (DPR कोरिया) ने फाइनल में जापान को हराया।
- भारत ने लेबनान को 4-0 से हराकर पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
  - गोल: प्रितिका बर्मन, अल्वा देवी सेन्जाम, जोया।
- क्वार्टर फाइनल में भारत को चीन ने 0-3 से हराया।
  - इसके साथ ही चीन ने फीफा अंडर-17 विश्व कप मोरक्को 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली।
- **मुख्य कोच:** पामेला कोंटी
- **कप्तान:** एलिजाबेद लकरा।
- **नोट:** भारत ने 2005 के बाद पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के नॉकआउट राउंड में प्रवेश किया।
- **मुन्नी भांभू (राजस्थान)**

- वह इस टीम की गोलकीपर थीं।
- वह राजस्थान के बीकानेर जिले के नोखा तहसील के धिंगसारी की रहने वाली हैं।

## इंडियन महिला लीग 2025-26

- **फेज-II अवधि:** 27 अप्रैल-18 मई 2026
- **विजेता:** ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब (एफसी)
    - फाइनल में टीम ने नीता फुटबॉल अकादमी को 2-0 से हराया। दोनों गोल सौम्या गुगुलोथ (मैन ऑफ द मैच) ने किए।
    - ईस्ट बंगाल ने लगातार दूसरी बार खिताब जीता।
    - फाइनल मैच: ईस्ट बंगाल ग्राउंड, कोलकत्ता
- **उपविजेता:** सेथु एफसी
- **शीर्ष स्कोर**

| रैंक | खिलाड़ी | टीम | स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1. | फाजिला इकवापुत | ईस्ट बंगाल एफसी | 20 |
| 2. | प्यारी जाक्सा | नीता फुटबॉल अकादमी | 13 |
| 3. | सौम्या गुगुलोथ | ईस्ट बंगाल एफसी | 10 |

## इंडियन सुपर लीग 2025-26

- **अवधि:** 14 फरवरी-21 मई 2026
- **फाइनल मैच :** किशोर भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता
- **विजेता:** ईस्ट बंगाल FC ने इंटर काशी को 2-1 से हराया
    - पहला ISL चैंपियनशिप खिताब।
- **गोल्डन बूट विजेता:** यूसुफ अजेजारी (ईस्ट बंगाल) = सर्वोच्च गोल (11)
- **गोल्डन बॉल:** मिगुएल फिगुएरा (ईस्ट बंगाल FC)
- **गोल्डन ग्लव:** ऋतिक तिवारी (FC गोवा)
- यह चौथी बार है जब ईस्ट बंगाल ने भारत की शीर्ष स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप जीती है।
- **कुल प्रतिभागी टीमें:** 14
- यह पहली बार था कि ISL में चैंपियन का फैसला करने के लिए प्लेऑफ या फाइनल नहीं हुआ। लीग चरण के बाद तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को चैंपियन घोषित किया गया।

## स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट 2026

- **अवधि:** 2-27 मई
- **फाइनल मैच:** नारायणपुर, छत्तीसगढ़
- **चैंपियन:** मिजोरम
- **उप-विजेता:** केरल
- नोट: **इस टूर्नामेंट में राजस्थान के चौथे मैच में मेघालय ने राजस्थान टीम को 3-0 से हराया।**
    - कप्तान: शिवम, उप-कप्तान: जितेंद्र कुमार

## कोपा इटालिया 2025-26 (इटैलियन फुटबॉल कप)

- चैंपियन: इंटर मिलान (10वीं बार), उप-विजेता: एस. एस. लाजियो

## स्पेनिश ला लेगा

- विजेता: बार्सिलोना (29वीं बार)
    - कोच: हांसी फ्लिक
- उप-विजेता: रियल मैड्रिड
- सीजन का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: लामिन यामल, बार्सिलोना

## डीएफबी-पोकल 2025-26 (जर्मन कप)

- फाइनल मैच: ओलंपियास्टेडियन, बर्लिन
- चैंपियन: बायर्न म्यूनिख ने रिकॉर्ड 21वीं बार टूर्नामेंट जीता।
    - इंग्लैंड राष्ट्रीय टीम के कप्तान हैरी केन ने दूसरे हाफ में हैट्रिक बनाई।
- उपविजेता: वीएफबी स्टटगार्ट (टूर्नामेंट के मौजूदा चैंपियन)।

## इंग्लिश प्रीमियर लीग (EPL) 2025-26

- **चैंपियन:** आर्सेनल FC
    - आर्सेनल ने यह खिताब चौथी बार जीता है। (पिछली बार 2001-02 में)
- **उपविजेता:** मैनचेस्टर सिटी
- गोल्डन बूट पुरस्कार: एर्लिंग हालैंड, मैनचेस्टर सिटी (27 गोल)
    - उन्होंने यह खिताब तीसरी बार जीता (2022-23 और 2023-24)।

## विविध खेल

### दूसरा पेटैंक ट्रांसप्लांट एशियन ओपन चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** बैंकॉक, थाईलैंड, (29 अप्रैल-3 मई)
- **भागीदार देश:** 9 देश
- भारत का प्रदर्शन: 6 पदक
  - प्रतिभागी: 12 खिलाड़ी
- **राजस्थान का प्रदर्शन:**
  - भवानी सिंह - पेटैंक युगल (राष्ट्रीय श्रेणी) में रजत पदक
  - हर्षवर्धन सिंह - एशियाई श्रेणी में कांस्य पदक
  - मुजाहिद नकवी - राष्ट्रीय श्रेणी में कांस्य पदक

# राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय टूर्नामेंट

### 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप 2026

- **पिस्टल इवेंट:** डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली (28 अप्रैल - 14 मई)

  राइफल इवेंट: मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग रेंज, भोपाल (2-15 मई)
- **आयोजक:** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (NRAI)
- **राजस्थान का प्रदर्शन**
  - अंजलि शेखावत ने 10 मीटर एयर पिस्टल महिला स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
  - **50 मीटर राइफल 3 पोजीशन महिला टीम स्पर्धा**
    - कांस्य पदक: मानिनी कौशिक, मोनिका जाखड़ (जयपुर) और कृतिराज राठौड़
  - अभिषेक सैनी ने फाइनल में 241.1 के स्कोर के साथ जूनियर पुरुष वर्ग (10 मीटर एयर पिस्टल) का खिताब जीता।
  - योगेश कुमार खीचड़ ने 5 पदक जीते।
  - राजस्थान के देवेंद्र फरसवाल ने युवा पुरुष स्पर्धा में जीत दर्ज की।
  - **10 मीटर पिस्टल पुरुष टीम**
    - रजत पदक - योगेश कुमार, संदीप बिश्नोई
  - **10 मीटर पिस्टल उप-युवा पुरुष**
    - रजत पदक - देवेंद्र फरसवाल

### 5वीं एलीट राष्ट्रीय शारीरिक रूप से विकलांग टी20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** स्पोर्ट्स गार्डन क्रिकेट ग्राउंड, बेंगलुरु, कर्नाटक (17-24 मई 2026)
- **आयोजक:** कर्नाटक राज्य दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन (KSDCA), शारीरिक रूप से विकलांग क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (DCCI) का संस्थापक सदस्य संघ) के द्वारा।
- **भागीदारी:** 12 राज्य टीमें
- **विजेता:** उत्तर प्रदेश (कप्तान: राहुल सिंह) ने फाइनल में मौजूदा चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराया।

### जर्नलिस्ट प्रीमियर लीग 2026

- **आयोजक:** पत्रकार कल्याण ट्रस्ट और यूनियन प्रेस क्लब द्वारा 10 अप्रैल - 3 मई, 2026 तक।
- **फाइनल मैच:** ताऊ देवीलाल स्टेडियम, पंचकुला, हरियाणा।
- **विजेता:** राजस्थान (कप्तान: **मुकेश मीणा**)।
  - राजस्थान ने हिमाचल प्रदेश को हराकर जीत हासिल की।
- मैच और सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: सतीश कुमावत।

### के. एम. रुंगटा ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट 2026

- **आयोजक:** जयपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन (JDCA)
- **चैंपियन:** जयपुर A टीम
- **उपविजेता:** जयपुर B टीम
- **व्यक्तिगत पुरस्कार एवं सम्मान:**
  - सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज: आदित्य झाला
  - सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज: आदित्य टैंक
  - मैन ऑफ द सीरीज: गौरव साल्वी
- BCCI चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय किशन रुंगटा की स्मृति में आयोजित

## 31वीं राजस्थान राज्य जूनियर-जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप

- **आयोजन:** पटेल स्टेडियम, अजमेर (23-26 मई 2026)
- **उद्घाटन:** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी
- **आयोजक:** अजमेर जिला हैंडबॉल एसोसिएशन
- **भागीदारी:** 40 टीमें [लड़कों की श्रेणी में 24, लड़कियों की श्रेणी में 16]
- विजेता
  - **बॉयज फाइनल:** स्वर्ण-श्रीगंगानगर, रजत- बीकानेर, कांस्य- जयपुर
  - **गर्ल्स फाइनल:** स्वर्ण-श्रीगंगानगर, रजत- भीलवाड़ा, कांस्य- जयपुर
  - **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (बॉयज श्रेणी):** यश यादव (जयपुर)
  - **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (गर्ल्स श्रेणी):** अशनूर (श्री गंगानगर)
    - दोनों सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्व. अमृत कुमार नाटा और स्व. इरफान अली गौर की स्मृति में राज्य हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा रु. 1,500 के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## 8वीं भारतीय ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन स्थल:** कांतीरवा स्टेडियम, बेंगलुरु (25-28 मई 2026)

| खिलाड़ी/राज्य | स्पर्धा एवं श्रेणी | प्रदर्शन |
|---|---|---|
| मोहम्मद बेसिल (केरल) | पुरुषों की 100 मीटर दौड़ (T47) | 10.63 सेकंड |
| हैनी (हरियाणा) | पुरुषों की डिस्कस थ्रो (F37) | 54.03 मीटर |
| शर्मिला (हरियाणा) | महिलाओं की शॉट पुट (F57) | 9.86 मीटर |

## राजस्थान राज्य अंडर-7 शतरंज चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** झालावाड़
- **पुरस्कार राशि:** विजेता: रु. 2,100, उप-विजेता: रु. 1,500, तीसरा पुरस्कार: रु. 1,000

| ओपन बॉयज कैटेगरी | |
|---|---|
| पदक | चैंपियन |
| स्वर्ण | चार्विक शर्मा (जयपुर) |
| रजत | रमणीक सिंह सलूजा (उदयपुर) |
| कांस्य | समरिथ माहेश्वरी (भीलवाड़ा) |
| गर्ल्स कैटेगरी | |
| स्वर्ण | एकांशी चंदेल (जयपुर) |
| रजत | विहाना गोखरी (उदयपुर) |
| कांस्य | विन्या अग्रवाल (अलवर) |

## पंच गौरव योजना (एक जिला एक खेल) कबड्डी टूर्नामेंट

- **फाइनल मैच:** चौगान स्टेडियम, जयपुर।

| श्रेणी | खंड | विजेता (ब्लॉक) | उपविजेता (ब्लॉक) |
|---|---|---|---|
| 15 वर्ष से कम | बॉयज<br>गर्ल्स | जमवा रामगढ<br>चाकसू | जोबनेर<br>माधोराजपुरा |
| 19 वर्ष से कम | बॉयज<br>गर्ल्स | जयपुर<br>रामपुरा डाबड़ी | बस्सी<br>जयपुर |
| 25 वर्ष से कम | बॉयज<br>गर्ल्स | शाहपुरा<br>चौमू | दूदू<br>माधोराजपुरा |
| 25 वर्ष से अधिक | बॉयज<br>गर्ल्स | चौमू<br>रामपुरा डाबड़ी | बस्सी |

## 45वीं सब-जूनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप (अंडर-17)

- **आयोजन:** एनटीआर स्टेडियम, महबूबाबाद, तेलंगाना, (12-14 मई, 2026)।
- टीम का चयन जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर किया गया था।
- **गर्ल्स वर्ग:**

  स्वर्ण: हरियाणा

  **रजत: राजस्थान (कप्तान: चंचल जांगिड़)**

  कांस्य: महाराष्ट्र
- **बॉयज वर्ग**

  स्वर्ण: उत्तर प्रदेश, रजत: गुजरात, कांस्य: पश्चिम बंगाल।
- **बॉयज वर्ग राजस्थान (कप्तान: खुशालसिंह शेरावत)** क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश से हारकर बाहर हो गया।

## 45वीं राजस्थान सब-जूनियर राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप 2026 (अंडर-17)

- स्थान: वीणा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुरसागर, जोधपुर।
- **लड़कियों का वर्ग**

  1st जयपुर 2nd अजमेर 3rd भीलवाड़ा
- **लड़कों का वर्ग**

  1st जयपुर 2nd गंगानगर 3rd भीलवाड़ा

## 5th जूनियर एवं सीनियर वेस्ट जोन रोलबॉल चैंपियनशिप 2025-26

- **आयोजन:** रयान इंटरनेशनल स्कूल, उदयपुर, राजस्थान
- **अवधि:** 2-3 मई 2026

| श्रेणी | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|
| जूनियर बॉयज | राजस्थान | गुजरात | महाराष्ट्र |
| जूनियर गर्ल्स | महाराष्ट्र | राजस्थान | गुजरात |
| वरिष्ठ पुरुष | गुजरात | राजस्थान | |
| वरिष्ठ महिलाएँ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान |

## एस.एम. कृष्णा मेमोरियल ओपन ATP चैलेंजर 50 (2026)

- **आयोजन:** एस.एम. कृष्णा टेनिस स्टेडियम, बेंगलुरु
- **अवधि:** 18-23 मई 2026
- **एकल विजेता:** रूसी खिलाड़ी पेट्र बार बिरयुकोव ने अपना पहला चौलेंजर एकल खिताब जीता।
- **युगल विजेता:** भारतीय जोड़ी मुकुंद शशिकुमार और आदिल कल्याणपुर विजयी रहे।

## 47वीं अखिल भारतीय इलेक्ट्रिसिटी बास्केटबॉल, कुश्ती, कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता

- **आयोजन:** बालेवाड़ी स्टेडियम, पुणे (महाराष्ट्र)
- **अवधि:** 6-10 मई 2026
- **मेजबान:** महाराष्ट्र पावर
- **खेल श्रेणियाँ:** बास्केटबॉल, कुश्ती, कबड्डी (पुरुष और महिला) और खो-खो (पुरुष और महिला)
- **राजस्थान का प्रदर्शन:**
  - **प्रतिनिधि:** राजस्थान का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल जिसमें 6 टीमों के 47 खिलाड़ियों ने भाग लिया।
  - **सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट:** उद्घाटन समारोह के दौरान, पवन शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान दल को **'सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट ट्रॉफी'** से सम्मानित किया गया।
  - **प्रथम उपस्थिति:** यह पहली बार है जब राजस्थान ने इस प्रतियोगिता में बास्केटबॉल और खो-खो (पुरुष), साथ ही कबड्डी और खो-खो (महिला) में टीमें उतारी।
- **ऑल ओवर परिणाम**

**खो-खो (पुरुष और महिला):**

- महिला टीम: 1st. महाराष्ट्र 2nd राजस्थान 3rd गुजरात
- **सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर-पूनम पिलानिया (राजस्थान) (कप्तान)**
- पुरुष टीम: 1st महाराष्ट्र 2nd हरियाणा 3rd राजस्थान

**बास्केट बॉल**

- पुरुष टीम: 1st पंजाब 2nd हरियाणा 3rd महाराष्ट्र

**कुश्ती**

- 1st महाराष्ट्र 2nd हरियाणा 3rd हिमाचल
- दीपक कुमार (86 किग्रा): स्वर्ण - जयपुर डिस्कॉम

**कबडडी**

- पुरुषों टीम: 1st महाराष्ट्र 2nd हिमाचल 3rd हरियाणा
- महिला टीम: 1st हिमाचल

2nd महाराष्ट्र (महाडिस्कॉम) MahaDiscom

3rd महाराष्ट्र (महाजेनको) Mahagenco

## अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशु चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर (4-9 मई, 2026)
- **राजस्थान का प्रदर्शन:**
  - राजस्थान विश्वविद्यालय ने कुल 8 पदक जीते (5 रजत और 3 कांस्य)।
  - **रजत पदक:** भानु प्रताप परीक (कियांशु), तनीशा महावर (चांगक्वान), महिमा चौधरी (पारंपरिक गैर-प्रकार), गोरंग सैनी (विंग चुन), वैदेही परीक (लचीला हथियार)

- **कांस्य पदक:** वैदेही परीक (पारंपरिक गैर-प्रकार), पीयूष मेहरा (ताइजीक्वान) और पूजा (सांडा, 70 कि.ग्रा. भार वर्ग)।

### राजस्थान राज्य फेंसिंग चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** केकड़ी, अजमेर (7-10 मई, 2026)
- **आयोजक:** राजस्थान राज्य फेंसिंग एसोसिएशन
- **श्रेणी:** सीनियर, जूनियर, जूनियर अंडर 20, कैडेट अंडर 17, सब जूनियर अंडर 14 (बॉयज और गर्ल्स)।
  - **जयपुर ने 6 स्वर्ण पदक जीते।**
- लगभग 100 खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।
- **श्रेणी:** फॉइल, एपि और सेबर।
- तलवारबाजी उन पांच खेलों में से एक है जो 1896 में आयोजित पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों से ही ओलंपिक खेलों का स्थायी हिस्सा रहे हैं।

### राजस्थान प्रथम राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2026

- **मेजबान:** अजमेर (20-24 मई 2026)
- श्रेणी के अनुसार शीर्ष दो (प्रथम एवं द्वितीय) स्थान धारक:
  - पुरुष युगल: हर्षवर्द्धन-भावित, राहुल-तुषार।
  - महिला युगल: मनीषा-आर्ना, राधिका-समृद्धि।
  - मिश्रित युगल: सौरभ-नंदिनी, राहुल-ख्याति।
  - पुरुष एकल: आरव आचार्य (रजत पदक)।
  - महिला एकल: राधिका सोनी (रजत पदक)।
  - अंडर-19 बालक: अरिजय कुच्छल, हर्षवर्द्धन कुच्छल।
  - अंडर-19 बालिका: समृद्धि व्यास, राधिका सोनी।
  - अंडर-17 लड़के: आरव आचार्य, तुषार रामचंदानी।
  - अंडर-17 बालिका:राधिका सोनी, आरना साहनी।
  - अंडर-15 लड़के: समृद्ध बागदा (स्वर्ण पदक)।
  - अंडर-15 बालिका: आरना साहनी, मानविका सिंह।
  - अंडर-13 बालक: दक्ष सोनी, आरव साहनी।
  - अंडर-13 बालिका: आरना साहनी (स्वर्ण पदक)।
  - अंडर-11 बालक: तरूण शर्मा, मानविक शर्मा।

### पांचवीं राजस्थान राज्य सब जूनियर (अंडर 15) बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** अलवर, राजस्थान
- **अवधि:** 22-24 मई 2026
- **मुख्य अतिथि:** राज्य वन मंत्री श्री संजय शर्मा
- **गर्ल्स वर्ग**
  - विजेता: 1. अलवर 2. कोटा
  - सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज: आरिका सिंह (कोटा)
  - सर्वश्रेष्ठ चैलेंजर मुक्केबाज: प्रियांशी (हनुमानगढ़)
  - सर्वश्रेष्ठ होनहार मुक्केबाज: तस्लीमा (अलवर)
- **बॉयज वर्ग**
  - **विजेता:** 1. भरतपुर 2. अलवर
  - **सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज:** यश कुमार (भरतपुर)
  - **सर्वश्रेष्ठ चैलेंजर मुक्केबाज:** वीर मारितुंजय (जयपुर)
  - **सर्वश्रेष्ठ होनहार मुक्केबाज:** युवराज कुमावत (अलवर)

# सरकारी पहल

### ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार एवं विनियमन नियम, 2026

- **लागू:** 1 मई 2026
- **उद्देश्य:** उपयोगकर्ता को सुरक्षा और उद्योग का विकास सुनिश्चित करना है।
- **कानूनी आधार:** ये नियम संसद द्वारा अगस्त 2025 में पारित ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार एवं विनियमन (PROG) अधिनियम, 2025 पर आधारित हैं।

**नियामक ढांचे के प्रमुख स्तंभ**

- ये नियम छह प्रमुख स्तंभों पर आधारित हैं।

1. **भारतीय ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण**
   b. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय
   c. मुख्यालय: दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
2. **ऑनलाइन गेम का निर्धारण**
3. **ऑनलाइन गेम का पंजीकरण**
4. **उपयोगकर्ता सुरक्षा सुविधाएँ**

5. द्वि स्तरीय शिकायत निवारण और अपीलीय तंत्र
6. दंड और प्रवर्तन

### FIBA अंडर-18 एशिया कप 2026

- FIBA क्षेत्रीय कार्यालय-एशिया ने 13 मई, 2026 को घोषणा की कि FIBA अंडर-18 एशिया कप 2026 का आयोजन 13 से 23 अगस्त, 2026 तक **अहमदाबाद, भारत** में किया जाएगा।
- यह केवल तीसरी बार होगा जब भारत द्विवार्षिक महाद्वीपीय युवा टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।
- पिछला संस्करण: बेंगलुरु (2004), कोलकाता (1998)

### तीसरी एशियाई पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप

- **संदर्भ:** अगले वर्ष प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी के लिए राजस्थान का चयन किया गया है।
- **मेजबान:** सिंघानिया विश्वविद्यालय, राजस्थान।
- **अवधि:** 18-21 मार्च 2026।
- **समझौता ज्ञापन (MoU):**
  - **दिव्यांग कर्मियों के लिए विशेष समावेशन:** बी. एल. सोनी (राजस्थान के पूर्व डीजीपी और वर्तमान में विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल, भारत चैप्टर के अध्यक्ष) के अनुसार सक्रिय ड्यूटी या खेल के दौरान लगी चोटों के कारण दिव्यांग हुए पुलिसकर्मी पुलिस खेलों में भाग ले सकते हैं।
- दूसरी एशियाई पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप, मलेशिया:
  **अरुण कुमार और निर्मला कुमारी** इस चैंपियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।
  - वे जयपुर, राजस्थान के निवासी हैं।
  - वे सिंघानिया विश्वविद्यालय, झुंझुनू में अध्ययनरत हैं।

### भारत को मिले प्रमुख एशियाई एथलेटिक्स आयोजनों के मेजबानी अधिकार

- हांगकांग में आयोजित एशियाई एथलेटिक्स एसोसिएशन (AAA) की 106वीं कार्यकारी परिषद की बैठक (27 मई, 2026) के दौरान, भारत को आधिकारिक तौर पर दो प्रमुख आगामी चैंपियनशिप की मेजबानी का अधिकार दिया गया।

### तीसरी एशियाई रिले चैंपियनशिप (2027)

- **मेजबान शहर:** चंडीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश), भारत।
- 1989 के बाद पहली बार चंडीगढ़ में किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन होगा।
  - दूसरा संस्करण: शाओक्सिंग, चीन (जून 2026)

### एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप (2028)

- **निर्धारित स्थल:** कलिंगा स्टेडियम परिसर में स्थित अत्याधुनिक इंडोर एथलेटिक्स सेंटर, भुवनेश्वर (ओडिशा), भारत।

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- कजाकिस्तान के शिमकेंट में चौथे स्थान पर रहने के बाद **भारत जूनियर डेविस कप (अंडर-16)** फाइनल के लिए क्वालीफाई कर गया।
  - भारत सेमीफाइनल में कजाकिस्तान से और तीसरे स्थान के प्लेऑफ में जापान से हार गया।
  - टीम: कोच- राणा बनर्जी, खिलाड़ी: तविश पाहवा, ऋतिक कटकम और रिभव सरोहा।
  - 16 टीमों वाले जूनियर डेविस कप फाइनल का आयोजन इस साल के अंत में मिस्र में होगा।
- राजस्थान रॉयल्स को मित्तल परिवार (लक्ष्मी निवास मित्तल और आदित्य मित्तल) ने अदार पूनावाला के साथ मिलकर लगभग 15,600 करोड़ रुपये (1.65 अरब अमेरिकी डॉलर) में खरीदा था।
  - आठ मूल आईपीएल फ्रेंचाइजी में से एक, आरआर को 2008 में मनोज बदले के स्वामित्व वाली यूके स्थित इमर्जिंग मीडिया ने 67 मिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदा था।
  - मूल प्रमोटर मनोज बदले अभी भी फ्रेंचाइजी में अल्पसंख्यक हिस्सेदारी रखते हैं।
- बैडमिंटन में, भारत की श्रीयांशी वलीशेट्टी ने चीन के बाओजी चाइना मास्टर्स में सुपर 100 स्पर्धा में महिला एकल में रजत पदक जीता। फाइनल में उन्हें आन क्यू युआन (चीन) ने हराया।

- भारत-बुल्गारिया की जोड़ी सिद्धांत बंथिया और अलेक्जेंडर डोंस्की ने पुर्तगाल में ओइरास 4 ATP चैलेंजर 100 युगल खिताब में टियागो परेरा और डेविड वेगा हर्नांडेज को सीधे सेटों में हराकर जीत हासिल की।
- बीकानेर ने फाइनल मैच में रेनवाल टीम को 13 रनों से हराकर बारी प्रीमियर लीग क्रिकेट खिताब जीता, जबकि सुरेंद्र बारी (पिंक सिटी रॉयल्स) को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।
- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) की तदर्थ समिति ने राज्य के सभी आयु वर्गों के सभी पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए यात्रा भत्ता (TA) और दैनिक भत्ता (DA) में 100% वृद्धि को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है।
  - **समिति के सदस्य:** संयोजक डॉ. मोहित जसवंत यादव, और सदस्य: धनंजय सिंह खिमसर, आशीष तिवारी, अर्जुन मेघवाल और अरिष्ट सिंहवी।
- **'स्टेरॉयड ओलंपिक' क्या है?** यह 'एनहैंस्ड गेम्स' (हाल ही में लास वेगास में आयोजित) के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है, जहां खिलाड़ियों को चिकित्सकीय देखरेख में प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं का खुलेआम इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाती है।
- **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बेलारूस** पर लगे सभी प्रतिबंध हटा दिए हैं। अब वे अपने राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय गीत के साथ लॉस एंजिल्स ओलंपिक के क्वालीफाइंग राउंड में भाग ले सकते हैं। रूस पर लगा प्रतिबंध लागू रहेगा।
- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) ने डेनमार्क के साथ अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट एक्सचेंज कार्यक्रम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
  - राजस्थान की अंडर-19 (पुरुष/महिला) टीमें डेनमार्क का दौरा करेंगी, जबकि डेनिश टीमें जयपुर में प्रशिक्षण लेंगी।
- राजस्थान ने आउट ऑफ टर्न नियुक्ति के तहत् अब तक 186 विजेता पदक को राज्य की सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रदान की है।
  - राज्य सरकार ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले 1,786 खिलाड़ियों को लगभग 40.12 करोड़ रु. से अधिक का अनुदान स्वीकृत किया है।
- केंद्रीय सूचना आयोग ने फैसला सुनाया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत 'सार्वजनिक प्राधिकरण' नहीं है। इसलिए, BCCI सूचना के अधिकार अधिनियम के दायरे से बाहर रहेगा।
  - यह फैसला सूचना आयुक्त पी. आर. रमेश ने सुनाया।
- इंग्लिश फुटबॉल क्लब एस्टन विला (1996 के बाद पहली बार) ने इस्तांबुल में खेले गए फाइनल में जर्मन क्लब एससी फ्रीबर्ग को 3-0 से हराकर यूरोपा लीग चैंपियन की विजेता रही।
- अल नासर ने दमाक को हराकर सऊदी प्रो लीग जीता। फाइनल मैच में रोनाल्डो ने 2 गोल किए।

# चर्चित व्यक्तित्व/खिलाड़ी

| चर्चित खिलाड़ी / व्यक्ति | विवरण / उपलब्धियाँ |
|---|---|
| राजा रणधीर सिंह (पटियाला, पंजाब)  | • हाल ही में 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया।<br>• वे एशियाई खेलों में शूटिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारत के पहले खिलाड़ी थे, जिन्होंने 1978 के बैंकॉक एशियाई खेलों में ट्रैप शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता था।<br>▪ अर्जुन पुरस्कार (1979) से सम्मानित किया गया।<br>• उन्होंने 1968 (मेक्सिको) से 1984 (लॉस एंजिल्स) तक लगातार पांच ओलंपिक खेलों में ट्रैप शूटिंग में भारत का प्रतिनिधित्व किया।<br>• एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय थे।<br>• अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC): 2001 से 2014 तक सदस्य।<br>• भारतीय ओलंपिक संघ (IOA): 1987 से 2010 तक महासचिव। |

| | |
|---|---|
| गुलवीर सिंह (उत्तर प्रदेश)<br> | • लॉस एंजिल्स में आयोजित **विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर** में दूसरा स्थान हासिल करते हुए रजत पदक जीता।<br>• पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में प्रभावशाली 13:03.93 का समय निकालकर (नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड) जीत हासिल की।<br>• इरिट्रिया के हबटॉम सैमुअल ने 12:57.23 के विश्व रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। |
| प्रणति नायक (ओडिशा) | • **"आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स एफआईजी वर्ल्ड चैलेंज कप 2026"** में महिला वॉल्ट स्पर्धा में रजत पदक (स्कोर– 13.025) जीता।<br>▪ स्वर्णः थी क्विन्ह न्हु गुयेन (वियतनाम)<br>▪ कांस्यः शाखिनाबोनू (उज्बेकिस्तान)<br>• **प्रोतिस्था समंता** (पश्चिम बंगाल): छठा स्थान (स्कोर 12.850) |
| कुलदीप कुमार (मध्य प्रदेश) | • भुवनेश्वर में आयोजित भारतीय इंडोर ओपन कंबाइंड इवेंट्स और पोल वॉल्ट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।<br>• पुरुषों के पोल वॉल्ट में 5.41 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता (पिछला रिकॉर्ड देव कुमार मीना के नाम 5.40 मीटर था)।<br>• रजत पदकः रीगन जी (5.25 मीटर) **कांस्य पदकः देव मीना (5.20 मीटर)** |
| तेजस्विन शंकर (नई दिल्ली) | • **मैनहट्टन,** कंसास में आयोजित **वार्ड हेलेट इनविटेशनल** में ऊंची कूद में 2.24 मीटर की छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल किया।<br>• पहला स्थान रोमेन बेकफोर्ड (जमैका) ने 2.30 मीटर की छलांग लगाकर प्राप्त किया, जबकि तीसरा स्थान ब्रायन राट्स (दक्षिण अफ्रीका) ने हासिल किया। |
| केटी आर्चीबाल्ड (स्कॉटलैंड) | • तीन बार की ओलंपिक पदक विजेता ने साइकिलिंग से संन्यास की घोषणा कर दी है।<br>• अपने 13 साल के लंबे करियर में उन्होंने 7 विश्व खिताबों सहित 51 प्रमुख पदक जीते। |
| राहुल द्रविड़ | • वे यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग (ETPL) में डबलिन गार्जियन के मालिक बने।<br>• सह–मालिकः अभिषेक बच्चन |
| स्वपन साधन बोस, (टूटू बाबू) , पश्चिम बंगाल | • हाल ही में उनका निधन हो गया।<br>• एफसी मोहन बागान के पूर्व अध्यक्ष।<br>• भारतीय फुटबॉल इतिहास के सबसे प्रभावशाली फुटबॉल प्रशासकों में से एक।<br>• नाइजीरियाई स्ट्राइकर चिमा ओकोरी, जो आगे चलकर भारत में खेलने वाले सबसे प्रतिष्ठित विदेशी फुटबॉलरों में से एक बने, की टीम में नियुक्ति भी उनके प्रशासन के दौरान ही हुई थी। ओकोरी को ईस्ट बंगाल से लाया गया था।<br>• यह तब हुआ जब बोस ने केवल भारतीय खिलाड़ियों को ही टीम में शामिल करने के 100 साल पुराने क्लब नियम को बदल दिया।<br>• बोस ने अनुभवी प्रशासक धीरेन डे को हराकर मोहन बागान का नियंत्रण अपने हाथ में लिया था। |
| फ्रेडरिक सोयेज (फ्रांस) | • राष्ट्रीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के नए मुख्य कोच<br>• प्रसिद्ध गोलकीपर पी श्रीजेश का स्थान लिया<br>• इनके मार्गदर्शन में HILH जूनियर विश्व कप में टीम ने कांस्य पदक जीता।<br>• फ्रांस के लिए 196 मैच खेले हैं और तीन ओलंपिक खेलों में कोचिंग दी है। उन्होंने रियो 2016 और टोक्यो 2020 में स्पेन का मार्गदर्शन किया था, जिसके बाद वे 2024 ओलंपिक में फ्रांस की टीम की कमान संभालेंगे। |
| साक्षी चौधरी (हरियाणा) | • पटियाला में आयोजित **राष्ट्रीय बॉक्सिंग ट्रायल्स** में विश्व चैंपियन निकहत जरीन को हराया।<br>• मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को भी हराया।<br>• ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों और जापान में आयोजित एशियाई खेलों के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। |

| | |
|---|---|
| पारुल चौधरी (उत्तर प्रदेश) | • उन्होंने शंघाई में आयोजित डायमंड लीग की 3000 मीटर स्टीपलचेज प्रतियोगिता में सातवां स्थान हासिल किया।<br>• वह 9 मिनट 12.84 सेकण्ड के दूसरे सर्वश्रेष्ठ समय के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी भारतीय एथलीट बनीं। (प्रथमः पारूल स्वयं–9 मिनट 12.46 सेकण्ड) |
| अपार सक्सैना (कर्नाटक)<br>उम्र–12 साल | • हाल ही में FIDE से इंटरनेशनल मास्टर का खिताब हासिल किया।<br>• इंटरनेशनल मास्टरः ग्रैंड मास्टर (GM) के बाद शतरंज में दूसरा सबसे बड़ा खिताब।<br>• उन्होंने 5 सप्ताह के भीतर तीनों इंटरनेशनल मास्टर मानदंड और आवश्यक रेटिंग हासिल कर ली। |
| फॉस्टिनो ओरो (ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना) | • 12 साल, 6 महीने और 26 दिन की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी। (प्रथमः अभिमन्यु मिश्रा (अमेरिका)<br>• उपनामः शतरंज का मेस्सी |
| हरनाज कौर (जालंधर, पंजाब) उम्रः 8 वर्ष | • इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स 2026 में अपना नाम दर्ज कराया है।<br>• रिकॉर्डः एक बार से लटकते हुए 25 सेकंड में सफलतापूर्वक 50 हूला हूप स्पिन पूरे किए। |
| तुलसी रेड्डी पालपुनुरी (बोरमापेट गांव, हैदराबाद, तेलंगाना) | • 21 मई, 2026 को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की।<br>• इस उपलब्धि के साथ, अब तक कुल 620 भारतीयों ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की है।<br>• रेड्डी ने लगभग 8 प्रमुख चोटियों (माउंट एवरेस्ट, एकॉनकागुआ, किलिमंजारो, एल्ब्रस आदि) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की है। |
| मनस्वी अग्रवाल (उदयपुर, राजस्थान) | • मनस्वी ने विश्व की माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की।<br>• इस उपलब्धि के साथ, मनस्वी ने अब **7 महाद्वीपों में से 5 महाद्वीपों** की सबसे ऊंची चोटियों पर विजय प्राप्त कर ली है।<br>• **छत्तीसगढ़ की अमिता श्रीवास** ने भी सफलतापूर्वक पर्वतारोहण पूरा किया। |
| अरविंद चित्रंबरम (तमिलनाडु)<br> | • ई–स्पोर्ट्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं।<br>• **उन्होंने कैसे क्वालीफाई किया?**ः उन्होंने ड्रीमहैक अटलांटा में आयोजित रोड टू EWC क्वालीफायर जीतकर अपना स्थान सुनिश्चित किया। इस जीत ने उनकी टीम, S8UL को ई–स्पोर्ट्स विश्व कप (EWC) 2026 में तीसरा स्थान दिला दिया।<br>• ई–स्पोर्ट्स विश्व कप 2026 (शतरंज प्रतियोगिता)।<br>▪ अवधि : 6 जुलाई से 23 अगस्त, 2026।<br>• स्थानः **पेरिस, फ्रांस।**<br>• युद्ध की चिंताओं के बीच हाल ही में इस प्रतियोगिता का स्थान सऊदी अरब के रियाद से पेरिस स्थानांतरित किया गया है। |
| प्रियंका गोस्वामी<br>(उत्तर प्रदेश) | • प्रियंका ने बर्लिन रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में 43:49 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।<br>• रेस वॉकर ने यह पदक 1972 के बर्लिन ओलंपिक में 20 किलोमीटर रेस वॉक स्पर्धा के चैंपियन पीटर फ्रेंकेल से प्राप्त किया। |
| बिली जीन किंग (USA) | • बिली जीन किंग ने 61 साल बाद कॉलेज में वापसी करने के बाद 82 वर्ष की आयु में कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी से इतिहास में स्नातक की उपाधि प्राप्त की।<br>• 39 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतेः 12 महिला एकल, 16 महिला युगल और 11 मिश्रित युगल। |

| | |
|---|---|
| विजय शंकर<br>2019 विश्व कप में '3D' ऑलराउंडर के रूप में मशहूर। | • घरेलू क्रिकेट के सभी प्रारूपों और इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से संन्यास की घोषणा कर दी है।<br>• वर्ष 2012 में तमिलनाडु के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने 77 प्रथम श्रेणी मैचों में 4253 रन बनाए और 43 विकेट लिए।<br>• वर्तमान में वे लंका प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं। |
| अंकित और जयेश पाटिल | • राष्ट्रीय डोपिंग एजेंसी ने उन पर 3 साल का प्रतिबंध लगा दिया है।<br>• कारणः उनके डोपिंग परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया था।<br>• सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के अंकित ने 69वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में तीसरा स्थान प्राप्त किया।<br>• जयेश पाटिल ने इस स्पर्धा में पांचवां स्थान हासिल किया। |
| स्टेन वावरिंका, टेनिस खिलाड़ी, स्विट्जरलैंड | • अंतरराष्ट्रीय टेनिस से संन्यास ले लिया है।<br>• उनका आखिरी मैच फ्रेंच ओपन में था, जिसमें उन्हें डच खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग ने हराया था।<br>• वे तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। |
| तदेज पोगाकर (स्लोवेनिया) | • बेल्जियम में लगातार तीसरी और कुल मिलाकर चौथी बार लीज–बास्तोग्ने–लीज साइकिलिंग खिताब जीता।<br>• उन्होंने 260 किलोमीटर की कठिन दौड़ 5 घंटे 50 मिनट में पूरी करके फ्रांस के पॉल सेइक्सस को 45 सेकंड से हराया। |
| वीरेंद्र सचदेवा | • विश्व तीरंदाजी संघ द्वारा राष्ट्रमंडल खेलों की समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है।<br>• यह समिति राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यक्रम में तीरंदाजी को शामिल करने के लिए काम करती है।<br>• वर्तमान में वे भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI) के महासचिव और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हैं। |
| बलदेव सिंह (पंजाब) | • हाल ही में उन्हें **पद्म श्री** से सम्मानित किया गया।<br>• **हरियाणा** के प्रसिद्ध **शाहबाद मार्कंडा हॉकी नर्सरी के निर्माता**, जिसने 80 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और 8 राष्ट्रीय कप्तान तैयार किए हैं।<br>• वर्ष 2009 में उन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। |
| सुमित अंतिल, पैरा एथलीट (हरियाणा) | • बेंगलुरु में आयोजित 8वीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स इंटरनेशनल चैंपियनशिप में 74.82 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने नया विश्व रिकॉर्ड बनाया (उन्होंने अपना ही 73.29 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ा)।<br>• उन्होंने इस चैंपियनशिप में F64 वर्ग के भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता।<br>• रजत पदक : संदीप सरगर (महाराष्ट्र) चैंपियनशिप |
| रोहित राजपाल | • डेविस कप के कप्तान रोहित राजपाल को आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत का शेफ डी मिशन नियुक्त किया गया है।<br>• रवि बेंगानी उप–शेफ डी मिशन के रूप में कार्यभार संभालेंगे। |
| मानव शाह | • भारतीय–अमेरिकी गोल्फर मानव शाह ने न्यूयॉर्क में होने वाले आगामी यूएस ओपन में अपनी जगह पक्की कर ली है, जो किसी मेजर चैंपियनशिप में उनका पहला मैच होगा। |
| आफरीन जबी (मिदनापुर, पश्चिम बंगाल) | • उन्होंने 7 घंटे 5 मिनट में पाक जलडमरूमध्य को पार करने का रिकॉर्ड बनाया।<br>• इससे पहले वे इंग्लिश चौनल भी पार कर चुकी हैं। |
| डेव कजिन्स (अमेरिकी) | • भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI) ने कई बार के पूर्व विश्व चौंपियन डेव कजिन्स को **राष्ट्रीय मुख्य कंपाउंड कोच** नियुक्त किया है। |
| रुस्तम नाबिएव (रूसी) | • अपने दोनों पैर खोने के बाद, वह केवल अपने हाथों–बांहों का उपयोग करके माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए हैं। |

## राजस्थान

| चर्चित खिलाड़ी/व्यक्ति | विवरण/उपलब्धियाँ |
|---|---|
| श्याम सुन्दर स्वामी (बीकानेर) | • इन्हें **एशियाई पैरा गेम्स 2026** के लिए चुना गया है।<br>• वे तीसरी बार एशियाई स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।<br>• **आयोजनः** आइची और नागोया, जापान (**अवधिः** 18–24 अक्टूबर, 2026)।<br>• उन्होंने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। |
| राजकेश मीणा | • 2019 बैच के RAS को RSSC का नया सचिव नियुक्त किया गया है।<br>• वे राजस्थान राज्य खेल परिषद के अब तक के सबसे युवा सचिव हैं। |
| आरती बिश्नोई (गाँवः चांदूरवाली, हनुमानगढ़) | • BCCI द्वारा आयोजित अंडर–15 महिला हाई–परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कैंप के लिए चुना गया है।<br>• यह प्रशिक्षण शिविर बेंगलुरु स्थित BCCI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित किया जाएगा। |
| श्यामलाल मीना<br>(केवड़िया, बांसवाड़ा)<br> | • 25 मई 2026 को इनका निधन हो गया।<br>• वे 1988 के सियोल ओलंपिक में भारत की पहली ओलंपिक तीरंदाजी टीम के सदस्य थे।<br>• श्याम लाल मीना ने लिम्बा राम और रजत हलदर (भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम) के साथ मिलकर 1987 में कोलकाता में आयोजित एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।<br>• इसे भारतीय तीरंदाजी का पहला प्रमुख अंतरराष्ट्रीय पदक माना जाता है।<br>• उन्हें 1989 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। |
| एकाक्षी चंदेल<br>(जयपुर) | • टूर्नामेंट का एक राउंड बाकी रहते हुए अंडर–7 राज्य चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। (खेल–शतरंज)<br>• मेजबान स्थानः झालावाड़। |
| वन्दना शर्मा (साहूवाला, गंगानगर) | • उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय कुराश चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। |
| ओजस्विनी सारस्वत (जयपुर)<br> | • आईजीयू पुणे महिला एवं जूनियर गर्ल्स गोल्फ चैंपियनशिप में अपना 12वां राष्ट्रीय खिताब जीता।<br>• उन्होंने राजस्थान और रामबाग गोल्फ क्लब का प्रतिनिधित्व किया।<br>• उनका अंतिम स्कोर 216 रहा।<br>• वे महिला ए और बी संयुक्त रैंकिंग में उपविजेता रहीं।<br>• उन्होंने ए और बी संयुक्त श्रेणियों में दूसरा स्थान भी हासिल किया। |
| मानव सुथार, क्रिकेटर<br>(श्रीगंगानगर)<br>बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज<br>आईपीएलः गुजरात टाइटंस. | • आगामी अफगानिस्तान टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम में चुना गया है।<br>• भारत–अफगानिस्तान टेस्ट सीरीज 6 जून 2026 को मुलांपुर में शुरू होगी।<br>• **वे 12 साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में चुने जाने वाले पहले राजस्थानी खिलाड़ी बने हैं।**<br>• इससे पहले भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले राजस्थानी क्रिकेटरः<br>▪ सलीम दुरानी (1959–73), हनुमंत सिंह (1963–70)<br>▪ पार्थसारथी शर्मा (1974–77), पंकज सिंह (2014–15) |
| अरशान खान, बॉडीबिल्डर<br>(जोधपुर) | • असम के गुवाहाटी में आयोजित 37वीं "मिस्टर सरायघाट" राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के अरशान खान ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस का खिताब जीता।<br>• आयोजकः इंडियन बॉडीबिल्डर्स फेडरेशन (IBBF)।<br>• इस प्रतियोगिता में राजस्थान के एक अन्य बॉडीबिल्डर प्रवीण कुमार ने छठा स्थान प्राप्त किया। |

| | |
|---|---|
| अरुंधति चौधरी, बॉक्सर (कोटा)  | • 22 जुलाई से 4 अगस्त तक ग्लासगो में आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है।<br>• वह मुक्केबाजी में महिलाओं के 70 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।<br>• **वह राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली राजस्थान की पहली मुक्केबाज हैं।**<br>• अप्रैल 2026 में आयोजित **एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप** में स्वर्ण पदक जीतकर यह स्थान हासिल किया। |
| लेमेट तांगवाह (मणिपुर) | • राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब के लेमेट तंगवाह का चयन भारतीय अंडर–20 कैंप के लिए हुआ है।<br>• वे इससे पहले अंडर–17 राष्ट्रीय टीम और भारतीय अंडर–20 राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रह चुके हैं। |
| राजश्री करणोत (बालोतरा):<br><br>सुखमन सिंह (जयपुर)<br>(मूक–बधिर) | • करणोत ने 10 मीटर एयर राइफल (सीनियर महिला वर्ग) में 395/400 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता और राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।<br>• सुखमन सिंह ने **राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप** में 10 मीटर एयर पिस्टल (बधिर) स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया।<br>• क्वालीफाइंग टूर्नामेंटः उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित 0135 इंडिया ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने यह चयन हासिल किया। |
| ट्यूलिप ओझा (जयपुर) और मंजीत चौधरी (अलवर) | • मंगोलिया के उलानबटार में होने वाली आगामी सीनियर एशियाई ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है।<br>  ▪ ट्यूलिप ओझा – अंडर 46 भार वर्ग।<br>  ▪ मनजीत चौधरी – अंडर 87 भार वर्ग। |
| मानवी कुमार (जयपुर) | • जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय गोजू–रियू कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता।<br>• यह चैंपियनशिप राजस्थान कराटे एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी। |
| रजत कुमार सैनी (आमेर, जयपुर) | • हाल ही में उन्हें IKF बीच कॉर्फबॉल विश्व कप (एशिया) 2026 के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है।<br>• IKF बीच कॉर्फबॉल विश्व कप (एशिया) 2026 का आयोजन 2–3 मई को बैंकॉक, थाईलैंड में हुआ था।<br>• विजेताः 1. हंगरी 2. चीनी ताइपे 5. भारत। |
| धृति शर्मा<br>(जयपुर) | • NTPC खेलो इंडिया महिला राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट 2026 में कांस्य पदक जीता।<br>• उन्होंने झारखंड की खुर्शी कुमारी को हराकर यह पदक हासिल किया। |
| पवन कुमावत<br>(जयपुर) | • भीलवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में उन्होंने 76 भार वर्ग (इन्क्लाइन बेंच प्रेस) में 110 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता।<br>• इससे छत्तीसगढ़ में होने वाली आगामी पश्चिम जोन चैंपियनशिप (19–21 जून) के लिए उनका चयन सुनिश्चित हो गया है। |
| इनाया खान (जयपुर) | • इन्होंने घाना का प्रतिनिधित्व करते हुए जूनियर 'बिल्डिंग ब्रिजेस' रोबोटिक्स श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त करके अमेरिका के मिशिगन में आयोजित 2026 रोबोफेस्ट विश्व चैंपियनशिप जीती।<br>• वह जयपुर के महिला सशक्तिकरण और बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान की ब्रांड एंबेसडर हैं। |

| | |
|---|---|
| अंशू जैन (जयपुर) | • BCCI के उत्कृष्टता केंद्र द्वारा उन्हें सिक्किम के रंगपो में आयोजित होने वाले **अंडर–19 एलीट बॉयज कैंप के लिए मुख्य कोच** और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है।<br>• वे वर्तमान में राजस्थान रणजी टीम के मुख्य कोच हैं। |
| मंजू चौधरी<br>(खोखसर, बालोतरा) | • उन्होंने उत्तराखंड के रुद्रपुर में आयोजित खेलो इंडिया महिला लीग राष्ट्रीय साइकिलिंग चैंपियनशिप में 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीता। |
| आशीष बड़गोती (जयपुर) | • 17 मई, 2026 को आयरनमैन 70.3 चैंपियनशिप (शंघाई, चीन) ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसमें मैंने 6 घंटे और 39 मिनट का समय लिया।<br>• ट्रायथलॉन में 1.9 किलोमीटर तैराकी, 90 किलोमीटर साइकिलिंग और 21.1 किलोमीटर दौड़ (हाफ मैराथन) शामिल थी। |
| ऋषभ डागा | • 18 वर्षीय ऋषभ डागा राजस्थान के सबसे कम उम्र के 'आयरनमैन' बन गए हैं।<br>• आयरनमैन वियतनाम प्रतियोगिता वियतनाम के दा नांग में आयोजित की गई थी।<br>• उन्होंने 13 घंटे, 46 मिनट और 2 सेकंड में यह चुनौती पूरी की। |

# 06 महत्त्वपूर्ण–दिवस

| दिनांक | दिन/कार्यक्रम | विषय/विवरण |
|---|---|---|
| 1 मई | अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस | ♦ **विषयः** "स्वस्थ मनोसामाजिक कार्य वातावरण सुनिश्चित करना।" **("Ensuring a Healthy Psychosocial Working Environment.")**<br>♦ **आईसीएआर** (केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान) ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस 2026 को **श्रमिक सम्मान दिवस** के रूप में मनाया। |
| 2 मई | विश्व टूना दिवस | ♦ **विषयः** सस्टेनिंग टूना, सस्टेनिंग नेशन्स **(Sustaining Tuna, Sustaining Nations)**<br>♦ भारत में टूना मछली को स्थानीय रूप से **सोराई, केराई या चूरा** के नाम से जाना जाता है। |
| 3 मई | विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस | ♦ **विषयः** "शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माणः मानवाधिकार, विकास और सुरक्षा के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बढ़ावा देना।"<br>♦ विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक – 2026<br>♦ भारत – 157/180 |
| | अंतर्राष्ट्रीय सूर्य दिवस | ♦ नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा **"रन फॉर सन"** मैराथन। |
| 4 मई | अंतर्राष्ट्रीय अग्निशामक दिवस | ♦ **साउंड ऑफ रिचुअलः** मई के पहले रविवार को दोपहर में |
| | राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह (4–10 मई) | ♦ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा<br>♦ **विषयः** राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह (4–10 मई 2026)<br>♦ **सुरक्षा सप्ताह का विषयः** "सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाजः अग्नि निवारण के लिए एकजुट"<br>♦ **संकल्प विषयः** 'स्वास्थ्य सुविधा अग्नि सुरक्षा' |
| 5 मई | विश्व अस्थमा दिवस | ♦ **विषयः** "अस्थमा से पीड़ित सभी लोगों के लिए सूजनरोधी इनहेलर की उपलब्धता–अभी भी एक अत्यावश्यक आवश्यकता।" |
| 8 मई | विश्व रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट दिवस | ♦ **विषयः** "मानवता में एकता" |
| | अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस | ♦ **विषयः** ''हिडन नो मोरः फाइंडिंग द अनडायग्नोस्ड, सपोर्टिंग द अनसीन''। |
| 11 मई | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस | ♦ **विषयः** "समावेशी विकास के लिए जिम्मेदार नवाचार"<br>♦ ऐतिहासिक 1998 पोखरण–II परमाणु परीक्षणों की 28वीं वर्षगांठ। |
| 12 मई | अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस | ♦ **विषयः** "हमारी नर्सें। हमारा भविष्य।" सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं। |
| 15 मई | अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस | ♦ **विषयः** "परिवार, असमानताएँ और बाल कल्याण" |
| | लुप्तप्राय प्रजाति दिवस | ♦ **विषयः** 'सेलिब्रेटिंग अमेरिकाज वाइल्डलाइफ कमबैक स्टोरीज। चौम्पियनिंग द एंडेंजर्ड स्पीशीज एक्ट।'<br>♦ प्रतिवर्ष मई के तीसरे शुक्रवार को मनाया जाता है।<br>♦ यह दिन 2006 से शुरू हुआ |

| | | |
|---|---|---|
| 16 मई | राष्ट्रीय डेंगू दिवस | ♦ **विषयः** "डेंगू नियंत्रण के लिए सामुदायिक भागीदारीः जाँच करें, साफ करें और ढकें" |
| 17 मई | विश्व उच्च रक्तचाप दिवस | ♦ **विषयः** "उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें: नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जाँच करें, इस मूक हत्यारे को हराएँ" |
| | विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस | ♦ **विषयः** "डिजिटल जीवन रेखाएँ: एक जुड़े हुए विश्व में लचीलेपन को मजबूत करना" |
| 18 मई | अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2026 | ♦ **विषयः** "संग्रहालय एक विभाजित दुनिया को एकजुट करते हैं" **("Museums Uniting a Divided World.")** |
| 20 मई | विश्व मेट्रोलॉजी दिवस 2026 | ♦ **विषयः** मेट्रोलॉजीः बिल्डिंग ट्रस्ट इन पॉलिसी मेकिंग' |
| | अंतर्राष्ट्रीय क्लिनिकल ट्रायल दिवस | ♦ विषयः 'स्ट्रॉन्गर टुगेदरः एडवांस्ड थेरेपी क्लिनिकल ट्रायल्स विदाउट बॉर्डर्स'<br>♦ **ICMR** की पहली वार्षिक क्लिनिकल ट्रायल बैठक 20 मई, 2026 को आयोजित की गई थी।<br>♦ **ICMR** सम्मेलन का राष्ट्रीय विषयः अंतर्राष्ट्रीय नैदानिक परीक्षण दिवसः एकीकृत चिकित्सा नैदानिक परीक्षणों पर फोकस |
| 21 मई | अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस | ♦ **विषयः** सस्टेनिंग टी, सपोर्टिंग कम्युनिटीज। |
| | राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस | ♦ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की स्मृति में मनाया जाता है |
| | गोडावन दिवस | ♦ राजस्थान ने 21 मईको अपना पहला गोदावन दिवस (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड दिवस) मनाया। |
| 22 मई | अंतर्राष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस | ♦ **विषयः** वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना। (Acting Locally for Global Impact) |
| 24 मई | राष्ट्रमंडल दिवस | ♦ **विषयः** समृद्ध राष्ट्रमंडल के लिए मिलकर अवसरों को खोलना। ('Unlocking opportunities together for a prosperous Commonwealth.') |
| 31 मई | विश्व तंबाकू निषेध दिवस | ♦ **विषयः** अनमास्किंग द अपील–काउंटरिंग निकोटीन एंड टोबैको एडिक्शन) (Unmasking the Appeal – Countering Nicotine and Tobacco Addiction.)<br>♦ तंबाकू–मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ToFEI) पायलट प्रोजेक्ट परीक्षण स्थल राजस्थान, मेघालय और महाराष्ट्र |

# 07 महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें

## सैन्य एवं आंतरिक सुरक्षा

- **एक सैनिक की डायरी (1943–71):** यह माननीय कैप्टन मोहर सिंह बैंसला की प्रामाणिक डायरी है, जिसे **सुनीता बैंसला** ने संपादित और प्रकाशित किया है। यह महत्वपूर्ण दशकों के दौरान भारतीय सैन्य जीवन का प्रत्यक्ष विवरण प्रस्तुत करती है।
- **नक्सल टेरर वैंक्विश्ड: द लॉन्ग वॉर अगेंस्ट माओइज्म, एंड द डॉक्ट्रिन दैट एंडेड इट**
  - **लेखक:** तुहिन ए. सिन्हा (प्रमुख भारतीय लेखक और भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता)
  - यह पुस्तक भारत में वामपंथी उग्रवाद **(LWE)** की ऐतिहासिक गिरावट का दस्तावेजीकरण करती है, जो 1967 के नक्सलबाड़ी विद्रोह की शुरुआत से लेकर 2026 तक **'रेड कॉरिडोर'** तीव्र गति से उन्मूलन तक के संघर्ष को दर्शाती है।
- **सागर से अंतरिक्ष तक: भारत की रक्षा क्रांति**
  - **लेखक:** योगेश कुमार गोयल (वरिष्ठ पत्रकार और लेखक)
  - **मुख्य विषय:** यह समुद्री सुरक्षा (नौसेना) से लेकर अत्याधुनिक एयरोस्पेस और मिसाइल प्रौद्योगिकियों तक, भारत के रणनीतिक विकास के सभी आयामों को समाहित करती है।
- **ऑपरेशन सिंदूर पर स्मारक पुस्तक**
  - **संकलन:** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान के मार्गदर्शन में तैयार इस संस्करण में 100 सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों/संस्मरणों को संजोया गया है।

## कानूनी एवं न्यायिक

- **द बेंच, द बार, एंड द बिजार (The Bench, the Bar, and the Bizarre)**
- **द लॉफुल एंड द आउफुल (The Lawful and the Awful)**
  - सॉलिसिटर जनरल **तुषार मेहता** की ये **दो पुस्तकें** कानूनी दुनिया की एक अनूठी झलक पेश करती हैं।

## राजनीतिक

- **अपनापन:** केंद्रीय मंत्री श्री **शिवराज सिंह चौहान** द्वारा लिखित यह पुस्तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके 35 वर्षों के सफर का गहन विश्लेषण प्रस्तुत करती है।
- **द्रविड़ राजनीति: पेरियार से जयललिता तक,**
  - **लेखक:** प्रवीण कुमार झा।
  - यह पुस्तक द्रविड़ कजगम के उदय, द्रविड़ मुन्नेत्र कजगम (डीएमके) के गठन, तमिल ईलम मुद्दे और उत्तर–दक्षिण ध्रुवीकरण जैसे जटिल विषयों को सरल हिंदी भाषा में समझाती है।

## शिक्षा

- **द लाइब्रेरी मैन ऑफ इंडिया: द स्टोरी ऑफ पी.एन. पणिक्कर:**
  - **लेखक:** श्री पी.पी. सत्यन
  - **"केरल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के जनक"** जिन्होंने केरल में पुस्तकालय और साक्षरता आंदोलन की शुरुआत की।
  - 19 जून (**पी.एन. पणिक्कर की पुण्यतिथि**) को राष्ट्रीय पठन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## खेल

- **'इन्डियाज फर्स्ट ओलिंपिक गोल्ड'**
  - **लेखक:** के. अरुमुगम (प्रसिद्ध हॉकी इतिहासकार)
  - **मुख्य विषय:** यह पुस्तक 1928 में भारतीय हॉकी टीम के चयन के विवादों, वित्तीय संकटों और उस समय हॉकी बिरादरी के आंतरिक मतभेदों से लेकर, 26 मई को एम्स्टर्डम में मेजबान देश के खिलाफ मिली अंतिम ऐतिहासिक जीत तक के सफर को दर्शाती है।

## विविध

- **ऑल टाइम फेवरेट फ्रेंडशिप स्टोरीज**
  - **लेखक:** रस्किन बॉन्ड
- **द ओपनिंग एक्ट:** यह कविता संग्रह जयपुर की 14 वर्षीय **कियारा ग्वाला** की पहली पुस्तक है।